आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 328, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया 16

वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा 15


## एक नजर

### सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव प.बंगाल में मिला

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एक नहर से बरामद हुआ है। वह नौ दिन से लापता थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पौड्याल (80) का शव मंगलवार को फुलबाड़ी में तीस्ता नहर में पाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शव तीस्ता नदी से बहकर आया है। शव की पहचान घड़ी और कपड़ों से की गई। पूर्व मंत्री सात जुलाई को पाकयोंग जिले के छोटा सिंगतम से लापता हो गए थे।

### रखरखाव को डेढ़ साल बंद रहेगा तेजपुर हवाई अड्डा

**तेजपुर।** असम के तेजपुर हवाई अड्डे पर रखरखाव कार्यों के लिए अक्टूबर से डेढ़ साल के लिए उड़ान सेवाएं बंद रहेंगी। तेजपुर हवाई अड्डे के निदेशक जी शिवा कुमार ने कहा कि यात्री उड़ानें एक अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक बंद रहेंगी। ऐसा टर्मिनल पर सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हवाई पट्टी के पुनर्निर्माण व अन्य परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट के वकील ने की आत्महत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने कथित तौर पर मानसिक तनाव की वजह से अपने घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में हुई। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने मंगलवार रात अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### रिजिजू ने अमरनाथ यात्रा व्यवस्था का जायजा लिया

**श्रीनगर।** केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में बालटाल आधार शिविर का दौरा किया और अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रिजिजू सुबह बालटाल आधार शिविर पहुंचे और यात्रा के सबसे छोटे मार्ग से तीर्थयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

## हाईटेंशन तार से ताजिया छूने से 4 की मौत, 9 झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- गोंडा-संत कबीरनगर-प्रतापगढ़ में हुआ हादसा, एक लखनऊ रेफर

**अमृत विचार :** गोंडा, प्रतापगढ़ व संत कबीरनगर जिले में मोहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया के हाईटेंशन तार से छूने पर चार लोगों की मौत हो गई, 9 से ज्यादा लोग झुलसे हैं। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के भाटपार रेलवे क्रासिंग पर हाईटेंशन तार छूने से जुलूस में शामिल मो. इलियास (24) की मौत हो गई। अब्दुल (28) व राम सुभग (55) झुलस गए। गोंडा के उमरी बेगमगंज क्षेत्र के पकवान गांव में ताजिया हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अशरफ अली (14) की मौत हो गई जबकि इटियाथोक थाना क्षेत्र में सात लोग झुलस गए। इसमें से पांच को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया, जिसमें एक को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जुलूस का वीडियो बना रहे महारानीगंज घोसियाना निवासी नूर आलम (30) की करंट से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के कुंडा में बाबूगंज मियां का पुरवा के ताजिया का झंडा हाइटेंशन तार में छू गया जिससे वासिफ अंसारी (32) की भी मौत हो गई। सभी मौतों की वजह ताजिए की ऊंचाई ज्यादा होना बताई गई।

## विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी, कहा- सप्ताह में दो बार प्रभार क्षेत्र में रात्रि विश्राम करें

**अमृत विचार :** प्रदेश के मंत्री विधानसभा की खाली हुई 10 सीटों के होने वाले उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे। वे अपने प्रभार वाले क्षेत्र में सप्ताह में दो बार रात्रि विश्राम करेंगे। बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत करने व पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम करेंगे। बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों से उनके क्षेत्रों का हाल जाना और लोकसभा चुनावों में हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में 'अति आत्मविश्वास' के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। इससे सबक लेते हुए कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप चुनाव की समाप्ति तक प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले क्षेत्र में रहेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से सभी प्रभारी मंत्रियों को कार्यकर्ताओं से बात करने व बूथ मजबूत करने का निर्देश दिया। विधानसभा सीटों के उप चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण है। भाजपा को इंडी गठबंधन में शामिल दलों सपा व कांग्रेस के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले से मुकाबला करना है। पार्टी का मानना है कि इसी फार्मूले के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। पिछले दिनों भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्रियों व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हार के इन कारणों की ओर ध्यान आकर्षित किया था।



बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मंत्रियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

# सबका साथ, सबका विकास की अब जरूरत नहीं, बंद करो मोर्चा

## शुभेंदु बोले- हम उनके साथ जो हमारे साथ, अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने हालिया लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय से कम समर्थन मिलने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने हम उनके साथ जो हमारे साथ का प्रस्ताव दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तारित सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का पूरा समर्थन करते हैं।

अधिकारी ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी मुस्लिमों की भी बात की है। हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' की बात किया करते हैं, लेकिन आगे से अब मैं यह नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि इसके बजाय यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए... अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। साल 2014 में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था और 2019 में एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को शांत करने के बहाने तलाश रही है।



- विवाद बढ़ने पर कहा-उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया

### अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के विभाजन में यकीन नहीं

अपनी टिप्पणियों से विवाद उत्पन्न हो जाने पर अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक आधार पर लोगों के बीच विभाजन करने में यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग राष्ट्रवादी हैं, वे इस देश और पश्चिम बंगाल के लिए खड़े हैं, हमें उनके साथ होना चाहिए। जो लोग हमारे साथ नहीं खड़े हैं, जो देश और पश्चिम बंगाल के हित के खिलाफ काम करते हैं, हमें उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।

### तृणमूल कांग्रेस के चलते पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं

अधिकारी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के जिहादी गुंडों ने हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। तृणमूल के जिहादी गुंडे ऐसा नहीं होने देंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव राज्य में अशांत क्षेत्र अधिनियम लागू कर ही संभव है। हम राष्ट्रपति शासन लागू कर पिछले दरवाजे से राज्य में सत्ता हथियाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश से चुनाव जीतने पर ही हम सत्ता में आएंगे। लेकिन उसके लिए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना होगा।

## प्रदेश मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में बदलाव की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा व पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद की चर्चा के बीच संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश के मंत्रिमंडल व भाजपा संगठन में बदलाव हो सकता है। इस बीच, बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोबारा मुलाकात की। प्रदेश के नेताओं के पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे राजनीतिक रूप से राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस सिलसिले में चौधरी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। मालूम हो कि प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के घटनाक्रम की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बीते दिन जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।




- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

### भाजपा नेतृत्व ने दी उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन की सलाह

पार्टी सूत्रों का कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों नेताओं को विधान सभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करने व पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की सलाह दी है। नेताओं से कहा गया है कि अभी पार्टी नेतृत्व की शीर्ष प्राथमिकता में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव हैं। इसमें पार्टी को अच्छा प्रदर्शन करना ही है।

### केशव प्रसाद मौर्य ने फिर की जेपी नड्डा से मुलाकात

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के अगले ही दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को फिर पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। चर्चा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात व पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के बाद मौर्य ने 'संगठन सरकार से बड़ा है' वाला बयान दोहराया। मौर्य के कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द उनका दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव हैं। लेकिन, कुछ देर बाद ही इस पोस्ट को हटा लिया गया।




## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 12 नक्सली मार गिराए

गढ़चिरौली, एजेंसी

- छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल
- एके-47, इंसास राइफल सहित स्वचालित हथियार मिले

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडो की नक्सलियों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में भारी गोलीबारी हुई और यह मुठभेड़ करीब छह घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने 12 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इसके अलावा तीन एके47, दो इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार, कार्बाइन और एसएलआर जब्त हुए। नीलोत्पल ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' (डीवीसीएम) लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है जो प्रतिबंधित संगठन में तिपगाड दलाम का प्रभारी था।

नीलोत्पल ने बताया कि महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## हरियाणा में सरकारी नौकरी में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण, उम्र में भी छूट

चंडीगढ़, एजेंसी

- पुलिस कांस्टेबल, वन रक्षक, जेल वार्डन भर्ती के लिए की घोषणा
- व्यवसाय शुरू करने को मिलेगा 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण

विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हरियाणा की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वन रक्षकों और जेल वार्डन की भर्ती के साथ-साथ अन्य पदों पर अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि कोई अग्निवीर अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएगी। सैनी ने यहां कहा कि राज्य सरकार द्वारा कांस्टेबल, खनन रक्षक, वन रक्षक, जेल वार्डन और विशेष पुलिस अधिकारी के पदों पर की जाने वाली सीधी भर्ती में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप सी और डी के पदों पर भी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। सैनी ने कहा कि हालांकि अग्निवीर के पहले बैच के लिए यह छूट पांच वर्ष होगी। उन्होंने अग्निवीर को रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भी रियायतों की घोषणा की। सैनी ने कहा कि अगर कोई औद्योगिक इकाई अग्निवीर को 30 हजार रुपये प्रति माह से अधिक वेतन पर नियुक्त करती है, तो हमारी सरकार उस इकाई को 60 हजार रुपये की वार्षिक सब्सिडी देगी। अग्निवीर को प्राथमिकता के आधार पर हथियार लाइसेंस दिए जाएंगे।

केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जून 2022 में सशस्त्र बलों में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को विपक्षी दलों सहित कई धड़ों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। हाल में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को रद कर कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

## गौरी लंकेश हत्या मामले में 3 आरोपियों की जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी ने मंगलवार को अमित दिगवेकर, एचएल सुरेश और केटी नवीन कुमार को जमानत दे दी। मुकदमे की सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए तीनों ने जमानत देने का अनुरोध किया था। पिछले साल दिसंबर में अदालत ने एक अन्य आरोपी एन. मोहन नायक को जमानत दे दी थी। हिंदुत्व समूहों की कटु आलोचक माने जाने वाली गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के देसा वन क्षेत्र में मंगलवार की रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने कल रात सुरक्षा बलों के तलाश अभियान दल पर गोलीबारी की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने देसा वन क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान कलान भाटा क्षेत्र के गांव के बाहर और पंचन भाटा के पास एक संदिग्ध गतिविधि को देखने पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना के सुयंक्त बल ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा इलाके में भी तलाश अभियान शुरू किया है। इससे पहले डोडा में सोमवार की रात आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।



- तलाशी अभियान के दौरान देसा वन क्षेत्र में मुठभेड़

## कन्नड़ भाषियों को सौ प्रतिशत आरक्षण देने से पलटे सिद्धारमैया

बेंगलुरु, एजेंसी

- सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपनी पोस्ट हटाई
- निजी क्षेत्र में सौ प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ भाषियों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट को हटा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट कर बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संस्थानों के प्रशासनिक पदों में 50 प्रतिशत और गैर प्रशासनिक पदों में 75 प्रतिशत आरक्षण कन्नड़ भाषियों को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार की इच्छा है कि कन्नड भाषियों को अपनी मातृभूमि में सुगम जीवन जीने का अवसर दिया जाए। हम कन्नड हितैषी सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड भाषियों का कल्याण है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा था कि मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में राज्य के सभी निजी उद्योगों में 'सी' और 'डी' श्रेणी की नौकरियों को शत प्रतिशत कन्नड भाषियों के लिए आरक्षित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। सिद्धारमैया के करीबी सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने अपने संदेश में सुधार किया है। प्रस्तावित विधेयक में कभी शत-प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसलिए, उन्होंने पूर्व के संदेश को हटा दिया और नए संदेश में गलती सुधारी।



## केजरीवाल की जमानत पर 29 को निर्णय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

**नई व्यवस्था** — उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में किया गया बदलाव

## आश्रित कम पढ़ा लिखा तो ऊर्जा निगमों में नौकरी नहीं

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिक की मृत्यु होने पर यदि आश्रित कम पढ़ा लिखा हुआ तो उसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं मिल सकेगी। कारण यह कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अनुकंपा नियुक्ति नियमावली में आंशिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। मध्य उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने कम पढ़े लिखे आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पर नियुक्ति न देने का फैसला ले लिया है और इस सिलसिले में आदेश भी जारी हो गए हैं।

इस सिलसिले में उत्पादन निगम के उप महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध देवेश कुमार विश्वकर्मा की ओर से बीती 16 जुलाई को आदेश जारी किया गया। आदेश में निदेशक मंडल की ओर से निर्णय लिये जाने का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 यथा संशोधित में मृतक के आश्रित को चतुर्थ श्रेणी, टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय विद्युत, यांत्रिक व इंस्ट्रूमेंटेशन या कार्यालय सहायक तृतीय और महिला आश्रित को चपरासी पद पर सेवायोजित करने का प्रावधान है।किंतु अब इसमें निदेशक मंडल की ओर से आंशिक परिवर्तन किया गया है। कहा गया है कि अब आश्रित की नियुक्ति केवल टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय या कार्यालय सहायक तृतीय के पदों पर की जाएगी। यदि मृतक आश्रित इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता नहीं रखता है तो आश्रित को कार्मिक की मृत्यु के पांच वर्ष के अंदर आवश्यक शैक्षिक अर्हता को पूरा करना होगा, तभी नियुक्ति दी जाएगी।

### नियुक्ति के पहले लेनी होगी निदेशक से अनुमति

उत्पादन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मृतक आश्रित का सेवायोजन सक्षम अधिकारी करेंगे, लेकिन उन्हें निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन की पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए बदलाव की तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

# विकसित कानपुर के लिए जनता पोस्टकार्ड से दे सुझावः सांसद

## सांसद रमेश अवस्थी ने की प्रेसवार्ता, विकास के लिए गिनाईं अपनी प्राथमिकताएं

- यातायात, पर्यटन, मंदिरों का सुंदरीकरण, बंद मिलों को चालू करने का वादा
- प्रस्तावित कार्यों को पांच साल में खत्म करने का आश्वासन, बस्तियों में जनसेवा चौपाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विकसित कानपुर कैसा हो इसको लेकर शहर की जनता भी पोस्टकार्ड, ई-मेल के जरिये सुझाव दे सकेगी। बुधवार को कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने यह घोषणा करते हुये कहा कि अधिकारियों और कुछ चुनिंदा लोगों के सुझाव के आधार पर शहर का विकास संभव नहीं है। असली समस्याएं और उसके निदान तो शहर की जनता बताएगी। उसी के आधार पर कार्य तय होगा।

सांसद रमेश अवस्थी ने प्रेसवार्ता कर कहा कि कानपुर 2047 विजन तैयार हुआ है। अधिकारियों ने 10 हजार लोगों का सुझाव लिया है, लेकिन इससे काम नहीं चलेगा। मैं जनता से, पत्रकारों से सबसे सुझाव मांग रहा हूं। कोई भी मुझ तक पोस्टकार्ड, ई-मेल के जरिये विकास की परिकल्पना पहुंचा सकेगा। असली बात जनता से ही पता चलेगी कि वह क्या



सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

चाहती है। जनता के सुझावों को गंभीरता से लेकर अफसरों से बात की जाएगी। यह व्यवस्था जल्द शुरू की जाएगी। विनायकपुर में डीएनजी ग्रांड होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि शहर का यातायात ठीक हो, पर्यटन को बढ़ावा देना, पौराणिक मंदिरों का सुंदरीकरण, बंद मिलों को चालू करने संबंधी काम उनकी प्राथमिकता में हैं। अराजक यातायात शहर की सबसे बड़ी समस्या है। इसे प्राथमिकता के आधार पर सुधारना है। जाम में फंसकर रोज हजारों लोग परेशान होते हैं, ये ठीक नहीं है। उन्होंने कहा सबसे बड़ी समस्या यातायात है, इसके लिए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक को मंजूरी मिल गई है। प्राथमिकता से कानपुर को जाम मुक्त करना है। अनवरगंज मंधना रेलवे ट्रैक का काम पूरा करना है। यह काम तीन साल में पूरा हो जायेगा। हमने रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने कहाकि शहर में जो भी पूर्व से प्रस्तावित विकास कार्य हैं वह इसी पांच साल के कार्यकाल में पूरा करेंगे। निर्धन वर्ग की बस्तियों के विकास के लिये जन सेवा चौपाल कार्यक्रम होगा।

अवस्थी ने कहाकि हमने जो जीतने से पहले संकल्प लिया था उसे अब पूरा करना है। सेंट्रल स्टेशन का सुदंरीकरण होगा। झकरकटी के पास अतिक्रमण खत्म होगा। रेलवे स्टेशन नंबर एक के पास खराब सड़क को प्राथमिकता के आधार पर बनाएंगे। मालरोड से लेकर कैंट की तरफ से स्टेशन पहुंचने वाला रास्ता साफ होगा। सांसद ने कहा कि ग्रीनपार्क हमारी धरोहर है। जो भी कानपुर के विकास में सहयोग देगा हम उससे जाकर मिलेंगे। पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी भी मौजूद रहे।

### गठबंधन के झूठ को मतदाताओं ने किया बेनकाब

रमेश अवस्थी ने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा पूरे देश में जनता को गुमराह करने के लिए भ्रम फैलाया गया कि संविधान खतरे में है। भाजपा आई तो आरक्षण खत्म कर देगी। हर महिला के खाते में 8500 रुपया हर माह आ जायेगा आदि अनेक झूठ फैलाकर चुनावी लड़ा। इसकी वजह से हमें नुकसान उठाना पड़ा। जहां हम जीतने की स्थिति में थे वहां हमारे मतदाता इनके झूठ में फंस गए। कानपुर में भी झूठे नेरेटिव फैलाए गए।

### ऐसा कोई पर्यटन स्थल नहीं जहां पर्यटक रुकें

कानपुर में पर्यटन का बहुत बड़ा स्कोप है लेकिन कोई बाहरी व्यक्ति रुकना नहीं चाहता है। जेके मंदिर, बिठूर में ऐसा कुछ नहीं है जिससे लोग बहुत प्रभावित हो सकें। पर्यटन बहुत बड़ा डिपार्टमेंट है। बिठूर का महत्व हम बहुत हाईलाइट नहीं कर पाए इसको और हाईलाइट किया जायेगा। जिला जेल को शिफ्ट किया जायेगा। कानपुर के मंदिरों का सुन्दरीकारण अगली प्राथमिकता है। पनकी मंदिर में ट्रस्ट बनाकर जीर्णोद्वार होगा। एक प्रतिनिधि मण्डल सीएम योगी को विकास के लिए रोड मैप देगा। उन्होंने कहा कि सीएम ने कानपुर में आकर यहां चर्चा करने का वादा किया है।

### आईआईटी का छात्र शहर में रुके, यह जरूरी

सांसद ने कहाकि कानपुर के जो प्रतिभाशाली बच्चे हैं वह आईआईटी से पढ़ाई कर बाहर चले जाते हैं। उनका लाभ हमें नहीं मिल पाता है। बच्चे कानपुर में रुकें इसके लिए विकसित कानपुर के मॉडल में आईआईटी हब बनाने की तैयारी की जाएगी। जिससे आईआईटी में पढ़ने वाले छात्र यहां रुक सकें।

# भाई रेप केस में पकड़ा गया, कहकर ठगे रुपये

- पनकी थानाक्षेत्र का मामला रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर ठग ने एक परिवार में कॉल की और युवती से बोला कि उसका भाई रेप केस में पकड़ गया है। छुड़ाने के लिए सवा लाख रुपये रकम देनी होगी। परिजन घबरा गए और बताए खाते में रकम डाल दी। रकम मिलते ही ठग ने फोन स्विच ऑफ कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पनकी के सुंदर नगर निवासिनी आकांक्षा अवस्थी ने पुलिस को बताया कि 22 मई 2024 को दोपहर 12.59 पर उसके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि दिल्ली में उसका भाई रेप केस में पकड़ा गया है, जिसे छुड़ाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये देने होंगे। घबराकर पिता ने अपने अकाउंट से पहले 50 हजार रुपये दिए। दूसरे खाते से 15 हजार और तीसरे से 70 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद त पिता ने बेटे से फोन कर घटना की जानकारी की तो उसे किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

साइबर अपराधी पीड़ितों के परिवारों से लाखों रुपये ऐंठ ले रहे हैं। दो दिन पूर्व अमृत विचार ने साइबर फ्रॉड डिजिटल अरेस्ट करें तो घबराएं नहीं, सूचना दें इस खबर को प्रकाशित किया था।

### सावधान रहें और फोन आने पर यह करें

- अगर पुलिस की फोटो लगे नंबर से कॉल आ रहा है तो बिल्कुल भी न उठाएं।
- पुलिस अगर फोन करती है तो सीयूजी नंबर या लैंडलाइन नंबर से सामान्य कॉल करती है। पुलिस कभी व्हाट्सएप कॉल, वीडियो कॉल नहीं करती, ये बात ध्यान रखें।
- अगर फोन उठा भी लिया तो घबराएं नहीं और अपने बारे में या और किसी के बारे में कोई भी जानकारी शेयर न करें। फोन को तुरंत काट दें।
- अगर आप के परिवार के लोगों को कोई भी घटना की जानकारी दे तो दूसरे से कंफर्म कर लें।

# अभिभावकों की गलती बताई तो देना होगा सबूत

- अभिभावक भी स्कूल से सबूत लेने के लिए होंगे हकदार

**कानपुर।** निजी स्कूलों की ओर से आरटीई प्रवेश के मामलों में यदि अभिभावकों के आवेदन में गलती बताई गई तो उन्हें सबूत भी देना होगा। निजी स्कूलों को जो भी प्रवेश एलॉट हुए हैं उन्हें करना ही होगा। वे अभिभावकों की ओर से दिए गए आवेदन का सत्यापन नहीं करा सकते हैं।

आरटीई की चार सूची जारी होने के बाद भी निजी स्कूल प्रवेश पर मनमानी कर रहे हैं। वे आवेदनों में गलती बताकर अभिभावकों को दौड़ा रहे हैं। खासतौर पर नामचीन स्कूल आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का प्रवेश न लेने के लिए बहानेबाजी कर रहे हैं। इन स्कूलों में सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल कैंट, वीरेंद्र स्वरूप समूह, एनएलके समूह, जीडी गोयनका स्कूल व युनाइटेड पब्लिक स्कूल मुख्य रूप से शामिल हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि अब यदि निजी स्कूल आवेदन में गलतियां बताकर बच्चों के प्रवेश के लिए अभिभावकों को दौड़भाग कराएंगे तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 100 जोड़े हैं तो आशीर्वाद देने आएंगे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा विभिन्न समुदाय एवं धर्मों के रीति रिवाजों के अनुसार सामूहिक विवाह की योजाना एक बार फिर लाई गई है। जिसके लिए सामूहिक विवाह के योग्य वर वधू को पंजीकृत करने का आदेश दिया गया है।

समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री असीम अरुण ने 17 जुलाई को कानपुर समेत प्रदेश के सभी समाज कल्याण अधिकारी को पत्र लिखा है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा विभिन्न समुदाय एवं धर्मों के रीति-रिवाज के अनुसार पात्रता क्षेत्र में आने वाले जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया जाना है। इस योजना का उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता व सर्वधर्म सद्भाव को बढ़ावा देना है। यदि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 100 जोड़े हुए तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर-वधू को स्वयं आर्शीवाद देने के लिए आएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख आदि से स्वयं संपर्क कर इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ससम्मान आमंत्रित करें।

# स्कूलों को बच्चों तक ले जाना होगा

- भारत लोक शिक्षा परिषद् ने शुरू की एकल ऑन ह्वील-कंप्यूटर लैब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर बच्चे स्कूल नहीं जा सकते हैं तो स्कूलों को बच्चों तक ले जाना होगा। स्वामी विवेकानंद के इस ध्येय को पूरा करने के लिए भारत लोक शिक्षा परिषद ने जरूरतमंद छात्रों को लिए ई-रिक्शा लैब का शुभारंभ किया।

बुधवार को ई-रिक्शा में एकल ऑन ह्वील-कंप्यूटर लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह ने किया। संस्था के संरक्षक वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. एएस प्रसाद ने कहा कि यह ई-रिक्शा कानपुर नगर के बिठूर और गंगा कटरी के सरकारी स्कूलों में जाएगा। हम छात्रों को वहीं लैपटॉप देकर उनकी कक्षाओं में पढ़ाएंगे। यह कोर्स बेसिक कंप्यूटर कोर्स होगा। समाज सेविका आकांक्षा सिंह को कंप्यूटर बस की तुलना में कम बजट से ई-रिक्शा की अवधारणा पसंद आई। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए और अधिक एकल ऑन ह्वील चलाने का अनुरोध किया। सौम्या पांडेय, कमल कटारिया, सुरेन्द्र गुप्ता, ध्रुव रुइया , डॉ. प्रवीण कटियार ,अनुराधा वार्ष्णेय, देविका मुखर्जी, कीर्ति भूषण, सविता चावला, ममता अवस्थी मौजूद रहे।



एकल ऑन ह्वील–कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करते एडीजी जोन आलोक सिंह।

# दो छात्राएं संदिग्ध हालात में लापता

**कानपुर।** मंगलवार को नौबस्ता थानाक्षेत्र से दसवीं की दो छात्राएं संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नौबस्ता निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी दसवीं की छात्रा है। मंगलवार दोपहर दो बजे वह घर से कहीं चली गई। राजीव विहार निवासी उसकी सहेली भी लापता है। पिता के अनुसार पड़ोस में रहने वाला युवक रितिक बेटी पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था, वही बेटी को कहीं ले गया है। इस संबंध में नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर दोनों किशोरियों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई हैं।

# चोरी के वाहनों के साथ दो चोर और स्क्रैप कारोबारी गिरफ्तार

**गंदा धंधा**

- पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बरामद की चोरी की चार बाइकें
- जेल में मिलकर दो शातिरों ने बनाई थी गाड़ी चोरी करने की योजना
- दोनों आरोपी बाइक चोरी करने के बाद स्क्रैप व्यापारी को बेचते थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गाड़ियों की चोरी करने वाले दो चोरों को चकेरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की बाइकों को खरीदने वाले स्क्रैप कारोबारी को भी दबोच लिया। इसके बाद कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों को जेल भेज दिया। शातिरों के पास से चार बाइकें बरामद की गई हैं। जेल भेजे गए तीनों आरोपियों पर कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी स्क्रैप कारोबारी बाइकों को काटकर बेचता था और बजरिया थाने से गैंगस्टर का आरोपी है।

चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि 12 जुलाई को न्यू आजाद नगर निवासी अमित कुमार की बाइक चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से कोयला नगर चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार देर रात न्यू आजाद नगर निवासी वीरेन्द्र साहनी और चौबेपुर निवासी संजय गौतम को पकड़ा। उनकी बाइक चोरी की निकली। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह लोग बाइक चोरी करते हैं और उसे एक स्क्रैप कारोबारी को बेच देते थे। स्क्रैप कारोबारी बाइकों को काटकर स्क्रैप में बेच देता है। पूछताछ के बाद पुलिस ने जरीब चौकी से स्क्रैप व्यापारी बजरिया निवासी नजरे आजम उर्फ मानू को गिरफ्तार कर लिया।

वीरेंद्र पर लूट और संजय पर दुष्कर्म समेत कई मुकदमे



चकेरी पुलिस की गिरफ्त में चोर और कारोबारी। अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वीरेन्द्र और संजय दोनों शातिर अपराधी हैं। वीरेन्द्र पर लूट समेत अन्य धाराओं में व संजय पर दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। जेल में बंद होने के दौरान दोनों आरोपियों की जान पहचान हुई थी इस पर दोनों शातिरों ने जेल में ही बाइक चोरी करने की योजना बनाई थी। जेल से दोनों आरोपी कुछ महीने पहले ही बाहर आये थे और चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। स्क्रैप कारोबारी नजरे उर्फ मानू वजरिया थाने का गैंगस्टर का आरोपी है। वह चोरी की बाइकों को सस्ते दामों में खरीद कर उन्हें काटकर स्क्रैप में बेच देता था।

# कैंट में अतिक्रमण के खिलाफ 2 अगस्त से चलेगा अभियान

- सबसे पहले लाल डिग्गी में गरजेगा बुलडोजर
- शांति व्यवस्था बनाए रखने को जिलाधिकारी को पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छावनी क्षेत्र में अवैध कच्चा/पक्का निर्माण को हटाने के लिए छावनी परिषद के अधिकारियों ने कमर कस ली है। 2 अगस्त से अवैध कब्जों को खाली कराने के लिए बुलडोजर गरजेगा। सबसे पहले लाल डिग्गी में बुलडोजर गरजेगा।

रक्षा संपदा अधिकारी लखनऊ मंडल (आईडीईएस) प्रोमिला जायसवाल ने 16 जुलाई को जिलाधिकारी कानपुर नगर को पत्र लिखा है। इस्टेट आफीसर लखनऊ का कहना है कि पीपीई एक्ट 1971 के तहत रक्षा भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार आदेश जारी किए गए लेकिन उसके बाद भी अवैध कब्जेदार रक्षा की जमीन खाली करने को तैयार नहीं हैं। स्टेट आफीसर रक्षा संपदा के द्वारा 9, 11, 13 फरवरी 2024 और 2 अप्रैल 2024 को पत्र लिखा गया था जिसपर ये भरोसा दिलाया गया था कि अवैध कब्जेदार 15 दिनों के अंदर हर हाल में कब्जे खाली कर देंगे लेकिन उसके बाद भी कब्जे खाली नहीं किए गये।

रक्षा संपदा अधिकारी ने जिलाधिकारी कानपुर नगर, तहसीलदार कानपुर नगर, छावनी मुख्यालय कानपुर नगर, सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर छावनी, मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद कानपुर को पत्र लिखा है कि रक्षा मंत्रालय की संपत्ति जीआरएल सर्वे नंबर 544 (लाल डिग्गी) कैंट में 2 अगस्त को दोपहर 12 बजे अवैध कब्जेदारों को हटाया जाएगा। इसमें रक्षा संपत्ति खाली कराने, बेदखली कराने, ध्वस्तीकरण कराने की कार्रवाई होगी।

# 50 हजार रुपये और चेन लूटने की कोशिश

**कानपुर।** अनवरगंज थानाक्षेत्र के इफ्तिखाराबाद निवासी मोहम्मद शानू ने रुपये औरचेन लूटने के प्रयास का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मंगलवार रात गोविंद नगर में आर्य कन्या मार्केट स्थित दुकान से घर आया था। आरोप है, कि क्षेत्र के दो लोगों ने उसके पास रखे 50 हजार रुपये और चेन लूटने की कोशिश की। बचाव के लिए उसने विरोध किया तो आरोपियों ने सिर पर पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया। जिससे वह घायल हो गया। अनवरगंज थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हर्ष फायरिंग में गेस्ट हाउस मालिक समेत दो पर रिपोर्ट

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज के एक गेस्ट हाउस में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की जांच पूरी हो गई है। चमनगंज के उपनिरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने गोली चलाने वाले गेस्ट हाउस मालिक व उसके भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

कुछ दिन पूर्व गेस्ट हाउस में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि यह वीडियो चमनगंज स्थित शहनाई गेस्ट हाउस का है। उपनिरीक्षक जय सिंह के अनुसार यह गेस्ट हाउस जमशेद अनवर का है और हर्ष फायरिंग भी वही कर रहे थे। जांच में सामने आया है कि जमशेद के पास एक रिवाल्वर और एक डीबीबीएल गन है। शहर से बाहर होने के चलते पुलिस ने नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। उनके व भाई रूमी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। इनका यह कृत्य लाइसेंसी शस्त्र नियमावली का पूरी तरह से उल्लंघन है। डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह के अनुसार जल्द ही उसके असलहा निरस्त करने की संस्तुति की जाएगी।

**पड़ताल** हमीरपुर हाईवे पर नौबस्ता से लेकर घाटमपुर तक रोज हो रहे हादसे

# खूनी हाईवे पर ब्लैक स्पॉट चिह्नित करके सो गए सारे अफसर

- दो लेन हाईवे पर जा रही जानें, लोग घायल हो रहे
- अधिक ट्रैफिक लोड, संकरा हाईवे, डिवाइडर भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर हाईवे पर नौबस्ता से लेकर हमीरपुर तक का सफर बेहद खतरनाक है। इसकी सबसे बड़ी वजह हाईवे पर क्षमता से अधिक वाहनों का बोझ और बेलगाम यातायात है। जिसके कारण आए दिन हादसे होते हैं। पूर्व में कई बार यातायात पुलिस ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर चुकी है लेकिन सुधार कागजों पर ही हो रहे। वर्ष 2024 में दो थानाक्षेत्र बिधनू और सेन पश्चिम पारा को ही उदाहरण के तौर पर ले लिया जाए तो अब तक यहां सात महीने में 150 हादसे हुए जिसमें से 35 की मौत और 188 लोग घायल हो चुके हैं।

खूनी कहे जाने वाले कानपुर-सागर हाईवे पर क्षमता से दस गुना ज्यादा वाहनों का दबाव है। हाइवे पर पुलिस ने पूर्व में 26 जगहों को ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया था। वहां कुछ काम करने सड़क हादसों में कमी आने की बात कही थी लेकिन हुआ कुछ नहीं। हाईवे पर डिवाइडर का न होना भी आए दिन होने वाले हादसों की वजह बन रहा है। नौबस्ता से लेकर घाटमपुर तक के बीच में बिधनू, सजेती, साढ़ समेत अन्य थानाक्षेत्र पड़ते हैं।

### इन जगहों पर ब्लैक स्पॉट किये थे चिह्नित

नौबस्ता से लेकर यमुना पुल तक पुलिस ने 26 जगहों को स्पॉट चिह्नित किया था। समधि पुलिया, बिनगवां, मौरंग मंडी, रमईपुर, हरबसपुर, बिधनू नहर, शम्भुहा, कठेरुआ, धरमपुर बंबा, तिलसड़ा मोड़, रिंद नदी, स्टेशन रोड, हिरनी मोड़, टेनापुर मोड़, भाठ बंबी, जगन्नाथपुर, भदरस मोड़, भीतरगांव तिराहा, घाटमपुर चौराहा, गुजेला, अज्योरी, आलियापुर, सजेती, रामपुर, बारीपाल मोड़, अनुपुर मोड़ ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए थे।



नौबस्ता–घाटमपुर राजमार्ग पर फुटपाथ पर फैली मौरंग व गिट्टी से भी हादसे होते हैं। अमृत विचार

### दो फिट ऊंचे नाले

- राजमार्ग चौड़ीकरण के दौरान आबादी क्षेत्र में फुटपाथ की जगह सड़क के दोनों तरफ दो फिट ऊंचे नाले बना दिए गए। सड़क की सतह से नालों की ऊंचाई ने राहगीरों की मुसीबत बढ़ा दी। छोटे वाहन सवार बड़े वाहनों से बचने के चक्कर में इन्हीं नालों से टकराकर हादसे के शिकार हो जाते हैं।

### डिवाइडर न होने से बेलगाम दौड़ते वाहन

- नौबस्ता से सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर तक डिवाइडर बनाकर जाली लगाई गई थी। पहाड़पुर से घाटमपुर तक हाईवे पर डिवाइडर नहीं है। जिसकी वजह से पूरे हाईवे पर भारी वाहन बेलगाम होकर कई बार हादसों की वजह बनते रहते हैं।

### संकरा है शंभुआ आरओबी

- हाईवे पर शंभुआ रेलवे लाइन पर आरओबी है भारी वाहनों की संख्या की अपेक्षा आरओबी का चौड़ीकरण नहीं किया गया। जबकि वाहनों की संख्या को देखते हुए एक समानांतर आरओबी और बनना चाहिए। एक ही आरओबी से दोनों तरफ के वाहन निकलने की वजह से हादसे होते रहते हैं।

### एक नजर हादसों पर

- वर्ष 2021 में कुल 170 सड़क हादसे हुए, जिनमें 94 लोगों की जान गई है। 90 लोग घायल हुए थे।
- वर्ष 2022 में हाईवे पर 175 सड़क हादसे हुए जिनमें 110 लोगों ने जान गंवाई 124 लोग घायल हुए थे।
- वर्ष 2023 में हाईवे पर कुल 148 हादसे हुए जिसमें से 95 लोग काल के गाल में समा गए वहीं 121 लोग घायल हुए थे।
- वर्ष 2024 में बिधनू और सेनपश्चिमपारा थानाक्षेत्र में 7 माह में 150 हादसे हुए जिसमें से 35 की मौत व 188 लोग घायल हो चुके हैं। यह आंकड़े केवल दो थानाक्षेत्रों के हैं। इनके अलावा घाटमपुर, सजेती, साढ़ और नौबस्ता में इन सात माह में तकरीबन 200 हादसे हुए जिसमें से करीब 125 से ज्यादा लोग दम तोड़ चुके हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै गीता देवी पुत्री स्व0 राम सेवक, निवासी– गडरियनपुर झाऊपुर, तहसील व जिला फतेहपुर। मेरे पिता स्व0 राम सेवक पुत्र स्व0 रघुवर की मृत्यु दिनांक–19.09.2017 को घर पर हो गयी थी मै अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण की जानकारी न होने के कारण नहीं करा सकी। मुझे अपने पिता स्व0 राम सेवक पुत्र स्व0 रघुवर के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है तथा मेरे पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने की अनुमति प्रदान किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अमृतलाल पुत्र स्वर्गी महावीर निवासी–बलीपुर तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** अपने पुत्र शिवम और किशन जो मेरे परिवार से अलग रहते हैं के अनैतिक कार्यो और मेरे और परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरे पुत्रों द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मेरा उनसे कोई वास्ता सरोकार नहीं है

**सूचना**

वामदेव सिंह महाविद्यालय ,अंधना सिधौली सीतापुर के लिए ,लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्राचार्य की आवश्यकता है योग्य व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें, मो. 8318162141

**NOTICE**

I Had change my name Priyanka devi to Priyanka Kumari my army document no 1581740H -L/NKDMT record in Priyanka devi above two name is one female person .Priyanka devi w/o Sanjeev Kumar Singh vill basahi district chhapra chak hafij saran bihar 841206

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

38.2° अधिकतम तापमान | 29.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 26 | सूर्यास्त 07 : 03

## शहर में आज

- **पूजन :** श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर कौशलपुरी में गुरु पूजा महोत्सव सुबह 8.30 बजे से।
- **समारोह :** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्यानिकेतन इंटर कालेज, जवाहर नगर में प्रतिभा अलंकरण समारोह 11.30 बजे।
- **ज्ञापन :** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से केस्को कार्यालय में एमडी को ज्ञापन को दिया जाएगा सुबह 11.30 बजे।
- **शिविर :** नेत्र सर्जन डॉ. शरद बाजपेई की ओर से कानपुर प्रेस क्लब, नवीन मार्केट में नेत्र परीक्षण शिविर दोपहर 12 से 3 बजे।
- **प्रशिक्षण :** देव अंतर्राष्ट्रीय योग केंद्र के तत्वावधान में ध्यान योग शिक्षक की ऑनलाइन कक्षा शाम 6 बजे से।

# सीसामऊ चुनाव में आजाद समाज पार्टी की एंट्री

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- पार्टी ने भीम आर्मी के प्रदेश सहसंयोजक को बनाया प्रभारी, प्रत्याशी के रूप में दो नाम आए सामने
- विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति और मुस्लिमों को पक्ष में करने के लिए शुरू हुई जनसंपर्क की कवायद



सीसामऊ की बस्तियों में जनसंपर्क करते पार्टी और भीम आर्मी के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधान सभा के उप चुनाव में भले ही परंपरागत रूप से सपा और भाजपा के बीच मुख्य संघर्ष माना जा रहा हो, लेकिन इस लड़ाई में आजाद समाज पार्टी की एंट्री ने दोनों दलों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लोकसभा चुनाव में नगीना सीट जीतने वाली आजाद समाज पार्टी ने सीसामऊ में प्रत्याशी उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद अगस्त के पहले सप्ताह में शहर आएंगे। वह यहां पांच दिन रहकर चुनावी गणित को समझेंगे और पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भरेंगे।

प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप चुनावों को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तोड़ ने सीसामऊ सीट पर भीम आर्मी के प्रदेश सह संयोजक कौशल वाल्मीकि को प्रभारी बनाया है। पार्टी ने उन्हें विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का जनाधार बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस तरह पार्टी ने अपने गैर राजनीतिक संगठन भीम आर्मी को सीसामऊ में सक्रिय कर दिया है।

आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने सीसामऊ में जन संपर्क भी शुरू कर दिया है। भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के जिलाध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर दलित और मुस्लिम बस्तियों में जनसंपर्क कर रहे हैं। कर्नलगंज, भन्नानापुरवा, कोरियाना, चमनगंज, जरीबचौकी, फजलगंज के पीछे बस्ती में, द्वारिकापुरी और कौशलपुरी में टीमें सक्रिय है। उन्होंने बताया कि पार्टी में पूर्व मंडल प्रभारी रहे शिजान सिद्दीकी के साथ कौशल वाल्मीकि की प्रत्याशिता पर चर्चा चल रही है। लेकिन अंतिम फैसला राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व करेगा। आजाद समाज पार्टी के जिला सचिव सुनील कुमार कोरी ने बताया कि पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे की तैयारी में जुटे हैं। सीसामऊ में 60 हजार दलित और मुस्लिम मतदाता 1.11 लाख से अधिक हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि दलित और मुस्लिम वोट को अपने पक्ष में लामबंद करने में जुटी आजाद समाज पार्टी सपा और भाजपा का गणित बिगड़ सकती है।

> सीसामऊ उप चुनाव पार्टी मजबूती से लड़ेगी। हम मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। चुनाव से पहले ऊर्जा भरने राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद अगस्त के पहले सप्ताह में कानपुर आ रहे हैं। वह शहर में रहकर सीसामऊ में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे।
>
> **– अमन जाटव, जिलाध्यक्ष, आजाद समाज पार्टी, कानपुर नगर**

# आसमान साफ रहने से सूरज का मिजाज गर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 4.7 डि.से. ऊपर चढ़कर अधिकतम तापमान 36.8 पहुंचा

**अमृत विचार।** आसमान साफ रहने से तापमान का ग्राफ लगातार चढ़ता जा रहा है। बुधवार को सामान्य से 4.7 डि.से. से ऊपर चढ़कर अधिकतम तापमान 36.8 डि.से. दर्ज हुआ। मौसम विभाग स्थानीय स्तर पर हल्की बारिश की संभावना जता रहा है।

कानपुर मंडल में करीब 10 दिनों से अच्छी बारिश नहीं हुई है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डा. सीबी सिंह बताते हैं कि 19 जुलाई के बाद बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना बढ़ी है। अगले हफ्ते अच्छी बारिश के आसार हैं। उन्होंने बताया कि आसमान में बादलों का जमघट लगता है लेकिन हवा अच्छी चलने से बादल उड़ जाते हैं। आसमान साफ रहने से गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है।

अभी फिलहाल ऐसा ही मौसम रहेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डि.से. ऊपर चढ़कर 29 डि.से. दर्ज हुआ है। अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण 19 से 21 के मध्य हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

**यूं रहेगा तापमान**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 18 जु. | 36 डि.से. | 29.5 डि.से. |
| 19 जु. | 37 डि.से. | 30.0 डि.से. |
| 20 जु. | 37.5 डि.से | 30.5 डि.से. |

## एक नजर

### दिल्ली का विमान लेट आया

**कानपुर।** दिल्ली से कानपुर आने वाला विमान दिल्ली से ही आधे घंटे लेट आया। मुंबई का विमान भी 20 मिनट लेट रहा। एयरपोर्ट अधिकारी ने बताया कि कानपुर से दोनों ही विमान समय से थोड़ा विलंब से टेकआफ हो गए।

### आज यहां नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** गुरुवार को बेनाझाबर उपकेंद्र के एएनडी कॉलेज, मुरारी लाल अग्रवाल गली, तिकोनिया पार्क में एबी केबल डालने के कार्य की वजह से सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक, पनकी के ई व डी-ब्लॉक, एमआईजी में एबीसी केबल डालने की वजह से सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक और रतनपुर, नीम चौराहा, डूडा कॉलोनी व 150 स्कीम कॉलोनी में 11केवी भूमिगत केबल पर कार्य की वजह से सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली नहीं रहेगी। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक इन क्षेत्रों में फॉल्ट की कमी व अच्छी गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए यह कार्य किए जाएंगे।

# हैलट अस्पताल में पांच घंटे गुल रही बिजली, गर्मी में मरीज बेहाल

## हैलट के अधिकारियों के मुताबिक बिजली काटने से पहले केस्को ने नहीं दी सूचना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को ने मोहर्रम जुलूस के कारण शहरभर में बिजली काटने की बात कही




**अमृत विचार।** केस्को ने मोहर्रम जुलूस के कारण हैलट अस्पताल में बुधवार को बिना सूचना दिए बिजली काट दी, जिससे उमस भरी गर्मी में पांच घंटे तक मरीज और उनके तीमारदार बेहाल हो गए।

हैलट अस्पताल में बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के बाद बिजली गुल हो गई। एक घंटे तक बिजली नहीं आने पर वार्ड में भर्ती मरीजों को उमस भरी गर्मी में परेशानी होने लगी। तीमारदारों ने मरीजों को हाथ वाले पंखे और अखबार से हवा कर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया। तीन घंटे बाद भी जब बिजली नहीं आई तो तीमारदारों के सब्र का बांध टूट गया और एकत्र होकर हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह के कार्यालय के बाद पहुंचे। प्रमुख अधीक्षक ने जेई अवनीश कुमार श्रीवास्तव से वार्ता की। जेई ने बताया कि मुहर्रम के जुलूस के दौरान सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए दोपहर 12 बजकर 25 मिनट से पांच बजकर 40 मिनट तक शटडाउन लिया गया है। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह के मुताबिक केस्को ने बिजली काटे जाने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी थी। पहले भी इस कई बार ऐसा हो चुका है।

## जुलूस के कारण आधे शहर में गुल रही बिजली


**कानपुर।** शहर में बुधवार को जगह-जगह निकले मोहर्रम के जुलूस के कारण सुरक्षा की दृष्टि से केस्को ने शटडाउन लिया था। कुछ दिनों पहले जुलूस के दौरान एक अलम बिजली के तारों में छू गया था, जिसकी वजह से एक किशोर की मौत हो गई थी और दो लोग झुलस गए थे। बिजलीघर के आरपीएच ओल्ड फीडर से जुड़े घरों की बिजली सुबह 10 बजे से शाम सात बजे तक, जीआईसी फीडर की आपूर्ति सुबह साढ़े 11 बजे से सात बजे तक, नवाबगंज लाल फाटक की बिजली दोपहर साढ़े 12 बजे से दो बजे तक, झकरकट्टी, कारवालों नगर और एल्डिको फीडर में दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक बंद रही। चिड़ियाघर फीडर में साढ़े तीन बजे से शाम साढ़े सात बजे, परमपुरवा में दो बजे से शाम पांच बजे तक, वाजिदपुर में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक, सुजातगंज, पावरलूम और चंदारी में दोपहर ढाई बजे से शाम सात बजे तक बिजली नहीं रही। भाभा नगर में दो बजे से शाम चार बजे तक और पोखरपुर में दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक बिजली नहीं रहीं। इसके अलावा विकास नगर, नवशील धाम फीडर, रावतपुर, किदवई नगर, आवास विकास, मसवानपुर, पीरोड समेत आदि क्षेत्रों में भी बिजली संकट रहा।

# ट्रांसफार्मरों के आस-पास कूड़ाघरों से बढ़ रहे फाल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को ने नगर निगम को पत्र लिखकर 28 चिह्नित स्थलों से कूड़ाघर हटाने को कहा
- कभी कूड़े में आग लगाए जाने से बढ़ती समस्या तो कहीं स्पार्किंग से कूड़े में लगती आग

**अमृत विचार।** शहर में कूड़ा गंदगी तो फैला ही रहा है, आग लगाए जाने पर बिजली के फाल्ट भी बढ़ा रहा है। जगह-जगह ट्रांसफार्मरों के पास फेंके जा रहे कूड़े की वजह से समस्या और बढ़ गई है। कूड़े में आग लगाने से ट्रांसफार्मर फाल्ट की चपेट में आ रहे हैं। केस्को ने ऐसे 28 स्थान चिह्नित किए हैं, जहां नगर निगम के कर्मचारी व स्थानीय लोगों के कूड़ा फेंकने से समस्या पैदा हो रही है। केस्को ने ऐसे कूड़ाघर हटाने की नगर निगम से मांग की है।



केस्को ने नगर निगम के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर कहा है कि आलू मंडी वितरण खंड से जुड़े सबस्टेशनों में ट्रांसफार्मरों के आसपास कूड़ा फेंका जा रह रहा है। इससे फाल्ट बढ़ गए हैं। कई बार कूड़े में आग लगाने तो कई बार ट्रांसफार्मर या बिजली के तारों में स्पार्किंग होने की वजह से कूड़े में आग लगने के कारण विद्युत लाइनों या ट्रांसफार्मर तक आग पहुंच रही है। इसी तरह सब स्टेशन डिप्टी पड़ाव में तिकुनिया पुरवा चौराहे के पास, हालसी रोड, लाटूश रोड फायर स्टेशन, हिंदू अनाथालय और पान दरीबा समेत 12 जगह लगे डीटी इंस्टॉलेशन के पास कूड़ा फेंका जा रहा है। चीना पार्क सब स्टेशन में नौ जगह, अफीम कोठी में पांच जगह ट्रांसफार्मरों के पास कूड़ा फेंका जा रहा है। अधिशासी अभियंता ने नगर निगम से कहा है कि संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित करें कि कूड़ा फेंकने वाले स्थान की सफाई करके भविष्य में वहां कूड़ा न फेंका जाए।

# उर्सला में सो गए तीमारदार गहने हुए पार

**कानपुर।** चोरों ने उर्सला अस्पताल में भर्ती मरीज के तीमारदारों को भी नहीं बख्शा। चोरों ने सोते समय तीमारदारों के गहने चोरी कर लिए। नींद टूटने पर उन लोगों को पता चला। थाने पहुंचकर पीड़ितों ने प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

फतेहपुर निवासी कामिनी ने पुलिस को बताया कि वह एक रिश्तेदार को देखने उर्सला आईं थीं। वह वार्ड तीन में भर्ती हैं। मंगलवार रात कामिनी अस्पताल में ही सो गईं। सुबह आंख खुली तो पैरों में पहनी हुई पायल गायब थी। इसी तरह सरसौल से राधा भी रिश्तेदार को देखने आईं थीं। रात में वह रुक गईं। वार्ड में ही उन्हें नींद आ गई। सुबह 5 बजे आंख खुली तो गले में पहनी माला, कान के टॉप्स गायब थे। पीड़ितों ने थाने जाकर जानकारी दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष शुक्ला ने बताया मामले की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। सीसीटीवी खंगाल कर कार्रवाई की जाएगी।

# आईपीओ में निवेश के नाम पर 10 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जूही थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति को साइबर अपराधियों ने आईपीओ में पैसा लगाने पर बढ़ी रकम मिलने की बात कही। पीड़ित बताए गए खातों में रुक-रुक कर ट्रांजेक्शन करते गए। जब उनका मुनाफा ज्यादा हुआ तो बताए गए सॉफ्टवेयर पर रकम बढ़ती दिखती रही। जब रुपये वापस मांगे तो रकम दिखनी बंद हो गई। इस पर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जूही परमपुरवा निवासी सय्यद मुजफ्फर अली हाशमी ने साइबर सेल को बताया कि फेसबुक के माध्यम से एक मैसेज आया जिसमें एक्यूआर स्वास्थ्य ट्रेनिंग कैंप कंपनी से अंजली नाम की युवती ने आईपीओ में पैसा लगाने के लिए बोला और एक सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराया। जिसमें ऑनलाइन रूप से आईपीओ की बढ़त दिख रही थी। इस पर उन्होंने पहला ट्रांन्जेक्शन अपने पेटीएम के माध्यम से 29 अप्रैल 2024 को 5 हजार रुपये बालाजी इन्टरप्राइजेज में जमा किए। इसके बाद दूसरा ट्रांन्जेक्शन 3 मई को 10 हजार रुपये स्वामी इन्टरनेट कैफे में जमा किए। तीसरा ट्रांन्जेक्शन 6 मई को 20 हजार रुपये जमा किए। इसी तरह कुल 9,49,129 लाख जमा किए। जिसका बेनीफिट कंपनी में 20 से 22 लाख दिखा। जब उन्होंने पैसा निकालने के लिए बोला तो कंपनी ने किसी भी उत्तर का जवाब नहीं मिला। मैसेज से 10 लाख और जमा करने को बोला। साइबर इंस्पेक्टर हरमीत सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटीएक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है।

# सर्किट हाउस के पास गैस लाइन टूटने से रिसाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीवर लाइन की खोदाई में लापरवाही, दुर्गंध फैलते ही भाग निकले मजदूर
- भाजपा विधायक भीड़ देखकर रुके, दमकल और पुलिस को दी सूचना



पानी डालकर गैस रिसाव को कम करते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सर्किट हाउस के समीप बुधवार को सीवर लाइन खोदाई के दौरान ज्वलनशील गैस पाइप लाइन (सीयूजीएल) टूट गई। इससे गैस रिसाव होने लगा। दुर्गंध फैलते ही लोगों में भगदड़ मच गई। मजदूर काम छोड़कर भाग निकले। इसी बीच वहां से निकले भाजपा विधायक ने पुलिस और फायर स्टेशन को सूचना दी। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए।

सर्किट हाउस के पास सीयूजीएल लाइन के पास ही सीवर लाइन डालने के लिए बुधवार को खोदाई की जा रही थी। इसी दौरान गैस पाइप लाइन टूटने से गैस का रिसाव शुरू हो गया।

विस्फोट और आग की आशंका पर काम कर रहे मजदूर मौके से भाग निकले। ज्वलनशील गैस की दुर्गंध आसपास फैलने से राहगीर भी परेशान होने लगे। इसी दौरान सर्किट हाउस जा रहे भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भीड़ देखी तो रुककर लोगों से मामले की जानकारी ली। विधायक ने पुलिस और फायर स्टेशन को सूचना देकर जल्द गैस रिसाव बंद कराने का आदेश दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने लोगों को गैस पाइप लाइन से दूर हटाया। इसके बाद गैस लाइन की मरम्मत का काम शुरू हुआ।

### पीडब्ल्यूडी अफसरों पर बिगड़े मैथानी

लापरवाही से खोदाई के कारण गैस रिसाव से तमतमाए गोविंदनगर से भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पीडब्ल्यूडी के जेई व एई को फोन कर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि गड्ढा खोदने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जनता की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है। इतनी बड़ी लापरवाही पर कार्रवाई होनी चाहिए। मामले की जांच करें और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। अगर दोषी पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करें।

# डिजिटल के समर्थन पर शिक्षक पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ ने शिक्षक को जनपदीय दायित्व से बाहर किया

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी के पक्ष में बयान देने पर एक शिक्षक से राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ ने जिलास्तर का दायित्व छीन लिया। शिक्षक पर आरोप है कि उन्होंने लखनऊ में डिजिटलाइजेशन का समर्थन किया था। शिक्षक का कहना है कि उन्होंने ऑनलाइन हाजिरी का समर्थन नहीं बल्कि डिजिटलाइजेशन का समर्थन किया।

राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ, उत्तर प्रदेश (माध्यमिक संवर्ग) ने शिक्षक सर्वेश तिवारी को उनके जनपदीय दायित्व से निलंबित कर दिया है। संगठन ने पत्र जारी कर शिक्षक पर आरोप लगाए कि उनका डिजिटलाइजेशन का समर्थन करना शिक्षक हित में नहीं हैं। हर सहाय जगदम्बा इंटर स्कूल में प्रवक्ता पद पर कार्यरत शिक्षक सर्वेश तिवारी ने कहा कि उन्होंने अपने वक्तव्य में डिजिटलाइजेशन का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था कि निजी स्कूलों से मुकाबले के लिए सरकारी स्कूलों का डिजिटलाइजेशन अति आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल अटेंडेंस को लेकर कोई वक्तव्य नहीं दिया। उन्होंने न ही इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहाकि बेसिक शिक्षा में डिजिटलाइजेशन का लाभ आज छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी मिल रहा है। छुट्टियां लेना हो या फिर सीसीएल, शिक्षकों को बीआरसी के चक्कर नहीं काटने पड़ते। ऑनलाइन छुट्टियों के लिए आवेदन कर देते हैं।

**शेयर बाजार** | सेबी कर रहा है एसआईपी के जरिए निवेश की न्यूनतम राशि 250 रुपये करने के विकल्प पर विचार

# म्यूचुअल फंड में 'शैम्पू मॉडल' कर सकता निवेश क्रांति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** किसी समय में अमीर लोगों के इस्तेमाल का प्रोडक्ट समझे जाने वाले शैम्पू के बाजार में तब क्रांति आई, जब इसका सैशे बाजार में आया। इसके बाद तो इसकी पहुंच हर घर और हर आदमी तक हो गई। कम आमदनी वाले लोग 100-200 रुपये की शैम्पू की बोतल खरीदने में असमर्थ थे, लेकिन उसकी जगह 1 या 2 रुपये का शैंपू का पाउच आसानी से खरीदने लगे। सेबी भी म्यूचुअल फंड एसआईपी (सिप) की पहुंच बढ़ाने के लिए एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) वस्तुओं के पाउचीकरण वाला मॉडल अपनाने की तैयारी में है।

सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी सार्वजनिक मंचों पर कह चुकी हैं कि वह म्युचुअल फंड कंपनियों के साथ मिलकर आम लोगों के लिए रुपये 250 प्रतिमाह से शुरू होने वाले सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (सिप) पर काम कर रही हैं।

म्युचुअल फंड कंपनियों के साथ मिलकर एसआईपी निवेश की न्यूनतम राशि को और नीचे ले जाना चाहती हैं।


एसआईपी में अभी न्यूनतम निवेश राशि 500 रुपये है, जबकि सेबी एसआईपी (सिप) के जरिये न्यूनतम राशि को 250 रुपये पर लाने के विकल्प पर विचार कर रहा है। हालांकि कुछ फंड हाउस 100 रुपये मासिक निवेश की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। लेकिन यह इस उद्योग का मानक नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि छोटी एसआईपी (सिप) से बहुत कम बचत वाले वाले लोग भी सीधा फायदा उठा सकते हैं। इससे अधिक से अधिक लोगों को सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान से जोड़ा जा सकता है और अनुभव अच्छा रहने पर ऐसे निवेशक भविष्य में बड़ी एसआईपी की ओर आसानी से आकर्षित हो सकते हैं।

### कानपुर में 350 करोड़ रुपये सिप में हर माह निवेश




कानपुर के पास यूपी स्टॉक एक्सचेंज की विरासत है, इसलिए यहां संभावनाएं सबसे ज्यादा हैं। अभी कानपुर के करीब 2.50 लाख यूनिक निवेशकों का 31,893 करोड़ रुपये (जून तक) का म्यूचुअल फंड में निवेश है। करीब 350 करोड़ रुपये का मासिक निवेश एसआईपी (सिप) के द्वारा कानपुर में होता है। इसके चलते कुल म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या करीब 10 लाख है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के अनुसार वर्तमान में कानपुर में कुल रजिस्टर्ड म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर की संख्या करीब 1700 है।

### प्रशिक्षित फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स की जरूरत



आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि एसआईपी शुरू करने के लिए पैन, आधार और बैंक खाता होना आवश्यक है। इसके साथ ही पैन-आधार लिंक हो और आधार से मोबाइल नंबर लिंक होना चाहिए। चेक बुक भी जरूरी है, अगर आपके पास डेबिट कार्ड नहीं है या आप नेट बैंकिंग का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो म्यूचुअल फंड द्वारा एकत्रित रकम का निवेश शेयर बाजार में किया जाता है। आज भी समाज का एक बड़ा तबका शेयर बाजार में निवेश को सट्टा समझता है। ऐसे में बड़ी संख्या में निवेशकों के बढ़ने पर उनको सही सर्विस मिले इसके लिए फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्टर होना बहुत जरूरी है। म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स की संख्या तेजी से बढ़ाने के साथ उनको प्रशिक्षित भी करना होगा।

# गुरुद्वारे के सुंदरीकरण के लिए योगी से मिले

कार्यालय संवाददाता ,कानपुर



सिख संगठनों के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुद्वारा सरसैया घाट के सुंदरीकरण के लिए सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में उनके निवास पर मुलाकात की। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह के नेतृत्व में सिख प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की जिसमें लखनऊ, मुरादाबाद, कानपुर, बरेली, पीलीभीत समेत प्रदेश के कई शहरों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

परविंदर सिंह ने पीलीभीत व बरेली में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों से मुकदमा वापस लेने की मांग की। योगी को बताया गया कि बीते माह भिंडरावाला की फोटो गुरुद्वारा बरेली और गुरुद्वारा पीलीभीत में लगाई गई थी, जिसपर पुलिस ने दोनों गुरुद्वारों के प्रबंधकों पर मुकदमा दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। मांग की गई कि मुकदमा वापस लिया जाए, इसपर योगी ने कहा कि उन्हें बार बार मना किया गया, उसके बाद भी गुरुद्वारा में भिंडरावाला की फोटो लगाई गई। इस मामले को देखेंगे।

कानपुर की ओर से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने मांग की कि गुरुद्वारा सरसैया घाट के आसपास बहुत गंदगी रहती है।

मांग रखी कि ब्रह्म चौराहा से आवास विकास तक ग्रीन बेल्ट का सुंदरीकरण कराया जाए। इस दौरान सरसैया घाट के प्रधान सेवक सरदार रमिंदर सिंह रिंकू भी साथ रहे। सरदार मनमोहन सिंह सेठी, सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ, सरदार अजीत सिंह खुराना, सरदार कृपाल सिंह, सरदार त्रिलोचन सिंह व हरीश कोहली आदि शामिल थे।

# एमएसएमई को नगर निगम क्षेत्र में भी मिले गृहकर छूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एमएसएमई में सिर्फ सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को गृहकर में छूट का मुद्दा शासन तक पहुंच गया है। सभी इकाइयों को व्यावसायिक से आवासीय गृहकर में लाने और फैसला नगर निगम क्षेत्र में भी लागू करने की मांग तेज हो गई है। दो औद्योगिक संगठनों ने इस बारे में पहल की है। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश ने इस बाबत प्रमुख सचिव को पत्र भेजा है तो लघु उद्योग भारती ने नगर विकास एवं नियोजन मंत्री को पत्र लिखकर अपनी मांग दोहराई है।



हम लोग लंबे समय से इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं। कई मंचों पर मांग उठाई जा चुकी है। राहत में तीन गुने कर का अंतर है। ऐसे में इसे नगर निगम क्षेत्र में भी लागू किया जाना चाहिए। पूरे प्रदेश में इसे एक बड़े क्षेत्र से दूर किया गया है।

–अमन घई, अध्यक्ष, कानपुर संभाग, लघु उद्योग भारती



उद्यमियों को आधी अधूरी राहत का कोई मतलब नहीं है। इस निर्णय से कुछ उद्यमियों को राहत मिलेगी जबकि कुछ के लिए स्थिति पहले जैसी ही है। शहर के कारोबारियों को इससे कोई राहत नहीं मिलेगी।

–सुशील शर्मा, चेयरमैन, इंडस्ट्री कमेटी, मर्चेंट चेंबर यूपी



इस निर्णय में छोटे उद्यमियों के सभी सेक्टर को शामिल किया जाना बहुत जरूरी है। एमएसएमई सेक्टर में थोड़ी सी पूंजी लगाकर कारोबारी अपना व्यापार करते हैं। उन्हें मिलने वाली राहत सभी को समान रूप से मिलनी चाहिए।

–मनीष कटारिया, चेयरमैन, इन्फ्रास्ट्रक्चर कमेटी, मर्चेंट चेंबर यूपी



हम लोग लंबे समय से इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं। अभी तक राहत नहीं मिली है। राहत में तीन गुने कर का अंतर है। ऐसे में इसे नगर निगम क्षेत्र में भी लागू किया जाना चाहिए। पूरे प्रदेश में इसे एक बड़े क्षेत्र से दूर किया गया है।

–हरेंद्र मूरजानी, प्र. उपाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती

- **नगर पालिका और पंचायत क्षेत्र में सूक्ष्म व लघु इकाइयों को गृह कर में दी है राहत**

शासन ने 28 जून को नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित सूक्ष्म व लघु औद्योगिक इकाइयों को गृह कर में छूट दी है। अब इस राहत का दायरा क्षेत्र बढ़ाने के लिए औद्योगिक संगठनों ने मांग की है। पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार ने नगर निगम के दायरे में आने वाले उद्यमियों को कोई छूट नहीं दी है। मर्चेंट चेंबर ऑफ एसोसिएशन ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर इस राहत में एमएसएमई सेक्टर की सभी इकाइयों को शामिल किए जाने की मांग की है।

लघु उद्योग भारती ने भी इस राहत को नगर निगम क्षेत्र में जल्द लागू किए जाने की मांग उठाई है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि वे इस मुद्दे को लेकर वर्ष 2016 से संघर्ष कर रहे हैं। अब जब राहत दी गई तो सिर्फ एक छोटे वर्ग को शामिल किया गया है।

# आईआईटी लाया 'साथी-एसएससी'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी सुविधा**
- **छात्र-छात्राएं एप स्टोर या गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करें**

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को कोचिंग प्रदान करने के लिए साथी-एसएससी प्लेटफार्म लांच किया है। शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से हुई यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने में लाभकारी सिद्ध होगी।

साथी-एसएससी के शुभारंभ पर आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हम सभी के लिए प्रीमियर शिक्षा सुलभ बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का विस्तार कर रहे हैं। यह पहल देश भर के छात्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जो उन्हें न केवल परीक्षाओं बल्कि उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करती है। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने कहा कि आईआईटी की इस पहल से अच्छा शैक्षिक वातावरण बनेगा, जहां सभी पृष्ठभूमि के अभ्यर्थी एसएससी परीक्षा की गुणवत्ता युक्त तैयारी करने के साथ अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। प्रोजेक्ट प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रोफेसर अमेय करकरे ने कहा कि साथी-एसएससी में एआई-सक्षम ट्यूशन प्रणाली को एकीकृत करने से एक व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। यह प्लेटफॉर्म अध्ययन सामग्री, अभ्यास परीक्षण, वीडियो व्याख्यान और अनुभवी शिक्षकों के साथ इंटरैक्टिव सत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। साथी का लक्ष्य सभी उम्मीदवारों एवं छात्रों के लिए एसएससी परीक्षा की तैयारी को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है। इच्छुक छात्र https://sathee.iitk.ac.in के माध्यम से या एप स्टोर या गूगल प्ले स्टोर से साथी एप डाउनलोड करके साथी एसएससी के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

# पैर छूकर लुटेरा बोला, बेटी के इलाज को पैसे चाहिए

## यूनिवर्सिटी कैंपस में महिला प्रोफेसर से लूट का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस में लुटेरे ने घर में घुसकर महिला प्रोफेसर से चाकू की नोक पर लूटपाट की थी। पीड़िता के अनुसार दरवाजा खुला होने के कारण लुटेरा अंदर घुसा और उनके पैर छुए। वह जब तक कुछ समझ पातीं तब तक गले में चाकू लगा दिया। लुटेरा बोला कि मैम मेरी बेटी को कैंसर है, इलाज के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। अगर शोर मचाया तो तुम्हें और तुम्हारे बेटे को मार डालूंगा।



कल्पना।

मैं इस काम के लिए एक्सपर्ट नहीं हूं, लेकिन मजबूर हूं। लुटेरा उनके जेवरात, लैपटॉप और फोन समेत तीन लाख का सामान लूट ले गया। अंगूठी उतारने के लिए पहले अंगुली काटने को कहा। फिर कटर से हाथ में पहनी अंगुठी काटकर निकाल ली और फरार हो गया। यूनिवर्सिटी आवास टाइप-3 निवासिनी कल्पना अग्निहोत्री बीएड डिपार्टमेंट में प्रोफेसर हैं। उनके पति अनूप कुमार तिवारी कन्नौज में रेवेन्यू विभाग में कार्यरत हैं। वारदात की सूचना के बाद वह घर पहुंचे। उन्होंने कल्याणपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला प्रोफेसर के अनुसार 14 जुलाई की सुबह साढ़े छह बजे बेटा बाहर से कुंडी लगाकर रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर गया था। इस दौरान मौका पाकर लुटेरा घर में घुस आया था। पीड़िता के अनुसार पहले उसने पैर छुए और कहने लगा कि अगर जरा सी भी होशियारी की तो गला काट देंगे। बाहर गए तुम्हारे बेटे की भी हत्या कर देंगे। जिससे इससे वह सहम गईं और शांत बैठ गईं। वहीं यूनिवर्सिटी कैंपस में रहने वाले लोगों का कहना था कि एक माह में तीन से चार चोरियां हो चुकी हैं। इस लूटकांड के बाद पूरे कैंपस में रहने वाले लोग दहशतजदा हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की सुरक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। ऐसे में बाउंड्री के अंदर प्रोफेसरों के आवास पर दस मिनट से ज्यादा एक नकाबपोश लुटेरा लूट की घटना को दिनदहाड़े अंजाम देता रहा और फिर आराम से निकल भी निकल गया। इससे पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। पूरा परिसर सीसीटीवी से लैस और चप्पे-चप्पे पर निजी कम्पनी के सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं।

- **महिला प्रोफेसर के हाथ में पहनी अंगूठी को कटर से काटकर निकाला**

"मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

–डॉ अनिल कुमार यादव, रजिस्ट्रार- सीएसजेएमयू

# परिवार नियोजन में श्रेष्ठ योगदान के लिए सम्मान

**कानपुर।** शहर की चार आशा कार्यकर्ताओं ने दंपतियों को परिवार नियोजन की सटीक जानकारी देकर न सिर्फ उनका विश्वास जीता, बल्कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

जिले में बिल्हौर ब्लॉक की आशा कार्यकर्ता नीलम देवी ने 11 पुरुष नसबंदी और कल्याणपुर ब्लॉक की आशा कार्यकर्ता आशा निषाद ने 13 महिला नसबंदी कराई। भीतरगांव ब्लॉक की अर्चना द्विवेदी ने 30 महिलाओं को त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन की सभी डोज लगवाए। पतारा ब्लॉक की मिथलेश सविता ने 46 महिलाओं को पीपीआईयूसीडी के लिए प्रेरित करके जिले में कीर्तिमान स्थापित किया। चारों आशा कार्यकत्रियों को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ संजू अग्रवाल और सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने सम्मानित किया। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि 31 जुलाई तक प्रस्तावित विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े को सफल बनाएं। इस साल पखवाड़े की थीम दो बच्चों में पर्याप्त अंतर से होगी मां की सेहत की पूरी देखभाल रखी गई है।

# कार्यकर्ताओं का हमेशा कर्जदार हूं और रहूंगा-भोले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **कल्याणपुर विधानसभा का मतदाता अभिनन्दन समारोह**

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर की कल्याणपुर विधानसभा के मतदाता अभिनन्दन समारोह का आयोजन बुधवार को कमलेश्वरम गेस्ट हाउस में किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने समारोह में प्रत्येक मंडल के पांच कार्यकर्ताओं को पटका और माला पहनाकर अभिनंदन किया। सांसद ने कहा कि आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या करने वाली कांग्रेस ने जब बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी संविधान सभा के अध्यक्ष न बन पाए और उनको चुनाव हराने का काम करने लगी। तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उनका कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कांग्रेस के झूठे दुष्प्रचार को नकारते हुए कल्याणपुर विधान सभा ने 1 लाख से अधिक वोटो से भाजपा को जिताया। पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश राय ने कहा कि भाजपा हर मतदाता का अभिनन्दन करती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक नीलिमा कटियार, आशा पाल, अनिल दीक्षित, आनंद मिश्रा, अरविंद राज त्रिपाठी, जन्मेजय सिंह, मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, आनंद त्रिवेदी, अंकुर शुक्ला, अंशु ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राजेश जोशी, चंचल सिंह, जनक सिंह, गौरव द्विवेदी आदि रहे।



मतदाता अभिनन्दन समारोह में बोलते जिलाध्यक्ष दीपू पांडे। अमृत विचार

# जमीन का दाखिल-खारिज होगा आसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **रियल टाइम खतौनी ऑनलाइन दर्ज करने का काम लगभग पूरा**
- **जमीन बिक्री पर तहसीलदार के हस्ताक्षर करते खरीदार का नाम चढ़ेगा**

**अमृत विचार।** नगर की चारों तहसीलों में इसी सप्ताह से दाखिल-खारिज कराना आसान हो जाएगा। रियल टाइम खतौनी ऑनलाइन दर्ज किए जाने का काम लगभग पूरा हो गया है। अंश निर्धारण भी अंतिम चरण पर है। अब जमीन की बिक्री पर तहसीलदार के हस्ताक्षर करते ही संबंधित खरीदार का नाम चढ़ जाएगा। इससे फर्जीवाड़ा भी कम होंगे। नगर छोड़कर घाटमपुर, बिल्हौर व नर्वल तहसीलों में रियल टाइम खतौनी दर्ज करने का काम बीते सप्ताह ही पूरा हो गया है। एसडीएम सदर ने बताया उक्त तहसील क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र होने से जमीनों के अंश निर्धारण में बहुत समस्या नहीं रही। सदर तहसील में शहरी क्षेत्र होने के कारण गाटा संख्या और उनमें हो चुकी खरीद-फरोख्त को लेकर काफी समस्याएं रहीं। इसके साथ ही करीब 250 गांव भी हैं। शासन की ओर से रियल टाइम खतौनी को लेकर अधिक जोर दिया जा रहा है। जिससे राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जा सके।

सदर तहसील में रियल टाइम खतौनी फीड करने के लिए मोहर्रम के अवकाश के दिन भी कर्मचारी काम में जुटे रहे। एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने खुद कार्यालय में बैठकर खतौनी फीड कराईं। एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर रियल टाइम खतौनी फीड हो गई है।

# महापौर के जन्मदिन पर सुंदरकांड

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने आनंदेश्वर मंदिर के पास धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। महापौर ने परमट में भंडारे का प्रसाद बांटा। सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, एमएलसी सलिल विश्नोई, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, विधायिका नीलिमा कटियार, रघुनंदन भदौरिया, नगर आयुक्त और केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल आदि थे।

### जीत की बधाई हो नेता जी...



लोकसभा चुनाव 2024 में गठबंधन और समाजवादी पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उनके निवास पर बधाई देने पहुंचे कानपुर के शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी एवं मौलाना अबू बकर हादी आदि। इस मौके पर शहर काजी ने उनको अल्पसंख्यकों के हित में हमेशा आवाज उठाने के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी साथ देने का वादा किया। शहर काजी ने उन्हें कानपुर आमंत्रित भी किया। • अमृत विचार

# स्कूलों में पुरानी पेंशन का माहौल बनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **रोजाना 7 सभाओं के जरिये पुरानी पेंशन के लाभ बताए जाएंगे**

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 19 जुलाई से एक सप्ताह तक मुख्य रूप से इंटर कॉलेजों में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत स्कूलों में पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारियों व शिक्षकों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के साथ अन्य संगठनों के साथ अन्य सरकारी विभागों में राज्यस्तरीय कर्मचारियों के बीच भी जागरुकता फैलाई जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के महामंत्री संतोष तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि बजट से पहले चलने वाले इस अभियान में अन्य संगठनों को भी शामिल किया जाएगा। सभी संगठन अपने-अपने स्तर पर विभागों में जाकर पुरानी पेंशन को लागू कराने के लिए माहौल बनाएंगे। मुख्य रूप में इंटर कॉलेजों में चलने वाले अभियानों में रोजाना 7 बैठकें की जाएंगी। अभियान के बाद हस्ताक्षर अभियान के लिए भी भूमिका बनाई जा रही है। इस दौरान अनिल त्रिवेदी, भगवत जोशी, जनार्दन शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# केस्को बाबू सस्पेंड, दो जेई अटैच किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **संविदा कर्मचारी के घर से मिले थे 41 मीटर**
- **बाबू जेई समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** केस्को में बिजली के मीटरों के खेल में एक बाबू की संलिप्तता पाई गई है। बाबू ने 41 मीटरों को विनोबा नगर स्थित प्रेम नाम के युवक के घर में रखवा दिया था।

केस्को प्रबंध निदेशक ने हैरिसगंज के परीक्षण खंड तृतीय के एक बाबू को निलंबित कर दिया जबकि दो जेई को केस्को मुख्यालय अटैच किया। बाबू व दोनों जेई समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

विनोबा नगर निवासी प्रेम के घर में मंगलवार रात करीब आठ बजे केस्को के वैयक्तिक सहायक (तकनीकी) श्रीकांत सिंह रंगीला ने प्रवर्तन दल प्रभारी हरिहर सिंह व जेई अमित कुमार समेत टीम के साथ छापा मारा। टीम को प्रेम के घर में किराएदार अभिषेक के कमरे से 41 मीटर बरामद हुए।



केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक बरामद 41 मीटरों में 31 मीटर सिंगल फेस लिंकवेल मेक हैं, दो अन्य पुराने मीटर हैं। जबकि नौ थ्री फेस सिक्योर व जीनस मेक और एक नेट मीटर शामिल है। मामले में परीक्षण खंड तृतीय के जेई रामजीत राम, हैरिसगंज खंड के जेई दिनश कुमार बेलदार, बाबू विवेक कुमार और अभिषेक व प्रेम के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई।

केस्को प्रबंध निदेशक के मुताबिक दोनों जेई को केस्को मुख्यालय अटैच और बाबू को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही उप्र पावर कॉरपोरेशन को इनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई व स्थानांतरण करने की संस्तुति भी की गई है।

**बैठक** | सर्किट हाउस में राज्यमंत्री ने दिव्यांगों की समस्याएं सुनीं

# दिव्यांगों के लिए हर विभाग में रैंप जरूर हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को सर्किट हाउस में दिव्यांजनों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि हर विभाग में रैंप की सुविधा होनी चाहिए। प्रयास करेंगे कि जल्द दिव्यांगों की पेंशन में बढ़ोतरी हो जाए। इसके अलावा दिव्यांगों का प्रमाण पत्र बनने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

राज्यमंत्री ने बुधवार को सर्किट हाउस में पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इससे पहले दिव्यांगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। राज्यमंत्री ने कहा कि हर विभाग में रैंप की सुविधा होनी चाहिए। दिव्यांगजनों ने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के स्कूल, कृत्रिम अंग, शादी विवाह योजना समेत अपनी 17 मांगें रखीं।



राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने सर्किट हाउस में दिव्यांगों की समस्याएं सुनीं। अमृत विचार

- **प्रयास करेंगे जल्द दिव्यांगों की पेंशन में बढ़ोतरी हो**

राज्यमंत्री ने कहा कि मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय से पात्रों को मिलना चाहिए। पेंशन संबंधी समस्या के निस्तारण में देरी न हो।

दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाए। अधिकारियों को बताया कि शादी अनुदान योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में आय सीमा बढाकर एक लाख कर दी गई है। लाभार्थी बढ़ने चाहिए। इस मौके पर विधायक सुरेंद्र मैथानी, भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण लालमणि मौर्य, उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण श्राकेश कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बीरपाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# छोटी कर्बला में शिया और सुन्नी आए आमने-सामने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डीसीपी, एसीपी समेत कई थानों के फोर्स ने पहुंचकर कराया शांत**
- **शिया महिलाओं का मातम देखने पहुंच गए थे सुन्नी, इस पर हुआ हंगामा**

**अमृत विचार।** बुधवार देर शाम ग्वालटोली थानाक्षेत्र में मोहर्रम में छोटी कर्बला पर मातम के दौरान शिया और सुन्नी वर्ग आमने-सामने आ गए। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर दोनों पक्षों में माहौल गर्मा गया। एसीपी कर्नलगंज कई थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया।

छोटी कर्बला में किसी बात पर शिया और सुन्नी आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के साथ भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया शिया वर्ग की महिलाएं ताजिये दफन होने के बाद देर शाम अंतिम मजलिस और मातम मना रही थीं। तभी सुन्नी वर्ग के लोग देखने पहुंच गए। जिसका विरोध किया गया। इसी में दोनों पक्षों के बीच मामूली कहा सुनी हो गई। सुन्नी वर्ग का आरोप है कि मातम के दौरान शिया वर्ग की महिलाओं को कोई देख न सके इसलिए दबाव बनाकर इलाके की बिजली कटवा दी जाती है। जिससे लोगों को दिक्कत होती है। बिजली कटवाने का विरोध किया गया था।

# कुल्हाड़ी से वार कर किया लहूलुहान

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में रुपये न देने पर आरोपियों ने एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। महाराजपुर के जोधपुरवा गांव निवासी मोहम्मद इसराइल पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इसराइल के अनुसार 15 जुलाई की शाम को गांव के गोलू, सुनील, शिवकरन, राकेश और मिट्ठू ने उन्हें रास्ते में रोककर अभद्रता और मारपीट की। थाना प्रभारी ने बताया मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


यौमे आशूरा पर छुरियों से मातम करते बच्चे। अमृत विचार


कर्बला के लिए जाते ताजिया जुलूस। अमृत विचार


रावतपुर में अलम लेकर जाते अकीदतमंद। अमृत विचार

# ताजिए सुपुर्द-ए-खाक, हुसैन के दीवाने लहूलुहान

## पटकापुर से छुरियों से मातम करता हुआ कर्बला पहुंचे लोग, सुजातगंज में तलवार से मत्थे पर कमां लगाया, खून से लथपथ हुए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अब दिलों में है शहीदे कर्बला ठहरे हुए। बच गया इस्लाम काम आया 72 का लहू। कर्बला में शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में बुधवार को शहर की विभिन्न कर्बला में ताजिये दफन कर दिये गये। छुरियों और तलवार से मातम करके सैकड़ों लोग लहूलुहान हो गए।

बुधवार को सुबह से ही बड़ी कर्बला नवाबगंज और छोटी कर्बला ग्वालटोली मकबरा में हजारों अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी रही। कर्बला पहुंचकर अकीदमंदों ने शोहदा-ए-करबला को नजराना पेश किया। पटकापुर की अंजुमन मोईनउल मोमिनीन की अगुवाई में छुरियों से मातम करते हुए अकीदतमंद ग्वालटोली पहुंचे। अंजुमन रिजविया, अंजुमन चश्म कौसर अंजुमन रजाए इस्लाम हीरामन पुरवा से अंजुमन गुलदस्ते हैदरी, चमनगंज अंजुमन सक्काऐ हरम, अंजुमन शमशीर हैदरी, कर्नलगंज से अंजुमन पंजेतनी, अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी, अंजुमन अबूतराबिया और व अंजुमन अनवरे पंजेतनी, बेकनगंज से अंजुमन मजलूमिया और जाजमऊ से अंजुमन नासिरुल ईमान, ग्वालटोली से अंजुमन फिरदौसिया, अंजुमन मोहम्मदी मोईनउल अजा, अंजुमन जाफरिया अंजुमन हुसैनी ब्रदर्स, अंजुमन शब्बीरिया और अंजुमन मासूमिया के भी मातमी जुलूस छोटी कर्बला ग्वालटोली मकबरा पहुंचे। ऐसे ही सुजातगंज से भी मातमी जुलूस करते हुए बगाही कर्बला पहुंचा। इसी प्रकार सुजातगंज, जूही लाल कालोनी, ग्वालटोली, छोटे मियां हाता, गम्मू खां हाता समेत कई स्थानों पर मातम किया गया और जुलूस छुरियों और जंजीर का मातम करते हुए कर्बला पहुंचे। देर शाम बड़ी कर्बला नवाबगंज, छोटी कर्बला ग्वालटोली मकबरा, रावतुपर कर्बला, बगाही कर्बला, मछरिया कर्बला समेत शहर के विभिन्न कर्बला में ताजिए दफना दिये गए। बड़ों के अलावा छोटे बच्चों को भी तलवार से कमां (तलवार से सिर पर हल्का वार) लगाया गया।


पटकापुर से निकाले गये जुलूस में मातम करते चले लोग। अमृत विचार

### ताजिया जुलूस में नौहाख्वानी, इमामबाड़ों पर फातिहा

- यौमे आशूरा यानी दस मोहर्रम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कर्बला के लिए ताजिया जुलूस निकाले गये जिसमें हजरत इमाम हुसैन की याद में नौहाख्वानी की गई। फजलगंज से उठा जुलूस भन्नानापुरवा, चमनगंज, तलाक महल होते हुए छोटी कर्बला पहुंचा। जबकि तलाक महल का एक ताजिया जुलूस झकरकटी पुल से होते हुए बगाही कर्बला पहुंचा। अन्य जुलूस भी कर्बला पहुंचे। इन जुलूसों में महिलाएं एक ओर नौहाख्वानी करती चल रही थीं तो पुरुष अखाड़ा में करतब दिखा रहे थे। इमामबाड़ों पर फातिहाख्वानी की गई। ताजिया जुलूस के रास्तों में हजारों स्थान पर बिरयानी, खिचड़ा, जर्दा, पानी के पाउच, रुह अफजा का शर्बत वितरित किया गया।

- **पैकियों ने गंगा किनारे खोली कमर, नियामत लेकर घर वापस :** हजरत इमाम हुसैन के दूत के रूप में पैकी बने हजारों लोगों विशेषकर बच्चे देर रात बड़ी कर्बला नवाबगंज पहुंचे और वहां गंगा किनारे कमर खोली और नियामत (प्रसाद) लेकर घर वापस आ गये। मोहर्रम की रात में हजारों पैकियों की हुजूम अपने पुराने रास्ते से दौड़ते हुए बुधवार को सुबह छह बजे बड़ी कर्बला नवाबगंज पहुंचा। नवाबगंज में अपनी कमर (कमर में बंधी बद्धी और हाथ में बंधा कलावा) खोला और फिर नियामत (प्रसाद) लेकर अपने घर चले गये।

- **शिया मुसलमानों ने फाका किया, दहाड़े मारकर रोये :** शिया मुसलमानों ने फाका रहकर शाम 4.30 बजे कर्बला के 72 शहीदों की बारगाह में हाजरी पर नज्र दिलाकर फांका तोड़ा। नमाजे मगरिब पढ़ने के बाद हजारों मातमदार इमाम बारगाह आगामीर छोटी कर्बला मकबरा पहुचे। हजरत मौलाना सैफ अब्बास ने कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों पर हुए जुल्म की दास्तान सुनाई तो लोग रोने लगे। बाकर मेहदी हसन मेंहदी, नवाब हैदर अब्बास, हसन अब्बास, जावेद हुसैन, बशीर हैदर, ताज मिर्जा, कुमैल अब्बास, अख्तर सीतापुरी नजरे आलम जाफरी रहे।

# अली असगर का खून सना कुर्ता देख आंखें भर आईं

**कानपुर।** हाशमी तिराहा चमनगंज में यौमे आशूरा के मौके पर कर्बला की नायाब चीजों की जियारत कराई गई। जिसमें छह माह के हजरत अली असगर का खून से सना कुर्ता देख लोगों की आंखें भरभरा गईं। बुधवार को हाशमी तिराहा पर पहले जलसा हुआ जिसमें मौलाना ने करबला के घटनाक्रम को बयान किया। कर्बला की नायाब चीजों की जियारत करने वालों की भीड़ उमड़ी रही। नायाब चीजों की जियारत करके हर किसी की आंखें नम हो गईं। डॉ. सैयद सुल्तान हाशमी, डॉ सैयद इकबाल अहमद हाशमी, डॉ सैयद आफताब अहमद हाशमी, आसिफ इकबाल हाशमी, डॉ सैयद मोईनुद्दीन हाशमी, डॉ सैयद जीशान अहमद हाशमी, हाफिज सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी(मीडिया इंचार्ज), सैयद अबु तालिब हाशमी, डॉ फिरोज हाशमी, डॉ वसीम हाशमी, उबैदुर्रहमान हाशमी, सैयद अली हाशमी, सैयद अबान, डॉ साबिर अली हाशमी, हाफिज रिजवान बरकाती, तौहीद खान, शेखू खान आदि मौजूद थे।

## आकर्षण बनी जौ की ताजिया


मोहर्रम पर शहर में जगह जगह से निकले ताजिया जुलूस छोटी कर्बला पहुंचे। इसमें जौ की ताजिया लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। जौ की ताजिया मेस्टन रोड मैदा बाजार में मोहम्मद इमरान ने अपनी कमेटी के सहयोगियों के साथ तैयार की है। मोहम्मद इमरान ने बताया ये जौ की ताजिया कानपुर में सिर्फ एक बनाई जाती है। कई वर्षों से परम्परा निभाई जा रही है। फोटो - मनोज तिवारी

## एक नजर

### पत्नी पर तमंचा तानकर जान से मारने की दी धमकी

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में मंगलवार रात पति ने पत्नी पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी। बेटे ने 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नौबस्ता धरीपुरवा निवासी अनुराग राजपूत ने बताया कि पिता मनोज राजपूत ऑटो चालक हैं। आरोप है कि वह शराब पीकर घर आते और गाली-गलौज व मारपीट करते हैं। मंगलवार रात भी पिता शराब पीकर आए थे और मां से गाली-गलीज व मारपीट करन लगे। इस बीच उन्होंने मां पर तमंचा तान दिया और गाली देने लगे। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### युवक को घर जाने से रोककर पीटा

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के आवास विकास हंसपुरम के पास किराए पर रहने वाली महजबी ने पांच लोगों पर बेटे को पीटने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि उनका बेटा समीर 15 जुलाई की रात करीब 12 बजे जुलूस देखकर लौट रहा था, तभी मछरिया में हरी मजार के पास रहने वाले शिबू दद्दा और उसके चार दोस्तों ने बेटे को रोका कि जुलूस में रहो घर न जाओ। मना करने पर सभी आरोपियों ने बेटे को पीटा और उसके सिर पर डंडा मार दिया जिससे उसका सिर फट गया है। नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मंदिर से त्रिशूल चुराते चोर पकड़ा, रिपोर्ट

**कानपुर।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर में लगे त्रिशूल को चोरी करते युवक को इलाके के लोगों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। मंदिर के पास रहने वाले रजत गुप्ता ने बताया मंगलवार देर रात 12:15 बजे करीब घर के बगल में स्थित हनुमान मंदिर से कुछ आवाज आ रही थी। उन्होंने देखा तो एक व्यक्ति त्रिशूल को तोड़कर चोरी कर ले जाने की कोशिश कर रहा था। जिस पर पड़ोसी के साथ जाकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने अपनी पहचान दलेलपुरवा बेकनगंज निवासी मोहम्मद दानिश के रूप में बताई। थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया इलाके के लोग आरोपी को पकड़ कर लाए थे। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

### सरिया लूट में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन शोरूम से सरिया लूटने के मामले में फरार चल रहे 25,000 रुपये के इनामी खुतरा उर्फ सोहराब उर्फ छुटकन निवासी अकरमपुर थाना कोतवाली उन्नाव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया कि आरोपी के ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं।

# रावतपुर कर्बला में ताजियादारों का स्वागत, जूही में लंगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर सैय्यद नगर अरमापुर, काकादेव, रोशन नगर, शास्त्री नगर, विजय नगर के जुलुस रावतपुर कर्बला पहुंचे जहां ताजिया लेकर आए ताजियादारों का स्वागत किया गया। रावतपुर गांव इस्तकबाल करबला कमेटी के अध्यक्ष सरफराज खान और मुतवल्ली/ प्रबंधक कैफ मोहम्मद खान और अन्य साथियों ने किया। मेले में 75 बड़ी ताजिए दफन हुईं। डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी ,वकील अहमद, मोहम्मद अकरम सिद्दीकी, बाबू अली अंसारी, अब्दुल कलीम राजू,शेखू ,सद्दाम हुसैन, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद एजाज अली, मो इरफान,फजलू रहमान, जाकिर अली, मो लईक आदि मौजूद रहे। उधर जूही लाल कॉलोनी में उत्तर प्रदेश तंजीम मोमिन कमेटी ने हुसैनी जुलूस में शिरकत करने वालों को ठंडे पानी, शरबत, खिचड़ा, बिरयानी बिस्कुट आदि का लंगर किया।

जुलूस का संचालन शाकिर हुसैन, जाकिर हुसैन ने किया। तुफैल वारिस, सरफराज अहमद,इमरान पठान, इनायत अली, नासिर हुसैन, शालू खान, इम्तियाज अहमद मौजूद रहे।

# मोहर्रम जुलूस में चले लाठी-डंडे, अफरा-तफरी मची

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार देर रात घंटाघर चौराहे पर मोहर्रम जूलूस में अलम आगे निकालने को लेकर युवकों के गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान वह एक-दूसरे को दौड़ाकर लात-घूंसे, बेल्ट और डंडों लाठी से पीटने लगे। भारी भीड़ के कारण वहां पर अफरातफरी मच गई। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

रात करीब सवा एक बजे मोहर्रम का जुलूस लेकर तकरीबन 100 लोग एक्सप्रेस रोड से कलक्टरगंज की तरफ जा रहे थे। घंटाघर चौराहे पर दो गुट गाड़ी और अलम आगे निकालने को लेकर आमने-सामने आ गए। गालीगलौज और फिर मारपीट शुरू हो गई। दोनों तरफ से करीब 10 मिनट तक जमकर लाठी-डंडे व बेल्टें चलीं। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें भी आईं। घटनास्थल पर और फोर्स बुलाकर दोनों पक्षों के लोगों को समझाकर विवाद शांत कराया। इसके बाद जुलूस आगे बढ़ा। हरबंश मोहाल थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह का कहना है कि किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है। इस संबंध में एसीपी कलक्टरगंज मोहसिन खान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखकर जांच की जा रही है।

### जूही में उत्तेजक नारे लगाने पर मचा हड़कंप, 50 पर एफआईआर

मंगलवार देर रात दक्षिण जोन में भी माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। बुधवार सुबह 13 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जो जूही परमपुरवा का बताया जा रहा है। जिसमें उत्तेजक नारे लगाए जा रहे हैं। वायरल वीडियो परमपुरवा में भाजपा से महिला पार्षद के घर के बाहर का है। जिसमें बड़ी संख्या में एक समुदाय के लोग जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने जांच के आदेश दिए हैं। जुलूस संचालक अनीस समेत 50 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- घंटाघर चौराहे पर मंगलवार देर रात अलम आगे ले जाने को लेकर भिड़े दो गुट
- लात-घूंसे, डंडे-बेल्ट चले, पुलिस ने शांत कराया, झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### अनवरगंज में चली चाकू, गुपचुप कराया उपचार

- अनवरगंज थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात दो गुटों में मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। पुलिस घायल युवक को ई-रिक्शा में डालकर चुपचाप केपीएम अस्पताल पहुंची। इसके बाद प्राथमिक उपचार कराकर उसे मीडियाकर्मियों से बचाकर जीप में बैठाकर अपने साथ ले गए। अनवरगंज थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि दलेलपुरवा चीना पार्क निवासी कल्लू और अर्सलान किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए थे। अर्सलान ने कल्लू के गले में चाकू मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घटना थाना बेकनगंज क्षेत्र की है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेनें ओवरक्राउड, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इस समय हर दूसरी ट्रेन में ओवरक्राउड की समस्या है और आरक्षित टिकट के साथ यात्रा करने वाले समस्या झेल रहे हैं। यात्रियों के शिकायत करने के बाद भी रेलवे स्टाफ इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जनरल टिकट पर यात्री आरक्षित कोचो में सफर कर रहे हैं।

विहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के आरक्षित कोच में अनाधिकृत सफर कर रहे लोगों की शिकायत के बाद भी कोई अधिकारी अटेंड करने नहीं पहुंचा। इसी तरह



गोमती एक्सप्रेस का डी-11 कोच ओवरक्राउड का शिकार रहा। यात्री परमवीर सिंह ने इसकी शिकायत की, मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ। नेताजी एक्सप्रेस के एस-10 कोच में ओबरक्राउड की समस्या पर देवाशीष मंडल ने ट्वीट कर शिकायत की। इसी तरह सूबेदारगंज एक्सप्रेस, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस. ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में भी ओवरक्राउड की शिकायत पर आरपीएफ व जीआरपी ने कोई चेकिंग नहीं की और यात्री हल्ला मचाते हुए रवाना हो गए। यात्रियों के अनुसार टीटीई मैसेज करके शिकायत करते हैं, मगर सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं एसीएम संतोष त्रिपाठी का कहना है कि ओवरक्राउड समस्या की नियमित चेकिंग की जा रही है। आरक्षित कोच से अनाधिकृत यात्रियों को उतारा जा रहा है और दूसरे कोचो में शिफ्ट करा रहे हैं।

# चालिहा महोत्सव पर बहराणा साहब की पूजा-अर्चना

**कानपुर।** चालिहा महोत्सव पर झूलेलाल मंदिर में बहराणा साहब की पूजा अर्चना की गई। झूलेलाल चालिहे साहिब की लख लख बधाई दी गई। बुधवार को चालिहा महोत्सव पर महिलाओं ने भक्ति गीत गाए। इस दौरान आयो लाल झूलेलाल का जयघोष होता रहा। पूजा अर्चना के कार्यक्रम में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर से देर शाम ढोकला नृत्य करता हुआ एक जत्था गंगा पहुंचा और वहां बहराणा साहब को विसर्जित किया गया। इसी प्रकार गुजैनी स्थित झूलेलाल मंदिर में वरुण चालिसा का पाठ हुआ, आरती हुई, पलव साहिब का पाठ हुआ। देर शाम मर्दनपुर स्थित समाधा आश्रम में बहराणा साहब को विर्सजित कर दिया गया। अशोक भटेजा आरके बजाज कमल लखूजा कमलेश वालेचा आदि मौजूद थे। अध्यक्ष मनोज माखीजा ने बताया कि चालीहा महोत्सव के दिन 24 अगस्त शाम 7 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## सार-संक्षेप


पवन साड़ी सेंटर में फ्री में मेहंदी लगाई जा रही। अमृत विचार

### पवन साड़ी एवं किड्स कलेक्शन में ऑफर

**कानपुर।** श्याम नगर स्थित पवन साड़ी एवं किड्स कलेक्शन ने अपने ग्राहकों को खरीद पर छूट ऑफर की है। बताया गया कि आने वाले पर्व 'हरियाली तीज' व 'रक्षाबंधन के अवसर पर पवन साड़ी अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लेकर आए हैं। जिसमें हर 1 हजार रुपये की खरीद पर फ्री मेहंदी लगाई जाएगी। इसी तरह 5 हजार रुपये की खरीद पर ग्राहकों को एक सोने की 'नोज पिन' बिल्कुल फ्री दी जा रही है। बताया गया कि पवन साड़ी में जयपुर, सूरत, कोलकाता, बनारस, बेंगलुरु सहित अन्य शहरों की उच्च कोटि की आधुनिक डिजाइनर साड़ियां, वैवाहिक साड़ियां, प्रिंटेड कॉटन साड़ियां, एक्सक्लूसिव साड़ियां, लहंगा, गाउन, गरारा, शरारा, कुर्तियां, सलवार सूट आदि की वैरायटी उपलब्ध है। बताया गया कि इस उत्पादों के अलावा उनके यहां पर न्यूबॉर्न बेबी से 12 साल तक के बच्चों के लिए हर प्रकार के डेली यूज एवं पार्टी वियर कपड़ों की विस्तृत एवं एक्सक्लूसिव रेंज उपलब्ध है।

### इटावा कृषि इंजीनियरिंग कालेज में 21 से प्रवेश पंजीकरण


डॉ. एनके शर्मा।

**कानपुर।** छात्र-छात्राओं को कम फीस में प्रवेश देकर इंजीनियरिंग में करियर बनाने की सुविधा डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग महाविद्यालय प्रदान कर रहा है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के इटावा स्थित इस इंजीनियरिंग कालेज में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यूपी कैटेट के माध्यम से परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राएं बीटेक, एमटेक कोर्स के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग से इस कालेज में प्रवेश ले सकते हैं। जेईई एवं यूपी कैटेट में सफल अभ्यर्थी ही प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। प्रवेश के लिए प्रथम काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन 21 से 23 जुलाई तक होगा। महाविद्यालय में हॉस्टल के साथ अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्र छात्राएं एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में ईसी, सीएस, एमई में प्रवेश लेकर भी अपना करियर और भविष्य बना सकते हैं। महाविद्यालय में स्कॉलरशिप भी उपलब्ध है।

**आम बजट से उम्मीद** | जीएसटी काउसिंल की बैठक में 128-ए शामिल करने पर विचार हो चुका

# जीएसटी अधिनियम में धारा 128 ए शामिल होने के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक में जीएसटी अधिनियम में धारा 128-ए को शामिल करने पर विचार किया गया था, लेकिन अभी तक इस संबंध में नोटीफिकेशन या सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। ऐसे में उम्मीद है कि बजट में सरकार धारा 128 ए को शामिल करने की घोषणा कर सकती है। इस धारा के लागू होने से व्यापारियों का बड़ा वर्ग लाभांवित होगा।

जीएसटी विशेषज्ञ एवं कर सलाहकार मुकुंद दास गुप्ता के अनुसार उम्मीद है कि सरकार बजट में जीएसटी अधिनियम में धारा 128 ए को शामिल कर सकती है। इस धारा के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए धारा 73 के अंतर्गत निकाली गई मांग से संबंधित ब्याज और पेनाल्टी या दोनों में सशर्त छूट दी जा सकती है।

### एमएसएमई से माल की खरीद पर भुगतान में समय सीमा हटाई जाए

- इसी तरह एमएसएमई से खरीदे गए माल का भुगतान 15 दिन के अंदर व लिखित अनुबंध होने पर अधिकतम 45 दिन में करने के नियम धारा 43 बी की उप धारा एच को एमएसएमई यूनिटों में पूंजी की तरलता उपलब्ध कराने के लिए लाया गया था, किंतु परिणाम उल्टा निकला। कारोबारी ने निर्माता पंजीकृत, माइक्रो एवं लघु एमएसएमई की यूनिटों से माल की खरीद बंद कर दी। इसका कारण यह है कि भुगतान क्रेता-विक्रेता के मध्य आपसी सहमति पर निर्भर करता है। ऐसे में वित्त मंत्री से उम्मीद है कि इस नियम को हटाया जाए।




### बही खाता की अनिवार्यता 7 लाख आमदनी और 40 लाख बिक्री पर करें

- इसी प्रकार आयकर अधिनियम की धारा 44 एए के अंतर्गत अनिवार्य रूप से बही खाता रखने के नियम में धनराशि की सीमा में बढ़ोतरी की आवश्यकता है। आमदनी की सीमा कम से कम 7 लाख तथा विक्रय धन की सीमा कम से कम 40 लाख रखनी होगी। कर सलाहकार ने बताया कि कारोबारी खर्च के मद में धारा 40 ए (3) में नकद भुगतान सीमा 10 हजार है। इसे बढ़ाकर कम से कम 30 हजार किया जाना चाहिए। पार्टनरशिप फर्म के मामले में आयकर की वर्तमान दर 30 फीसद है, जिसे घटाकर बिना शर्त 25 फीसद किए जाने की आवश्यकता है। इसी तरह ट्रांसपोर्टर भाड़े की सीमा कम से कम 35 हजार से बढ़ाकर 50 हजार किया जाना चाहिए।

# बिधनू में प्रेमी युगल की मौत की गुत्थी उलझी

## वीडियोग्राफी के बीच तीन डॉक्टरों के पैनल से हुआ पोस्टमार्टम, रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित

फॉलोअप

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** बिधनू थाना क्षेत्र की खड़ेसर चौकी क्षेत्र के कड़री चंपतपुर गांव के बाहर श्मशान घाट के पास मंगलवार को प्रेमी युगल के शव मिलने के मामले में रहस्य गहराता जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने से कहानी हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गई है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों का बिसरा सुरक्षित किया गया है। पोस्टमार्टम में शव तीन दिन पुराने होने का अनुमान लगाया गया है, जिससे यह साफ है कि दोनों के लापता होने वाले दिन ही मौत हुई थी।

बिधनू थाना क्षेत्र के कड़री चंपतपुर गांव के मिहीलाल दिवाकर की 32 वर्षीया पुत्री सीमा की शादी कानपुर देहात के अकबरपुर क्षेत्र के बारा नसरतपुर गांव के हरिशंकर के साथ हुई थी, लेकिन शादी के बाद ज्यादातर वह अपने मायके में ही रही। गांव वालों की मानें तो शादी के करीब पांच साल के दौरान वह दो-तीन बार ही ससुराल गई। उसका पति हरिशंकर प्राइवेट नौकरी करता है। तीन दिन पहले सीमा के साथ ही गांव के प्रेम सिंह यादव का पुत्र सोनू सिंह अचानक लापता हो गए थे, जिनके मंगलवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर रिंद नदी के किनारे श्मशान घाट के पास शव बरामद हुए थे।

प्रेमी सोनू सिंह का जहां शीशम के पेड़ पर गमछे के फंदे पर शव लटका मिला था, वहीं उसी के नीचे खेत पर सीमा का क्षत-विक्षत शव पड़ा था। सीमा के शव को कुत्तों का झुंड नोट रहा था। कुत्तों का झुंड दिखने पर शवों का पता चला था। दोनों के परिजन मौके पर पहुंचे थे और एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया था।

बुधवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कि गया। वीडियोग्राफी के साथ तीन डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें कांशीराम ट्रामा सेंटर के डॉ. सुमित मिश्रा, शिवराजपुर सीएचसी के डॉ.विनोद कुमार और कल्याणपुर सीएचसी की डॉ. अर्चना सिंह शामिल रहीं। बताते हैं कि सोनू की हैंगिंग से मौत की बात सामने आई है, लेकिन स्पष्ट नहीं होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया है। सीमा की मौत की वजह भी स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। शव तीन दिन पुराने होने का अनुमान लगाया है। सीमा की स्लाइड भी बनाई गई है, जिसकी जांच होगी।

**राज गहराया**

- पोस्टमार्टम में तीन दिन पहले की मौत की बात सामने आई
- जांच के लिए सीमा की स्लाइड भी तैयार की गई


सोनू सिंह।


सीमा।

### अबूझ पहेली बने मोबाइल

दोनों के मोबाइल फोन अबूझ पहेली बनकर रह गए हैं। आखिर दोनों के मोबाइल फोन कहां गए? इस बारे में पुलिस कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। हालांकि बताया जा रहा है कि सोनू का मोबाइल उसकी पैंट की जेब में मिला था, लेकिन थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह इससे इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### चार लोगों से पूछताछ कर रही बिधनू थाने की पुलिस

पूरे मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस की एक टीम गहराई से जांच-पड़ताल में जुट गई है। बताया जाता है कि पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। दरअसल, जिस दिन दोनों गायब हुए, उसी दिन मौत की बात सामने आने के बाद पुलिस भी हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गई है। युवक के शरीर पर चोट के निशान और खून के धब्बे मिलने पर पुलिस का कुछ लोगों पर शक गहराया है, जिसकी तह तक पहुंचने के लिए बारीकी से तहकीकात की जा रही है।

### दोनों के पकड़े जाने पर गांव में हुई थी पंचायत

बताते हैं कि सोनू और सीमा को पांच साल पहले एक साथ पकड़ा गया था, जिसके बाद गांव के बुजुर्गों की पंचायत हुई थी। पंचायत में समझौता हुआ था और यह शर्त रखी गई थी कि दोनों एक-दूसरे से न तो मिलेंगी और न ही एक-दूसरे की तरफ देखेंगे। इस पंचायत के 15 दिन बाद ही दोनों घर से भाग गए थे। दोनों के भागने के बाद सीमा के पिता ने सोनू के खिलाफ बिधनू थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। गांव से भागने के बाद सोनू अपनी बहन के यहां कानपुर में सीमा को लेकर रह रहा था।

### एक साल जेल में रहा सोनू, मुकदमा विचाराधीन

प्रेमी सोनू सिंह के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वह करीब एक साल तक जेल में रहा। इसी बीच सीमा की शादी कर दी गई थी, लेकिन जमानत मिलने पर जब सोनू जेल से बाहर आया तो दोनों की मुलाकात और बात फिर शुरू हो गई थी। दोनों के घर आगे-पीछे वाली गली में हैं। सोनू ड्राइवर था। सोनू सिंह के खिलाफ दर्ज मुकदमा अभी भी अदालत में विचाराधीन है।

# तार टूटकर ट्रक पर गिरने से चालक की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** सजेती थाना क्षेत्र में एक ट्रक पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर जाने से चालक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक से तार को हटाकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सजेती थाना क्षेत्र के श्रीनगर रोड पर मुस्तफाबाद गांव के पास प्रतापगढ़ जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के चौरास गांव का रहने वाला चालक रोहित पांडेय (45) पुत्र प्रेमशंकर पांडेय ट्रक लेकर सजेती से श्रीनगर जा रहा था। इसी दौरान हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर ट्रक में गिर जाने से करंट दौड़ गया, जिससे चालक रोहित पांडेय ट्रक की केबिन में ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने तार को ट्रक से हटाया और फिर चालक रोहित पांडेय के शव को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक ट्रक चालक के परिजनों और मालिक को सूचना दी गई है। परिजनों के पहुंचने के बाद सजेती पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

**हादसा**

- सजेती क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव के पास हुआ हादसा
- केबिन में बैठा था ड्राइवर, तार हटाकर निकाला गया


इसी ट्रक में हुआ हादसा। अमृत विचार

# डीपीएस कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने राकेश त्रिवेदी

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** ककवन कस्बे के डीपीएस इंटर कॉलेज में बुधवार को प्रबंध समिति का चुनाव कराया गया। अपर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रशांत कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में 12 सदस्यीय समिति ने पांच पदाधिकारियों का चयन किया, जिसमें राकेश कुमार त्रिवेदी को प्रबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया है। नए पदाधिकारियों को मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

चुनाव में राजकुमार तिवारी उपाध्यक्ष, राजेंद्र बाजपेई सह प्रबंधक और रामनारायण द्विवेदी को कोषाध्यक्ष चुना गया है। विद्यालय प्रबंध समिति में प्रबंधक पद के लिए ललित कुमार शुक्ला को लगातार दूसरी बार चुना गया। इस मौके पर विद्यालय परिवार से जुड़े सदस्य भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान विद्यालय परिसर में ही मौजूद रहे।

नए पदाधिकारियों के चयन के बाद सदस्यों ने माला पहनकर सभी का स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनुराग अवस्थी, सोनू शुक्ला, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार पांडेय, शिक्षक दिनेश कुमार द्विवेदी, वाचस्पति शास्त्री, बृजेश कुमार पाल भी मौजूद रहे। प्रबंध समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों ने विद्यालय के विकास के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।


प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर दिखा उत्साह। अमृत विचार

- ललित कुमार शुक्ला को दूसरी बार प्रबंधक चुना गया
- राजकुमार तिवारी उपाध्यक्ष व राजेंद्र बाजपेई सहप्रबंधक बने

# बारिश नहीं, उमस भरी गर्मी से हर कोई बेहाल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में उमस भरी गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। कभी तेज धूप तो कभी आसमान में बादल उमड़ते रहे। इससे लोगों की रात की नींद व दिन का सुकून छिन गया है। बुधवार को घने बादलों से लोगों को बारिश की संभावना थी, लेकिन कुछ जगह बूंदाबांदी के बाद फिर धूप निकलने से बढ़ी उमस ने बेचैन कर दिया।

मौसम बार-बार करवट बदल रहा हैं। इसके साथ ही तापामन में भी उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। रात में न्यूनतम पारा सामान्य से दो डिग्री ऊपर जाकर 29 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे बढ़ी उमस भरी गर्मी ने लोगों की नींद तक हराम हो गई। बुधवार को आसमान में बदली के साथ दिन शुरू हुआ। घने बादलों को देख कर लोगों को ठीकठाक बारिश की उम्मीद जगी थी, लेकिन दोपहर में मौसम ने करवट बदली और धूप निकलने के साथ ही उमस भरी गर्मी बढ़ने से लोग पसीना-पसीना हो गए।

दोपहर में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब पौने पांच डिग्री ऊपर 36.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे बढ़ी उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। घरों में पंखे-कूलर तक दगा दे गए। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने अनुसार अगले पांच दिन हल्के बादल छाए रहेंगे। इसके साथ ही 19-21 जुलाई के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

- 19 से 21 जुलाई के बीच बारिश होने की जताई संभावना

### दवा का छिड़काव...


साढ़ क्षेत्र में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव किया गया। भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनीष तिवारी ने बताया कि बरसात में अनेक प्रकार के रोग होते हैं। इन रोगों की रोकथाम के लिए साढ़ कस्बे में दवा का छिड़काव किया गया। अधीक्षक ने खुद मौके पर रहकर दवा का छिड़काव कराया। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले कोरथा और पानीपुरवा में छिड़काव कराया गया था। सभी गांवों को चिह्नित कर दवा का छिड़काव कराया जाएगा, ताकि रोगों की रोकथाम हो सके। इस समय संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा है। ● अमृत विचार

# चोरी और छेड़छाड़ के आरोपी भेजे गए जेल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** विभिन्न मामलों में वांछित दो अपराधियों को मंगलवार देर रात चौबेपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके खिलाफ कूपन चोरी करने का मुकदमा दर्ज है।

कानपुर नगर के बर्रा स्थित फारवेल फेरेगंस फैक्ट्री से शुद्ध प्लस सिल्वर पान मसाला के कूपन चुराकर भागने वाले उन्नाव जिले के सफीपुर क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी भोला पुत्र पितई की पुलिस को काफी समय से तलाश थी। मंगलवार की देर रात थाने के उप निरीक्षक दीपक कुमार और एसआई सहदेव राजपूत ने बंदीमाता रोड के ओवरब्रिज के निकट घेरेबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। चोरी के बाद से वह फरार चल रहा था।

वहीं क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में निसोन गांव के सूरज राजपूत पुत्र राकेश की पुलिस को तलाश थी। उपनिरीक्षक अरविंद कुमार व हेड कांस्टेबल श्याम सिंह ने देदूपुर के समीप से उसे गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि दोनों अपराधियों को जेल भेजा गया है।

- एक आरोपी गुटका कंपनी के कूपन चोरी कर भागा था
- दूसरा आरोपी छेड़छाड़ के एक मामले में फरार चल रहा था

# स्कूल में पहले झाड़ू लगाते, फिर चटाई बिछाते बच्चे

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** पतारा विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर में प्रधानाध्यापक की उदासीनता के चलते छात्र एवं छात्राओं के अभिभावकों में खासा रोष व्याप्त है। अभिभावकों का रूप है कि प्रधानाध्यापक संदीप द्विवेदी विद्यालय में कई समय से नहीं आते जिससे चलते विद्यालय से अभिभावकों का विश्वास उठ गया है।और बच्चों को कान्वेंट स्कूल में पढ़ने को मजबूर हो रहे हैं।

पतारा विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर गांव में प्रधानाध्यापक की उदासीनता का शिकार विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं हो रही हैं। यहां पर छात्र एवं छात्राएं स्कूल पहुंचकर सर्वप्रथम विद्यालय में झाड़ू के साथ-साथ स्वयं चटाई बिछाकर बैठने को मजबूर हो रहे हैं। पढ़ाई के नाम पर सिर्फ खाना पूरी हो रही है। विद्यालय में मौजूद शिक्षामित्र प्रमोद कुमार ने बताया कि विद्यालय में छात्र संख्या 70 से घटकर 36 रह गई है। अभिभावकों में अनिल कुमार, शैलेंद्र सचान, वीरेंद्र कुमार, अभिनव कुमार, डालचंद आदि अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के महेश चंद्र, सुषमा देवी, दुर्गेश,जयचंद्र, पूनम गुप्ता, भारती देवी मधु देवी, सुधा देवी ने बताया कि प्रधानाध्यापक संदीप द्विवेदी कानपुर से मोतीपुर गांव पढ़ाने आते हैं, जिसकी दूरी 70 किलोमीटर है। जिसके चलते वह कभी भी विद्यालय समय से नहीं आ पाते।

विद्यालय मात्र दो शिक्षामित्रों के सहारे चल रहा है। अभिभावकों ने बताया कि अगर यही स्थिति रही तो विद्यालय में छात्र संख्या और भी कर सकती है। इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि संदीप द्विवेदी प्रधानाध्यापक की शिकायतें मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**लापरवाही**

- महज दो शिक्षामित्रों के सहारे चल रही बच्चों की पढ़ाई
- उदासीनता से छात्रों की संख्या 70 से घटकर 36 पहुंची


मोतीपुर के विद्यालय में चटाई बिछा रहे बच्चे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### साढ़ थाने के सामने जनसेवा केंद्र में हुई टप्पेबाजी

**साढ़।** कस्बे के चौराहे पर थाने के ठीक सामने जनसेवा केंद्र में 18,500 रुपये की टप्पेबाजी हो गई। कस्बे के ज्ञानेन्द्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दोपहर लगभग 3 बजे कार में दो पुरुष और एक महिला थी। एक व्यक्ति ने अपने क्यूआर पर 18,500 रुपये ट्रांसफर कराए और बोला कार से रूपये लाकर देता हूं। वह रुपये लाने के बहाने कार के पास गया, जो पहले से ही स्टार्ट खड़ी थी। वह कार में बैठकर रफूचक्कर हो गया। काफी दूर तक कार का पीछा किया गया, लेकिन टप्पेबाज भागने में कामयाब रहे। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### रेप का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**घाटमपुर।** सजेती थाने की पुलिस ने दुराचार के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के धमना बुजुर्ग गांव के वेदप्रकाश तिवारी के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस इसकी लगातार तलाश कर रही थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर गायब था। मुखबिर की सूचना पर आखिर वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सजेती थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि वेद प्रकाश तिवारी बलात्कार के मामले में वांछित था, जो फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


मोहर्रम — 10वीं पर अखाड़ों के साथ निकाला गया ताजियों का जुलूस, जंग में शहीद हुए हजरत हुसैन की याद में गमगीन हुआ माहौल

# गम का इजहार कर कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किए गए ताजिया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** कर्बला शरीफ की जंग में शहीद हुए हजरत हुसैन की याद में मोहर्रम की दसवीं तारीख को ताजियों व अखाड़ों का जुलूस गमगीन माहौल में निकाला गया। दोनों अखाड़ों के जुलूस खलीफाओं की अगुवाई में निकाले गए। जुलूस में अकीदतमंदों की भीड़ रही।

मातमी धुनों के बीच ढोल-नगाड़ों की आवाज गूंजती रही। देर शाम कर्बला में नम आंखों से बड़े व छोटे ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किए गए। नगर के कजियाना वार्ड (बगिया मैदान) से अखाड़ों के साथ उठे ताजियों के जुलूस की अगुवाई खलीफा नदीम इलाही के साथ खलीफा इरशाद मंसूरी, खलीफा कमर अंसारी, खलीफा मो. आसिफ ने की।

नगर के कजियाना वार्ड से दूसरे अखाड़े के जुलूस के भीड़ की अगुवाई खलीफा जफर उल्लाह उर्फ मुन्ना, खलीफा वली मोहम्मद, खलीफा इमरान ऊर्फ अत्तू, खलीफा जन्मेजय गोस्वामी कर रहे थे। जुलूस के साथ अखाड़े के मैनेजर निसार खान, सभासद गुड्डू पठान, हफीज खान आदि रहे। जुलूस उठने से लेकर ताजियों के सुपुर्द खाक किए जाने तक थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह फोर्स के साथ रहे।


घाटमपुर में जुलूस के दौरान करतब दिखाते युवा। अमृत विचार


चौबेपुर में निकला जुलूस। अमृत विचार


जुलूस में बड़ी तादाद में ताजिया शामिल हुए। अमृत विचार

### शिवराजपुर में फातिहा के साथ लंगर का आयोजन

शिवराजपुर कस्बे की जामा मस्ज़िद में मुस्लिम समाज की ओर से ताजिया कुरानख्वानी, सहादतनामा फातिहा और लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम की दसवीं तारीख पर ताजिया निकाले गए और गम मनाया गया। सुन्नी समुदाय के लोगों ने रोजा रखकर गम मनाया। महिलाओं ने भी मातमपुर्सी की और शहादत की याद में गममनाया। जामा मस्जिद के इमाम हाफिज अकबर के साथ तौसीफ, अहसान, सलमान, जमील, समीर, जमीर, निसार, जायद, उस्मान, तनवीर, फैजान आदि मौजूद रहे।

### चौबेपुर में निकला अलम और ताजिया जुलूस

**चौबेपुर।** क्षेत्र में बुधवार को मोहर्रम परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौक पर कस्बे में निकाले गए जुलूस में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के गांवों और दूरदराज कस्बों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। जुलूस को देखने के लिए बड़ी तादाद में बच्चे व महिलाएं भी पहुंचीं। मोहर्रम की दसवीं तारीख पर बुधवार को कस्बे की जामा मस्जिद से दोपहर करीब 2 बजे अलम व ताजियों का जुलूस निकला, जो विभिन्न गलियों से होते हुए बिठूर रोड तिराहे के पास पहुंचा। जुलूस में हजरत इमाम हुसैन की याद में मातमी धुन पर नौहा व मर्सिया पढ़ी गई। जुलूस में स्थानीय लोगों के साथ शिवराजपुर, मंधना, नारामऊ आदि क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान जीटी रोड पर जगह-जगह पानी, शर्बत और मिष्ठान आदि के स्टाल भी लगाए गए। कुछ स्थानों पर बच्चों व युवाओं ने लकड़ी और तलवारबाजी के करतब भी दिखाए।

### कस्बे में चार घंटे भ्रमण

करीब 4 घंटे चौबेपुर कस्बे में भ्रमण के बाद शाम करीब 6 बजे बेला रोड स्थित कर्बला में ताजियों को नम आंखों से दफना दिया गया। इस मौके पर कमेटी के गुलजार कुरैशी, अब्दुल मजीद मंसूरी, अजमेरी कसाब, मेहताब फारुखी, फहीम कुरैशी, सरफराज, पप्पू कुरैशी, निसार अहमद, मोहम्मद अहमद, मो. नूर अहमद आदि मौजूद रहे। पचोर और बहलीपुर गांव में भी मोहर्रम का जुलूस निकाला गया।

## एक नजर

### जहर खाने से किशोरी की हालत गंभीर, रेफर

**संदलपुर।** जहर खाने से किशोरी की हालत बिगड़ गई। मंगलपुर थाना क्षेत्र के लौवा गांव निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी ने बुधवार को संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी हवासपुर ले गए। जहां डॉ. गौरव ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### जिला पंचायत की बैठक अब कल होगी

**कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में 20 जुलाई को वृहद पौधरोपण तिथि निर्धारित होने के चलते अध्यक्ष की स्वीकृति पर जिला पंचायत की पूर्व में निर्धारित बीस जुलाई को होने वाले बैठक में संशोधन किया गया है। उक्त जानकारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुरेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत की अब 19 जुलाई को सुबह 11:30 बजे सभागार में बैठक होगी।

### बिजली गिरने की धमक से युवक हुआ बेहोश

**पुखरायां।** आकाशीय बिजली गिरने पर युवक धमक लगने से बेहोश हो गया। पुरैनी गांव के दिलीप उर्फ कल्लू ने बताया कि उनका पुत्र हर्षित (18) खेत में बुआई करने के लिए गया था। तभी गरज के साथ बरसात होने लगी। युवक एक चिल्ला के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। जहां अचानक आकाशीय बिजली गिरने पर युवक को धमक लग गई और वह गिर गया। परिजनों को जानकारी होने पर बेहोशी हालत में सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

### युवक के लापता होने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** कस्बे के सुभाष नगर के रहने वाले महेश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका भाई महेंद्र कुमार (37) 8 जुलाई की दोपहर घर से बाहर गया था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं आया तो उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन महेंद्र का कुछ पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।

### स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता, रिपोर्ट

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी बेटी क्षेत्र के सरकारी विद्यालय की छात्रा है। 13 जुलाई को वह साइकिल से स्कूल पढ़ने के लिए निकली थी मगर स्कूल नहीं पहुंची। तलाश करने पर पता चला कि बेटी अयाना स्थित एक पंचर की दुकान पर साइकिल रख कर कहीं चली गई है।



जिला अस्पताल में सीएमएस से जानकारी लेते जिलाधिकारी आलोक सिंह।



महिलाओं से जानकारी लेते स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार



दो मौतों के बाद गहोलिया में मौजूद अधिकारी, पुलिस व लोगों की भीड़। अमृत विचार

# जमीन और आवास के वादे पर शव का अंतिम संस्कार

## गहोलिया गांव में फूड प्वाइजनिंग से दो बच्चों की मौत से नाराजगी ● राज्यमंत्री गांव पहुंचीं, घर-घर बांटी गई दवा

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** गहोलिया गांव में फूड प्वाइजनिंग से डायरिया की चपेट में आकर दो बच्चों की मौत के बाद दूसरे दिन बुधवार को अफसर गांव में डेरा जमाए रहे। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर पीड़ित परिवार ने अंतिम संस्कार से इंकार कर राहत की मांग उठाई। राज्यमंत्री और अधिकारियों ने भूमि का पट्टा, आवास और आयुष्मान कार्ड का लाभ देने का वादा कर अंतिम संस्कार कराया। स्वास्थ्य टीम ने घर-घर जांच की और दवा बांटी।

गहोलिया गांव में मंगलवार को रमेश कुशवाहा के घर में फूड प्वाइजनिंग के कारण आंतों के संक्रमण और डायरिया से पूरा परिवार संक्रमित हो गया था, जिससे रमेश की 3 वर्षीय पुत्री विद्या की घर में ही मौत हो गई थी, जबकि 11 वर्षीय अंजली ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया था। अंजली के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव जब बुधवार को घर पहुंचा तो ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और परिवार को मदद करने की मांग करने लगे।

अकबरपुर तहसीलदार पवन कुमार, नायब तहसीलदार रवींद्र मिश्रा, थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह के समझाने और मांगें पूरी करने के वादे के बाद ग्रामीण माने। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की



गहोलिया गांव में पीड़ित परिवार से जानकारी लेतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

और परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य अधिकारियों को मोहल्ले के प्रत्येक घरों की जांच के निर्देश दिए। दैवीय आपदा के तहत परिवार को आवास और जमीन का पट्टे देने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताया कि सरकारी सहायता के लिए परिवार को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। तहसीलदार पवन कुमार ने बताया कि परिवार को चार बीघा पट्टा, आवास, आयुष्मान कार्ड की मदद की जाएगी। डॉ. बीके सिंह व डॉ. पीके सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम ने घरों में जाकर संचारी रोग से निपटने के लिए जांच कर दवाएं बांटी। गांव की नालियों और घरों में दवा का छिड़काव हुआ।

### दो मौतों के बाद भोर पहर नालियों की हुई सफाई

**रूरा।** जिले में मौजूदा समय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाकर जागरूकता बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन गहोलिया गांव में जगह-जगह गंदगी व कूड़े के ढेर इसकी हकीकत बयां कर रहे हैं। गांव के रामनरेश, बाबूराम, नूरजहां आदि ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में आज तक कोई सफाई कर्मचारी नहीं आया। लोग खुद ही नालियां साफ करते हैं। दो मौतों के बाद बुधवार भोर चार बजे से ही नालियों की सफाई होने लगी। इसके पहले अगर सफाई होती तो शायद मौतें नहीं होती। ग्राम प्रधान ने बताया कि झींझक बीडीओ से शिकायत की गई थी, लेकिन गंदगी की समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। जलभराव से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्राम विकास अधिकारी मगन का कहना है कि रोस्टर के तहत गांव में सफाई कराई जाएगी।



चोक नाली व रास्ते पर कीचड़।

### जिलाधिकारी, सीएमओ ने पीड़ितों का लिया हाल

फूड प्वाइजनिंग से डायरिया के शिकार रमेश और उसके पुत्र सत्यम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी आलोक सिंह व सीएमओ डॉ. एके सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल लिया। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। पीड़ित रमेश ने बताया कि घर में चावल-रोटी बनी थी, जिसे खाने के बाद परिवार के सदस्यों की हालत बिगड़ गई थी। रात में सीओ सदर तनु उपाध्याय, अकबरपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. आईएच खान ने गांव जाकर पूरे मामले की जानकारी ली और गांव में जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए।

### एंबुलेंस से बेटी के अंतिम दर्शन को पहुंचे माता-पिता

फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुई अंजली के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद बुधवार को गांव पहुंचा। उसकी मां पूजा और पिता रमेश एंबुलेंस से एसडीएम सदर के साथ बेटी अंजली के अंतिम संस्कार में पहुंचे। ग्रामीणों ने घर पर ही माता-पिता को बेटी के अंतिम दर्शन कराने के लिए कहा, लेकिन अधिकारियों ने गांव के बाहर जाकर उनको अंतिम दर्शन कराए। इसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में शव का दाह संस्कार करने के लिए गौरियापुर ले जाया गया। इस दौरान प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारी कोई भी जवाब देने से बचते रहे। गांव में बजबजाती गंदगी को लेकर उनके पास कोई जवाब नहीं है।

# कक्षा एक-दो में अब आनंदमय गणित

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पुखरायां में प्राचार्य राजू राणा के निर्देशन में चल रहे नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को एनसीईआरटी आधारित आनंदमय गणित पाठ्य पुस्तक संदर्शिका और सहायक सामग्रियों के अनुप्रयोग के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2022 की अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए गणित की वर्तमान पुस्तक आनंदमय गणित को विकसित किया गया है। परिषदीय विद्यालयों में इसे इसी सत्र से लागू किया जाएगा। यह माना जा सकता है कि बाल्यावस्था में 3 वर्ष से 6 वर्ष



पुखरायां डायट में प्रशिक्षण लेते शिक्षक। अमृत विचार

● डायट में नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित प्रशिक्षण

तक बालक बाल वाटिका में कुछ ना कुछ स्थानीय संदर्भों से ज्ञान अर्जित करता रहता है, लेकिन हमारे देश की विविधताओं को देखते हुए हो सकता है।

संख्यात्मक ज्ञान से बच्चा कक्षा एक में ही रूबरू हो पाए। एसआरजी संत कुमार दीक्षित ने कहा कि इस स्तर पर बच्चे खेल और खिलौनों से अधिक आनंद लेते हैं। अतः विभिन्न गणितीय विचारों जैसे स्थानिक समझ संख्यात्मक ज्ञान और गणितीय सोच को विकसित करने के लिए इस पुस्तक में खेल-खेल से सीखने के बहुत से अवसर प्रदान किए गए हैं। एसआरजी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आनंदमय गणित में कक्षा के बाहर एवं कक्षा के अंदर होने वाली बहुत सारी गतिविधियां दी गई हैं। इसके माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा लेते हुए बच्चे अपने निर्धारित अधिगम लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।

# खेत के पेड़ पर लटका मिला किसान का शव

संवाददाता, राजपुर

● सट्टी थाना क्षेत्र के मुजम्मनपुर गांव की घटना
● घरेलू विवाद में आत्महत्या की बात सामने आई

**अमृत विचार।** सट्टी थाना क्षेत्र के मुजम्मनपुर गांव में मंगलवार देर रात किसान का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ में फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की।

जहांगीरपुर के मजरा मुजम्मनपुर निवासी आजाद सिंह (50) खेतीबाड़ी करता था। मंगलवार की शाम वह खाना खाकर घर के बाहर सहन में सो गया। बुधवार सुबह खेत की ओर गए गांव के लोगों ने फौजदार के खेत में नीम के पेड़ पर गमछे के फंदे से आजाद का शव लटकते देखकर परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मामले की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की।



आजाद सिंह।

इसके बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि आजाद सिंह के परिजनों के अनुसार उसने घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 19 जुलाई से शुरू होगा जादूगर सिकंदर का शो

**कानपुर।** लाजपत भवन में 19 जुलाई से जादूगर सिकंदर का जादूई और रहस्य पर आधारित करतब देखने को मिलेंगे। शो में नई-नई जादूई पारियों के भी जलवे दिखाई देंगे। शो का समय दो घंटे का होगा। रोजाना दो शो शाम चार बजे और शाम सात बजे से होगा। जबकि रविवार को एक अतिरिक्त शो एक बजे का भी होगा। टिकट हॉल या ऑनलाइन भी ले सकते। गूगल सर्च में जादूगर सिकंदर इंग्लिश में टाइप करने पर वेबसाइट भी आ जाएगा। इस बार वह नए-नए करतब लेकर आएं हैं, जिसमे समुंद्र के बरमूडा ट्राएंगल रहस्य पर आधरित करतब आदि शमिल है। वह अपनी जादूई परियों के साथ शहर आ चुके है।



जादूगर सिकंदर।



बुजुर्गों को चप्पलें बांटी गईं। अमृत विचार

### वृद्धजनों को वितरित की चप्पल

**कानपुर।** दामोदर नगर स्थित वृद्धाश्रम में बुधवार को संकल्प सेवा समिति ने 112 वृद्धजनों को चप्पल वितरित की, जिसमे 59 पुरुष व 53 महिलाएं है। संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि एक दिन वह किसी कार्य से वृद्धाश्रम गए थे, तब उन्होंने संचालक से सभी बुजुर्गों को चप्पल वितरित करने की बात कही थी। ताकि वृद्धजनों को पैदल चलने में दिक्कत न हो। इस दौरान संस्था के संरक्षक अनिल सिंह, राजनारायण द्विवेदी, अनिल जैन, विमल सेंगर, राजीव पांडेय, राम प्रकाश द्विवेदी, इशरत सज्जाद आदि रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मंगलपुर।** रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलपुर क्षेत्र के बड़ागांव निवासी मनोज कुमार (22) बुधवार शाम मजदूरी करके घर लौट रहा था, तभी रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन पर इटावा से कानपुर की तरफ जा रही स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना से मां तारावती का रो-रोकर बुरा हाल है। मनोज के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। अब मां का सहारा छिन गया है। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मछली पकड़ने के विरोध में मारपीट, चार पर केस दर्ज

**पुखरायां।** नोनापुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध मारपीट करने की रिपार्ट दर्ज कराई है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के नोनापुर गांव निवासी अनूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गांव में मछली पालन किए है। जिसकी देख के लिए उसने गोरेलाल को रखा था। आरोप है कि गांव के ही प्रमोद, सोनू, सुमित, अजय आए और मछली पकड़ने लगे। गोरेलाल ने जब विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। वह भागकर उसके घर में घुस आया। तभी उक्त लोग उसके घर में घुस आए और गालीगलौज करने लगे। जब उसके पिता ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

# ढोल और तासे के साथ निकाला गया जुलूस

**मूसानगर/रसूलाबाद।** मूसानगर के छिपैठी, कुंजरैहठी, बेहनौठी, तकिया, फत्तेपुर, खालेशहर, गढ़, सरायं व चांदपुर में ताज़िए का जुलूस ढोल-तासे के साथ निकाला गया। छिपैठी में अनीस, कुंजरैठी मे चौधरी ज़ियाउद्दीन, बेहनौठी में रफीक, मंसूरी तकिया में अनवर अली, फत्तेपुर में बाबुद्दीन चौधरी के नेतृत्व में ताजिया जुलूस निकाला गया। सीपीकेयू इंटर कॉलेज मैदान पर युवाओं ने खेल का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ताजिए एक साथ करबला के लिए रवाना हुए। फातिहा होने के बाद जुलूस समाप्त किया गया। सुरक्षा में एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

रसूलाबाद में मातमी धुन में जुलूस ए हुसैनी निकला गया। सबसे पहले इमाम चौक पर नेहरू नगर और लोहिया नगर के अखाड़ा और ताजिया पहुंचे, जहां से जुलूस मुख्य चौराहा पहुंचा तो कबीर नगर का ताजिया और अखाड़े जुलूस में शामिल हो गए। इसके बाद या हुसैन व नारा-ए-तकवीर की बुलंद आवाज के साथ जुलूस पठान मोहाल, आजाद नगर पहुंचा। जहां से आजाद नगर बस्ती होते हुए जुलूस बाजार पहुंचा। यहां से पठान मोहाल, मुख्य चौराहा, बेला मार्ग होते हुए हजरत गुलपीर शाह की मजार के ग्राउंड में पहुंचा, जहां नगर के सभी अखाड़ों के खिलाड़ियों ने मैदान में अनूठे करतब दिखाए। सुरक्षा में तहसीलदार सुभाषचंद्र, प्रभारी सीओ देवेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### जगह-जगह बांटा गया लंगर

■ **रसूलाबाद।** मोहर्रम के मौके पर हुसैनी लंगर का तमाम जगह एहतिमाम किया गया। आजाद नगर व लहरापुर रोड पर सिराज अहमद द्वारा शुद्ध शाकाहारी दाल-रोटी का लंगर वितरित किया गया। जुलूस में आए दोनों ही समुदाय के लोगों ने चाव के साथ लंगर खाया। वहीं हजरत गुलपीर शाह बाबा के ग्राउंड में कबीर नगर के नवयुवकों ने लंगर का आयोजन किया गया था।

### कहीं शर्बत तो कहीं बांटे गए फल, करतब भी दिखाए

■ रसूलाबाद कस्बे में जब जुलूस निकाला तो जगह-जगह कहीं शरबत, कहीं ठंडा पानी तो कहीं फल बांटे गए। कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस ए हुसैनी निकल गया। कस्बे के पांच मोहल्लों में अपने आबा ओ अजदाद के समय से अखाड़ा खेलने का प्रचलन है। जब जुलूस ग्राउंड में पहुंचा तो अखाड़ा हुआ। इसमें नौजवानों ने मैदान में अपना हुनर दिखाया।



रसूलाबाद में ताजिया निकालते लोग। अमृत विचार





मोहर्रम पर राजपुर में ताजिया जुलूस निकालते लोग। जुलूस में लोग मातम करते चले। अमृत विचार

# हुसैनी सदाओं के साथ निकाले गए ताजिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● देर शाम कर्बला में दफन किए गए ताजिया, पूरे समय तक मुस्तैद रही पुलिस

**अमृत विचार।** मोहर्रम पर जिले भर में परंपरागत तरीके से ताजिया जुलूस निकाला गया। या हुसैन की सदाओं के बीच लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद कर मातमपुर्सी की। देर शाम जुलूस के समापन पर ताजिए कर्बला में दफन किए गए। इस दौरान एसपी समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जुलूस की निगरानी की।

बुधवार को राजपुर, सिकंदरा, रमऊ, सटटी, अफसरिया में ताजिया जुलूस निकाला गया। राजपुर में इमाम चौक पर ताजिया पहुंचने पर मन्नतों का सिलसिला जारी रहा। युवाओं ने हुसैनी अखाड़े में करतब दिखाए और मातमपुर्सी की। इस दौरान जगह-जगह लंगर वितरण किया गया। अकीदतमंदों ने या हुसैन की सदाएं बुलंद की। सिकंदरा में पुरानी बाजार, थाना के समीप आजाद नगर व शास्त्री नगर में ताजिए का मिलाप हुआ।

राजपुर में आरामशाह दरगाह के पास ताजियों का मिलाप हुआ। यहां गढ़ी मोहाल, नई बस्ती, मंसूरी मोहल्ले में ताजिया जुलूस निकाला गया। वहीं सटटी, अफसरिया, जहांगीरपुर, रमऊ में जगह-जगह ताजिए निकाले गए। बाद में उन्हें कर्बला में दफन किया गया। जुलूस के दौरान लोगों ने हसन एवं हुसैन को याद करते हुए मातमपुर्सी की। उसके बाद मातमी माहौल में सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ ताजिए कर्बला मैदान पर सुपुर्दे खाक किए गए। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। युवाओं ने लंगर के साथ हुसैनी लंगर के प्रतीक अखाड़े में करतब दिखाए। जिक्रे हुसैन शहादत सुन लोगों ने मातम किया।

रमऊ में ताजिएदारों ने गमजदा माहौल में ताजिए निकाल या हुसैन की सदाएं बुलंद की। देर शाम इंगवारा के पलटू तालाब में सुपुर्द ए खाक किए गए। जुलूस के दौरान एसडीएम एसएन शुक्ला, तहसीलदार संतोष कुमार, सीओ संजय कुमार, ईओ नीति त्रिपाठी मौजूद रहे। रूरा में कुल चार ताजिया इमाम चौक से जोहर बाद उठाए गए। बड़ी संख्या में लोग किराना गली होते हुए मुख्य सड़क में आए। यहां युवाओं ने ढोल, नगाड़ों की मातमी धुनों पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अखाड़ा खेला।

### यौमे आशुरा के रूप में मनाई दसवीं तारीख

सिकंदरा। मोहर्रम माह की दसवीं तारीख यौमे आशुरा के रूप में मनाई गई। बाबा वाली मस्जिद के इमाम कुर्बान अली साहब ने बताया कि इस दिन अधिक से अधिक नफली नमाज पढ़कर रब से गुनाहों की माफी रोजगार में बरकत के लिए दुआ करनी चाहिए। जितना मुस्लिम धर्म के लोगों के पास हो, उतना ज्यादा से ज्यादा लंगर किया जाए और भूखों को खाना खिलाया जाए। समाजसेवी परवेज आलम ने बताया कि ताजियों का जुलूस अशोक नगर से शुरू हुआ, जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ शाम को कर्बला पहुंचा। इसमें छोटे बड़े मिलाकर करीब आठ ताजिए शामिल हुए। इस मौके पर एएसपी राजेश पांडेय, एसडीएम सिकंदरा एसएन शुक्ला, सीओ संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।



राजपुर में जुलूस के दौरान करतब दिखाते लोग। अमृत विचार

# जेल में सप्लाई दिलाने के नाम 5.50 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिरहाना रोड के रहने वाले व्यापारी से जेल में सप्लाई का काम दिलाने के नाम पर शातिर ने 5.50 लाख की ठगी कर ली। व्यापारी को शिकंजे में फंसाने के लिए आरोपी ने खुद को जेल एसपी बताया और कूटरचित डीआईजी जेल के नाम एक पत्र लिखवाकर नीबू और अंडों को सप्लाई दिलाने के नाम पर रुपये लिए। पता चलने पर दबाव बनाया तो 2.50 लाख रुपये वापस किए।

कलक्टरगंज निवासी कमल धानुका कैनवस व्यापारी है। सितंबर 2023 में उनके परिचित ने नौबस्ता निवासी एक व्यक्ति से परिचय कराया था। जिसने जेल में खाद्य सामग्री का ठेका दिलाने का जिक्र किया। झांसे में आकर उन्होंने कई बार में 5:30 लख रुपये दे दिए। आरोपी ने जेल में नींबू और अंडों की सप्लाई दिलाने की बात कही। उसने कूटचरित्र पत्र बनवाकर हस्ताक्षर कराए और पत्र डीआईजी जेल को भिजवाया और खाद्य सामग्री सप्लाई किए जाने के संबंध में जिला जेल के कई आदेश पत्र दिए। जानकारी की तो पता चला आप इतने फुट रचनाकार रुपये हड़पे हैं।

आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। दबाव बनाने पर आरोपी ने ढाई लाख रुपए अप्रैल 2024 में स्टॉफ कर्मचारी मोहित दीक्षित के खाते में ट्रांसफर कर दिए। लेकिन तब से वह फरार है आरोपी के खिलाफ फिरोजाबाद में भी रिपोर्ट दर्ज है वहां की पुलिस उसे जेल भेज चुकी है।

आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।


## संपादकीय

# मंडराते संकट

पृथ्वी पर मंडराते संकटों जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व कचरा के गहराने की गति तेज हो रही है। प्राकृतिक जगत का मानव गतिविधियों के कारण क्षरण हो रहा है, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) जैसी टेक्नोलॉजी को त्वरित ढंग से इस्तेमाल में लाया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ रही है, विषमताएं चौड़ी होती जा रही हैं और संस्थाओं से भरोसा कम हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) की ओर से जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ये चुनौतियां, एक ऐसे बहुसंकट का निर्माण कर रही हैं जो वैश्विक संकटों को और गहन बना रहा है, जिसके मानवता और पृथ्वी के लिए विशाल दुष्परिणाम हो सकते हैं। भारत उन नौ देशों में से एक है जहां पिछले दो वर्षों में अत्यधिक तापमान और जलवायु संबंधी आपदाओं की प्रवृत्ति ने बड़े पैमाने पर, लंबे समय तक और बार-बार होने वाले विस्थापन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अन्य देशों में पाकिस्तान, फिलीपींस, सोमालिया, चीन, बांग्लादेश, ब्राज़ील, कोलंबिया और केन्या शामिल हैं। संघर्षों और हिंसा के अलावा, जलवायु परिवर्तन लोगों के जबरन विस्थापन का सबसे प्रमुख कारण रहा है, जिनके घर जलवायु-जनित चरम स्थितियों जैसे कि जंगल की आग, बाढ़, खराब वायु गुणवत्ता, असहनीय गर्मी और/या लंबे समय तक संघर्ष के परिणामस्वरूप मानव निवास के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर 69 लोगों में से एक या दुनिया की 1.5 प्रतिशत आबादी अब जबरन विस्थापित है, जो एक दशक पहले विस्थापित हुए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है।

यूएनईपी एक अग्रणी वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है, जो वैश्विक पर्यावरण एजेंडा निर्धारित करता है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है तथा वैश्विक पर्यावरण के लिए एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करता है। इसका मिशन, भविष्य की पीढ़ियों के जीवन स्तर से समझौता किए बिना, राष्ट्रों और लोगों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित, सूचित और सक्षम बनाकर पर्यावरण की देखभाल में नेतृत्व प्रदान करना और साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। बदलाव के संकेतकों की निगरानी और अग्रदृष्टि तौर-तरीकों के इस्तेमाल के जरिये, दुनिया अतीत की गलतियों को दोहराने से बच सकती है। साथ ही, ऐसे समाधानों पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है, जिनसे भावी व्यवधानों का पुख्ता ढंग से सामना किया जा सके। बेहतर समाधानों व उपकरणों को साथ लेकर चलना, भावी व्यवधानों को समझने और उनसे निपटने की तैयारी करने का सर्वोत्तम तरीक़ा है। ऐसे में एक रणनीतिक दूरदर्शी ढांचा स्थापित करने और भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# तब शाहबानो अब समद


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है।

बेशक मुद्दा वही है, लेकिन हालात बदले हुए हैं। 1985 में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का हकदार माने जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सड़कों से सदन तक जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी। तब बोर्ड सरकार को झुकाने में कामयाब हो गया था।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट के अब्दुल समद मामले के हाल के फैसले ने बोर्ड और मुस्लिम संगठनों को फिर उत्तेजित कर दिया है, लेकिन फैसले से असंतुष्ट होने के बाद भी बोर्ड सधे कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है और कानूनी रास्तों पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने इसे शरिया कानून से टकराव बताए जाने के साथ ही संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का विरोधी बताया, लेकिन मसले को अपने संगठन की कानूनी समिति को सौंपने का फैसला किया। समिति कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक विकल्प सुझाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा लाई जा रही समान नागरिक संहिता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला हुआ। असलियत में मुस्लिम लॉ पर्सनल बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ते के सवाल पर लगभग चार दशक पुराने शाहबानो मामले में लिए स्टैंड पर कायम है, लेकिन फिलहाल उस और इस बार की लड़ाई की तैयारी में बड़ा फर्क नजर आ रहा है। क्यों? तब कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार थी। अब नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार का सामना है।

23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था। इस लड़ाई में राजीव सरकार बैकफुट पर आ गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। 1986 में मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया। लगभग चार दशक के अंतराल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ऐसे ही एक मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का हकदार माना है। इस अदालती फैसले पर मुस्लिम संगठनों की खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। तय है कि उनकी गूंज अदालतों के बाहर भी सुनाई देगी। संसद में उनके हक में कौन से दल खड़े होंगे? जल्दी ही बजट सत्र में इसकी झलक दिख सकती है। मुद्दा भले एक हो, लेकिन शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारे भत्ते का हकदार माना था तो उनके लिए कोई पृथक कानून वजूद में नहीं था। राजीव सरकार ने इस फैसले को मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 के जरिए निष्प्रभावी कर दिया था। अब्दुल समद (तेलांगना) के ताजा मामले में धारा 125 के तहत मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाए जाने का हकदार मानते समय सुप्रीम कोर्ट के सामने 1986 का वह भी कानून था, जिसे शाहबानो मामले को पलटने के लिए तत्कालीन सरकार ने बनाया था। बावजूद इसके कोर्ट ने इस कानून के कारण समद मामले को धारा 125 के दायरे से बाहर होने की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने फैसला दिया है कि अन्य कानून दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत किसी भी धर्म की तलाकशुदा महिला के अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकते।

> 23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था।

पहली नजर में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला एक तलाकशुदा जोड़े अब्दुल समद और उसकी पत्नी के बीच की कानूनी लड़ाई के निपटारे तक सीमित है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड या अन्य मुस्लिम संगठनों का नजरिया इसे लेकर जुदा है। वे इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सीधा हस्तक्षेप मानते हैं। वे इसके दूरगामी प्रभावों को लेकर फिक्रमंद हैं। स्वाभाविक है कि वे चाहेंगे कि यह पलटा जाए। ऐसे ही हालात शाहबानो मामले में पैदा हुए थे। तब मुस्लिम संगठनों ने इसकी लड़ाई अदालत की जगह सड़कों और सदन में लड़ी थी। राजीव गांधी सरकार को झुकाकर कामयाबी भी हासिल की थी। हालांकि इस लड़ाई में उनकी जीत ने देश के माहौल पर बुरा असर डाला था। बहुसंख्यकों के बीच विपरीत प्रतिक्रिया के डर से डैमेज कंट्रोल में राजीव सरकार ने अयोध्या में मंदिर का ताला खोला था। ये कोशिश भी कांग्रेस के काम नहीं आई थी। आने वाले दिनों में कांग्रेस ने इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकाई।

तब क्या हुआ था? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन महीने बाद मुस्लिम लीग के सदस्य जी.एम.बनातवाला ने लोकसभा में एक निजी बिल पेश कर मुस्लिमों को धारा 125 के दायरे से बाहर रखने की मांग की। राजीव गांधी की पहल पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इसका जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस्लामिक मामलों के अधिकारी विद्वान और आजादी की लड़ाई की अगली कतार के नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के औरतों से जुड़े अधिकारों से जुड़े विचारों के हवाले से बिल का कड़ा विरोध किया था। संसद में यह बिल गिर गया, लेकिन अदालती फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों सड़कों पर विरोध तीव्र होता गया। 1984 में राजीव गांधी ने लोकसभा की 403 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की थी, लेकिन 1985 के अंत तक उत्तर भारत में उपचुनावों में पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा था। इसे शाहबानो मामले का इफेक्ट माना गया। दबाव बढ़ने पर राजीव गांधी का रुख बदला और मुस्लिमों से जुड़े मामलों में उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को दरकिनार कर जेड.ए.अंसारी को तरजीह देनी शुरू कर दी।

आरिफ खान और अंसारी की पार्टी भले एक रही हो, लेकिन शाहबानो मामले में दोनों का स्टैंड दो किनारों पर था। अंसारी ने लोकसभा में अपने तीन घंटे के भाषण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिर्फ पूर्वाग्रह ग्रस्त, भेदभावपूर्ण और विरोधाभासी ही नहीं बताया था, बल्कि न्यायधीशों को इस्लामी कानूनों की व्याख्या के नजरिए से "बहुत छोटा इंसान" कहते हुए खारिज किया था। फरवरी 1986 में सरकार ने संसद में मुस्लिम महिला बिल पेश किया, जिसके द्वारा पूर्व पति को सिर्फ इद्दत अवधि (तीन महीने) के लिए गुजारा भत्ता देने का जिम्मेदार माना गया। इस बिल को पारित कराने के लिए कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया था। खिन्न आरिफ मोहम्मद खान ने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मुस्लिम पर्सनल बोर्ड एक बार फिर शाहबानो मामले जैसी चुनौती से रूबरू है। हालांकि अब्दुल समद मामले में भी उसका स्टैंड पुराना है अर्थात् सुप्रीम अदालत के इस फैसले को भी वह मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल मानता है, लेकिन 1985 और 2024 के राजनीतिक हालात में बुनियादी फर्क है। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसे मुस्लिम वोटरों के समर्थन की हमेशा फिक्र थी। 2024 में नरेंद्र मोदी मुस्लिम वोटरों के प्रायः एक मुश्त विरोध के बीच तीसरी बार सत्ता में हैं। उनकी सरकार तीन तलाक को रद्द कर चुकी है। पिछले कार्यकाल में वे तेजी से समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे थे। यद्यपि इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने और सहयोगियों के सहारे होने के कारण मुमकिन है कि ऐसे सवालों पर वे उतनी तेजी न दिखाएं, लेकिन अपनी विचारधारा के अनुकूल किसी अदालती फैसले के खिलाफ उनके जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी पर्सनल बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन चाहेंगे कि संसद में यह मुद्दा जोरशोर से उठे।

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है। क्या पार्टी इस मसले पर सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ राजीव गांधी के दौर के रुख की जुगलबंदी करना चाहेगी? उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में राजद तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त समर्थन मिलता रहा है। दिलचस्प है कि ये दल अब अपने प्रभाव क्षेत्र में मुस्लिम मतों के साथ ही हिंदू मतों को लेकर भी सजग और संवेदनशील हो चुके हैं। आगे वे क्या स्टैंड लेते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। बेशक फैसला अदालत का है, लेकिन उसका असर देश की राजनीति पर दिखना तय है।

## प्रसंगवश

# सच्चा रास्ता मत छोड़ना


हफीज किदवई
लेखक

वह दिन, जब सुनसान रेगिस्तान में, तपती रेत में, दुनिया के बहुत बड़े लावलश्कर के जुल्मी ने सोचा था। एक शख्स और उनके अपनों का खून को यहां बहाकर किस्सा खत्म कर देंगे। वह लहू, आम लहू नहीं था, जुल्म के खिलाफ एक दास्तान था। यह सच है कि उस रोज वह खून बह गया। तपती रेत ने उसे अपनी नसों में पैबस्त कर लिया और फिर रेत तो रेत थी। जहां-जहां पहुंच सकती थी, उस मैदान की दास्तान की वह जुल्म भरी दास्तान खोलती चली गई और सारे आलम ने जान लिया कि एक थी 'कर्बला'।

कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे, मौला हजरत अली की औलाद और हर जमाने की ईमाम हजरत हुसैन का लहू मुबारक उस कर्बला की रेत में जज्ब हो गया। धीरे-धीरे वह हर उस दिल में अपनी दस्तक देने लगा, जो जुल्म के खिलाफ था। यह वह लहू था, जिसने कर्बला की जमीन को चूमा और हर उस तरफ बिखर गया, जिधर-जिधर हजरत हुसैन का रास्ता था। यह लहू जमाने की ऐसी तारीख बनकर जिंदा हुआ कि हर दौर उससे रोशनी पाने लगा। कर्बला ने जो अपनी आंखों से देखा, वह इस माटी के बर हिस्से में वैसे ही दर्ज हो गया। जैसे वह उसके सामने हुआ हो। कर्बला ने वह राज जमाने को दे दिया। शहादत के मर्तबे को बुलंद कर दिया और जमाने को बता दिया, जुल्म के खिलाफ जो मौत मिलती है, वह किसी भी जिंदगी से बहुत बेहतर है। दसवीं मोहर्रम है। गम है। तकलीफ है। दर्द है। तड़प है मगर मायूसी नहीं है।

कर्बला ने हमें बताया कि झुकना नहीं और उसकी जात से मायूस मत होना। सर भले तन से उतर जाए, सही और सच्चा रास्ता मत छोड़ना। जुल्मी कितना ही ताकतवर, सितमगर हो, झुकना नहीं। कर्बला के किस्से आज भी जिंदा हैं। कर्बला हमारा सबक है। हमारा रास्ता है। हमारा इम्तेहान है। हमारा गुरूर है, क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे जानदार नजीर दर्ज है। मोहर्रम और कर्बला हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ मजबूत करे और कमजोर के साथ खड़े होने की ताकत, हिम्मत दे...

# जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

स्वतंत्रता से पूर्व कराची में कांग्रेस के अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत में कार्यरत निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना पहली प्राथमिकता होगी, जिसके पीछे भारतीय राजनीतिज्ञों की सोच थी कि भारत की जनता जो थोड़ी बहुत पूंजी धीरे-धीरे जोड़ती है उसका उपयोग देश के विकास में हो सके और गरीब जनता को प्राइवेट बैंकों/साहूकारों के चंगुल से बचाया जा सके।

बैंकों की सुविधा दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच सके और यह कार्य केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ही संभव था। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी ने सामाजिक विकास का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें राष्ट्रीय बैंकों की परिकल्पना की गई, किंतु बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने की औपचारिक घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। राष्ट्रीयकरण घोषित होते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में दो फाड़ हो गए। राष्ट्रपति के अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। तत्कालीन भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक सहित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स और अन्य राजनीतिज्ञों ने सर्वोच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दिया कि इस अध्यादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इसके विपरीत ए.के. गोपालन (सांसद) और सुशीला गोपालन बुंबई ट्रेड यूनियन लीडर ने 22 जुलाई 69 को अध्यादेश के समर्थन में पिटीशन दायर की। अध्यादेश के विरोध में रिट पिटीशन आने से संपूर्ण देश के कर्मचारी उद्वेलित और आंदोलित हो गए।

इन 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पूर्व इनके संचालन निजी पूंजीपतियों के घरानों के हाथ में था। यहां सेंट्रल बैंक-टाटा घराने, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक-बिड़ला घराने, पंजाब नेशनल बैंक-डालमिया एवं जैन घराने एवं कुछ गुजराती बड़े घराने देना बैंक का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर मतभेद होते हुए भी तमाम वर्किंग क्लास ने कांग्रेस के इस कदम को विशेषकर इंदिरा जी के इस कदम को सराहा। यही नहीं इसके फलस्वरूप अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता भी हासिल हुई और श्रीमती इंदिरा गांधी पूर्ण बहुमत हासिल कर पुनः सत्तासीन हुई। तत्पश्चात 15 अप्रैल 1980 को 6 और बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

1969 से 1985 का दौर सामाजिक बैंकिंग का स्वर्ण युग रहा। इस काल में हर वर्ग के छोटे से छोटे तबके तक बैंकिंग पहुंची। इस दौर में कृषि, ग्रामीण उद्योग, बेरोजगारी दूर करने के लिए महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुविधाएं प्रदान करने को बैंक आगे आए, यही वह दौर था जब देश में जीडीपी वास्तव में 8 प्रतिशत के समीप रही और हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति संभव हो सकी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा। 1988 की बाढ़ में देश की अर्थव्यवस्था चौपट रही। 1991 की कांग्रेस सरकार की मनमोहनी नई आर्थिक नीतियों ने इसे काफी चोट पहुंचाई और अब यह सरकार पूरी तरह देशी और विदेशी पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है। विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंकों ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। अगर वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंको को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है। विगत वर्षों में कुछ बैंकों के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है तो इस बार 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की मांग है कि जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमा राशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। ये देश के हित में आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती हैं और हो सकता है इस संबंध में बजट सत्र में कोई प्रयास सरकार की तरफ से हो, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंको में सरकार की अंश धारिता को 51 प्रतिशत से कम किए जाने का प्रयास किया जाए। बैंकों के निजीकरण को विफल करने के लिए एकजुटता अभियान को तीव्र करना होगा।

## सोशल फोरम

# धर्म और ईश्वर


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

आज से करीब दस बारह हजार साल पहले घुमंतु मानव समाज पालतू होने लगा। गेहूं संग्रह ने उसे विशेष रूप से पालतू बनाया। वह एक जगह रहने लगा, उसने समाजोपयोगी नियम, मर्यादाएं, पाबंदियां विकसित की और उपयोगिता के आधार पर उनकी स्वीकृतियां ही तो तो सनातन है।

वस्तुतः एक जीवनशैली विकसित हुई, जो समाज द्वारा स्वतः चुना गया अनुशासन था। यही उनका धर्म था। धर्म क्या है? धर्म का शाब्दिक अर्थ होता है, 'धारण करने योग्य', अर्थात् जिसे सबको धारण करना चाहिए। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म से हमारी चेतना का शुद्धिकरण होता है। अपने-अपने कर्तव्य का निःस्वार्थ भाव से पालन करना 'स्वधर्म' और साथ ही मानवता को मनुष्य का सच्चा धर्म कहा जा सकता है। ईसा ने जैसे ईसाइयत को और हजरत मुहम्मद ने जैसे इस्लाम को जन्म दिया, हिंदू धर्म की रचना उस तरह किसी पुरुष द्वारा नहीं की गई। हिंदू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय है। जिस प्रकार भारतीय समाज की रचना उन अनेक जातियों से हुई, जो समय-समय पर इस देश में आती रहीं, उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से आगे बढ़ता रहा। जब 1800 ईपू. के आसपास आर्य यहां आए, उसके पहले ही सिंधु घाटी जैसी विकसित सभ्यता यहां हो चुकी थी। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक ऐतिहासिक सत्य है। महाभारत और पुराणों के अध्ययन से आर्यों और नागों के क्रांतिकर संघर्ष का पता चलता है। आगे चलकर इन नागों की अनेक रीति-नीतियां आर्य-विश्वास का अंग बन गईं। सिंदूर नाग-चूर्ण है। आर्य स्त्रियों ने इसे नागजाति की आचार पद्धति से ग्रहण किया था, परंतु आज वह हिंदू-विवाह का अविच्छेद्य अंग हो गया है। भारत की अन्य जातियों ने आर्यों की जाति प्रथा को स्वीकार कर लिया, यह हमारे देश में संस्कृति-समन्वय की ओर पहला कदम था। इससे इतना हुआ कि आर्य, द्रविड़, औष्ट्रिक और नीग्रो तथा सभी मंगोल खानदानों के लोग एक समाज के सदस्य हो गए, जिसका नाम आगे चलकर हिंदू समाज पड़ा। **-फेसबुक वॉल से**

# डिजिटल अरेस्ट


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

डिजिटल अरेस्ट न तो कोई लीगल टर्म है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। दरअसल यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला वह तरीका है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन काल पर डरा धमकाकर उसे उसके घर-परिवार के लोगों से अलग कर एक बंद कमरे में रहने को विवश किया जाता है और किसी भी व्यक्ति से संपर्क न करने को कहा जाता है। इसके द्वारा पीड़ित व्यक्ति को किसी जांच अथवा किसी बड़े मामले में फंसा दिखा करके उससे लगातार वार्ता की जाती है और क्रमशः उसके बैंक अकाउंट, बचत आदि के डिटेल्स पूछकर उसका पैसा अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया जाता है।

यह एक प्रकार से ठगी व ब्लैकमेलिंग का घातक मिश्रण है। इस प्रकार की साइबर ठगी की अनेक विधाएं हैं, लेकिन पिछले दिनों जो प्रकाश में आया है, उनमें सबसे उल्लेखनीय विधा यह है कि ईडी/ सीबीआई ऑफिसर बनकर फोन पर कॉल करके यह कहा जाता है कि संबंधित व्यक्ति का नाम किसी मनी लांड्रिंग केस में आ गया है और सही जांच के लिए तथा पीड़ित व्यक्ति को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ तथ्यों का सत्यापन करना आवश्यक है। ईडी, सीबीआई और मनीलांड्रिंग का नाम सुनते ही माहौल के अनुसार संबंधित व्यक्ति को ऐसा लगता है, मानो उसे कोरोना डायग्नोज हो गया है। वह घबराहट में अपने बचने के लिए इन साइबर ठगों को अपना हितैषी समझकर उनके निर्देशों का पालन करता जाता है और उनके मायाजाल में फंसकर बैंक डिटेल्स आदि दे देता है और साइबर ठग संबंधित धनराशि को अपने सुविधाजनक खातों मे ट्रांसफर करते जाते हैं। पीड़ित व्यक्ति को किसी एकांत कमरे में पहुंचकर, कमरा बंदकर बात करने को कहा जाता है और यह भी कहा जाता है कि इस अवधि में वह किसी से संपर्क न करें, क्योंकि वह जिससे भी संपर्क करेगा उसका नाम भी मनी लॉन्ड्रिंग अथवा सीबीआई जांच में जुड़ जाएगा। लगभग 15 दिनों पूर्व चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में रहने वाली एक संभ्रांत महिला इन साइबर ठगों के कुचक्र का शिकार हुई और लगभग चौबीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रही। इस अवधि में ठगों ने उससे पूछताछ करके उसके विभिन्न खातों में मौजूद लगभग चौरासी लाख रुपए हड़प लिए। उस महिला ने बाद में न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि वह एक प्रकार से सम्मोहन का शिकार हो गई थी और उनके कहे के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करती रही। विगत दिनों लखनऊ के सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना को भी ठगों ने सीबीआई जांच का बहाना बनाकर अपने जाल मे फंसा लिया था। वे लगभग डेढ़-दो घंटे से बंद कमरे में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उनकी पुत्रवधू को संदेह हुआ और उन्होंने फ्राड काल लिखकर सक्सेना साहब को दिखाया और कमरा खुलवाकर फोन काल को डिस्कनेक्ट किया। यहां भी ठगों ने मनी लांड्रिग की जांच के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था। ठगों ने उनसे भी बैंक खाते का विवरण मांगा था। बातचीत में यह पता चलने पर कि सक्सेना जी कवि हैं, ठगों ने उन्हें मीर और फैज की गजल सुनाने को भी कहा था। अपनी पुत्रवधू के सामयिक हस्तक्षेप से वे सुरक्षित बच निकले।

सीबीआई व ईडी आदि एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी न होने के कारण लोग घबराहट में ऐसे शातिर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रुप से कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकार अचानक फोन काल करके न तो विवेचना करती है और न ही कोई जानकारी मांगती है। इस प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं है। मुझे यह निश्चित जानकारी नहीं है कि इन एजेंसियों ने पब्लिक के संपर्क हेतु कोई टोल फ्री नंबर जारी कर रखा है। अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या को देखते हुए इन एजेंसियों द्वारा टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराना व उसका व्यापक प्रचार-प्रसार जनहित में होगा। आवश्यकता पड़ने पर लोग उनसे जरूरी सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

# अर्जुन की ससुराल उपेक्षित क्यों


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में धर्म-कर्म वालों की सरकार है। भगवानों और प्राचीन धर्म ग्रंथों को खूब मानते हैं और उनके सहारे वोट लेते हैं। ऐसा होते हुए भी महाभारत के नायक और श्रीकृष्ण के सखा अर्जुन की ससुराल मणिपुर की बड़ी अनदेखी हो रही है। उनकी पत्नी चित्रांगदा यहीं की थीं। तब इसको नागलोक कहते थे।

तैंतीस लाख आबादी वाला पूर्वोत्तर का यह राज्य अरसे से उबल रहा है। यहां वर्ग संघर्ष जारी है। हत्याएं हो रही हैं और अल्पसंख्यक जनजातीय कुकी समुदाय की नारियां सड़कों पर नग्न करके घुमाई जा रही हैं। वहां भाजपा का शासन है और मुख्यमंत्री बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय के हैं। मैतेयी ही ज्यादतियां कर रहे हैं। हालांकि अब कुकीज भी सिर उठाने लगे हैं। केंद्र में तो भाजपा की सरकार लंबे है ही। राज्य सीमावर्ती है और इसकी सीमा म्यांमार से मिली है, जहां निर्वाचित सरकार की मुखिया सू ची सैनिक शासक द्वारा जेल में डाल दी गई हैं। सैन्य सत्ता चीन के प्रभाव में है। ऐसे में मणिपुर की समस्याओं की अनदेखी और वहां हिंसा और अभद्रता का तांडव सत्ता द्वारा तटस्थ भाव से देखते रहना घातक सिद्ध हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ जाए।

यह समझ से परे है कि इतनी लंबी अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए ही नहीं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी अभी कुछ दिन पहले मोदी को सलाह दी है कि वे मणिपुर जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान निकालें। हालांकि भागवत जी ने ऐसा कहने में काफी देर लगाई, फिर भी अब तो पीएम को इस बिंदु पर सचेष्ट हो ही जाना चाहिए। "का बरषा जब कृषी सुखाने। समय चूक पुनि का पछिताने"। मनोरम प्राकृतिक छटा वाले, संसाधनों से भरपूर इस राज्य की उपेक्षा कब तक होगी?

# दिल्ली के केदार


राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार

चल सयाणी, काफल दाणी ऐंसु केदारनाथ/बड़ा-बड़ा ढंगार तखी, अर मल्यों की डार तखी / चल कल्याणी, रतनु की खाणी ऐंसु केदारनाथ। दिल्ली में श्री केदारनाथ के मंदिर और विग्रह की स्थापना को मैं देव पलायन के रूप में देखता हूं।

दिल्ली सत्ता, शोषण, संपत्ति और शक्ति संचय का एक केंद्र है। जिस तरह टिहरी में लाखों लोगों को डूबाकर वहां से गंगा का पानी अपने लॉन सींचने, कार धोने और टॉयलेट में बहाने के लिए दिल्ली ले गए, उसी तरह श्री केदार को भी दिल्ली ले जाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सभी राजाओं का एक ठिकाना दिल्ली में बनाया जाता था। वह किसी दूतावास की तरह था। उसी तरह दिल्ली दरबार में केदार बाबा की हाज़िरी क्यों न हो। जिस तरह देवदार, बांज, सेब और अखरोट के वृक्ष वास्ते सिर्फ भूमि नहीं, जलवायु भी चाहिए, उसी तरह देव विग्रहों को भी एक निश्चित वातावरण की दरकार होती है। अंग्रेजों ने जबरन दिल्ली में चीड़ के पौधे रोप दिए, जो संसद और नार्थ साउथ ब्लॉक की बगल में आज भी खड़े हैं, लेकिन वे बंध्या पेड़ हैं। उन पर न कभी फल आते हैं और न परागण होता है। दिल्ली के केदार भी ऐसे ही निस्तेज होंगे।

आखिर श्रीमद आद्य शंकराचार्य भी दुर्गम जगह की बजाय किसी सुविधाजनक स्थल पर केदारनाथ धाम क्यों नहीं बसाए होंगे? क्योंकि वह दिल्ली में केदार बसाने वाले वर्तमान धर्म ध्वजियों की भांति अमर्यादित और दंभी नहीं थे। दिल्ली की गर्मी, उमस, धूल, धुआं, शोर और आपधापी में श्री केदारनाथ जी कैसे रहेंगे? क्या वह वहां आरओ का छना मृत पानी पिएंगे? जाहिर है कि वह वहां नहीं जाएंगे। सिर्फ एक पाषाण विग्रह और सीमेंट कंक्रीट का भद्दा ढांचा होगा।

## एक नजर

### पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी सरकार

अमृत विचार,लखनऊ : राज्य सरकार पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पेयजल व शिकंजी की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले 72 घंटे में कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य पूरा कराया जाय। मुख्यमंत्री बुधवार को 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

# मेडिकल कॉलेज को छावनी बनाने का लगा आरोप, हटाए गए एसपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हापुड़ के रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस पर लगाया आरोप
- बीमार महिला को अस्पताल में बंधक बनाने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

**अमृत विचारः** हापुड़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को अचानक हटाया जाना बुधवार को पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। फिलहाल, गाजियाबाद के डीसीपी रहे कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बुधवार को ही हापुड़ पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। बताया जा रहा है कि सीओ और पिलखुआं थाने के एसएचओ पर भी कार्रवाई हो सकती है।

रामा मेडिकल कॉलेज प्रकरण की जांच कराने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने आईपीएस अभिषेक वर्मा को हटाए जाने को रूटीन ट्रांसफर करार दिया, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की शिकायत के बाद हटाया गया है।

### शासन ने एसपी को किया प्रतीक्षारत, एएसपी का भी हुआ स्थानांतरण

मंगलवार को पिलखुवा स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में भर्ती बिजनौर के चांदपुर निवासी जावेद ने डायल – 112 पर शिकायत करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन इलाज में लापरवाही बरत रहा है। उनकी मां जो कि यहां भर्ती हैं, को बंधक बना लिया गया है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल के स्टॉफ द्वारा पुलिस द्वारा धक्का–मुक्की करने का आरोप लगाया गया। इस सूचना पर एसपी अभिषेक वर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को मौके पर भेजा। उन्होंने रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को समझाया और पुलिसकर्मियों को उनके साथ में बिठाकर समझौता करा दिया। कुछ देर बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से लखनऊ में बड़े भाजपा नेता को फोन करके यह सूचना दी गई, कि हापुड़ पुलिस द्वारा एक सामान्य से घटनाक्रम में मेडिकल कॉलेज को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया, जिससे कॉलेज की प्रतिष्ठा को धक्का लगा है। इसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर आईजी नचिकेता झा पिलखुवा स्थित अस्पताल पहुंच गए। यहां अस्पताल के अधिकारियों से उन्होंने पूरी रिपोर्ट ली और इसके बाद लखनऊ के अधिकारियों को संपूर्ण प्रकरण से अवगत कराया। देर रात शासन ने एसपी अभिषेक वर्मा को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया जबकि एएसपी राजकुमार अग्रवाल का स्थानांतरण कर दिया गया।

# मऊ और कानपुर देहात के लिए शासन से मांगा बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक एटीएस के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभाग ने दोनों विद्यालय के निर्माण के लिए शासन से 80 करोड़ रुपये मांगे हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों विद्यालय के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है और बजट मांगा गया है।

# 2500 निवेशकों से 150 करोड़ की ठगी, 4 गिरफ्तार

## भरोसा दिलाने के लिए दिखाते थे सेबी का फर्जी लाइसेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षित निवेश का वादा कर खोलते थे डीमैट अकाउंट
- 2018 से लोगों को बना रहे थे निशाना
- गिरोह में दो भाई और उनमें से एक की पत्नी भी शामिल

**अमृत विचारः** शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश और अच्छे रिटर्न का झांसा देकर प्रदेश के 2500 निवेशकों के साथ 150 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह के 04 सदस्यों को एसटीएफ और कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इसमें एक महिला भी शामिल है। यह गिरोह वर्ष 2018 से लोगों को ठग रहा था।

एडीसीपी शशांक सिंह के मुताबिक, नासिर अली व अन्य लोगों को शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश का विश्वास दिलाते हुए तीन दिन में निवेश की गई रकम की वापसी और हर महीने निवेश की गई रकम का दस फीसदी रकम निवेशक के खाते में जमा करने का झांसा देते थे। शक न हो इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर एक एप 'फैन कैपिटल सर्विसेस' बना रखा था, जिसका एडमिन नासिर अली था। इस एप के माध्यम से निवेशकों की डिटेल लेकर उनका डीमैट एकाउंट खोला जाता था। भरोसा कायम करने के लिए सेबी का फर्जी लाइसेंस भी दिखाया जाता था। इसी एप पर निवेशकों की रकम का निवेश और भुगतान का ब्योरा दिखाया जाता था। वास्तव में वे केवल निवेशकों को पैसों से ही उन्हें भुगतान करते हुए बैलेंस दिखाते थे। कुछ समय बाद लाभ को खाते में न दिखाते हुए उसे प्रिंसिपल अकाउंट में जोड़ा जाना बताते थे। जिन खातों की देनदारी अधिक हो जाती थी उन्हें डीएक्टिवेट करके निवेशकों को झूठी सूचना देते थे। पैसा वापस मांगने पर सर्वर और सॉफ्टवेर अपडेट का बहाना कर भुगतान लटकाते थे और निवेशकों को कानूनी दांवपेंच में फंसाने की धमकी देते थे। दबाव बनाने पर कुछ लोगों को फर्जी हस्ताक्षर किया गया चेक दिया गया तो बैंक में बाउंस हो गए।

### कई फर्में बनाकर करते थे धोखाधड़ी

आरोपियों ने कई फर्में बना रखीं थीं। इसमें फैंस कैपिटल सर्विसेज, अंबिया इंश्योरेंस मार्केटिंग प्राइवेट लि. अंबिया इन्फ्राटेक प्रालि. फैन्स वेल्थ मैनेजमेंट एंड आईएमएफ प्राइवेट लि. अंबिया टेक्नालॉजी लि. के माध्यम से डीमैट अकाउंट खोले जा रहे थे।

### लखनऊ के इन क्षेत्रों के निवासी हैं आरोपी

नासिर अली पुत्र शाकिर अली, निवासी आजाद नगर, जाकिर अली पुत्र शाकिर अली, सलमा बानो पत्नी नासिर अली और सौरभ बाबू पुत्र अशोक कुमार निवासी गोपाल नगर, कृष्णा नगर।

**बरामदगी**– 5 सीपीयू, 4 लैपटॉप, 8 हार्ड डिस्क और एक पैन ड्राइव ।

# एक क्लिक पर मिलेगी अभ्युदय कोचिंग सेंटर की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- इस महीने के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगी वेबसाइट
- आवेदन प्रक्रिया, कोचिंग में विषयों की जानकारी भी मिलेगी

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग धीरे-धीरे अपनी सभी योजनाओं को ऑनलाइन कर रहा है। अभ्युदय कोचिंग सेंटरों की जानकारी आसानी से लोगों को मिल सके और विभाग के चक्कर न काटने पड़े इसके लिए वेबसाइट तैयार कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का कई युवकों ने लाभ उठाते हुए आईएएस, पीसीएस बनने का सपना साकार किया है। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अभ्युदय कोचिंग सेंटर के लिए वेबसाइट तैयार कराई जा रही है। वेबसाइट बनने के बाद छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन लेक्चर दिया जा सकेगा। साथ ही एक क्लिक करके कोई भी देखा सकेगा कि किस जिले में कहां पर कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। सेंटरों पर कौन सी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। कोचिंग सेंटर का लाभ लेने के लिए घर बैठे आवेदन किया जा सकेगा। वेबसाइट बनने के बाद छात्र-छात्राओं को विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक वेबसाइट बनकर तैयार हो जाएगी। वेबसाइट को लेकर काम शुरू हो गया है।

# फैसले टालना भाजपा की चाल : अखिलेश



सपा प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात अखिलेश यादव के बाद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव।

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- डिजिटल अटेंडेंस स्थगन और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर बोले सपा प्रमुख

**अमृत विचारः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था को स्थगित करने और शहर के कुछ आवासीय स्थलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई टाल देने में भाजपा की चाल है। उपचुनावों के मद्देनजर ही वह पीछे हटी है। ये निर्णय टालकर सभी को धोखा दिया गया है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी कार्यालय में शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस निर्णय स्थगन के सवाल पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर मंत्रियों में सीट को लेकर लड़ाई चल रही है, शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। आपसी खींचतान की वजह से जनता के लिए सोचने वाला भाजपा में कोई नहीं है। इन लोगों को चिंता है कि कहीं उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर ही चुनाव न हार जाएं ।

तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है। इसीलिए भाजपा अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई प्रधानों ने ली सदस्यता

**अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव की मौजूदगी में बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही इस मौके पर विकास खण्ड बीकेटी के कई दर्जन प्रधानों ने भी सपा की सदस्यता ली। सपा मुख्यालय में सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि सपा में लोगों के शामिल होने से संविधान बचाने के लिए पीडीए की लड़ाई में मदद मिली है और मोहनलालगंज लोक सभा सीट पर ऐतिहासिक विजय मिली है।

# आदेशों के अनुपालन में कमी को लेकर डीजीपी ने जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को लिखा पत्र, कहा प्रशासनिक व्यवस्था पर लग रहा प्रश्नचिन्ह

**अमृत विचारः** पुलिस बल के अराजपत्रित अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेशों के अनुपालन में हीलाहवाली को देखते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि इस तरह के कार्यों से प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

उन्होंने लिखा कि न्यायालय में रिट याचिकाएं योजित की जाती है तथा न्यायालय द्वारा समय से स्थानांतरण आदेश पर कार्यमुक्त न किए जाने को लेकर प्रतिकूल टिप्पणी की जा रही है। ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण सत्र के अंतर्गत पुलिस बल के किए गए समयावधि, प्रशासनिक, जनहित एवं अनुकंपा के आधार पर किए गए स्थानांतरण आदेश का क्रियान्वयन तत्काल किया जाना आवश्यक है, ताकि स्थानांतरित पुलिस बल के कर्मी समय से स्थानांतरित होकर कर्तव्यरत हो जाएं और कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो सके।

उन्होंने कहा कि यह भी संज्ञान में आया है कि अत्यधिक मात्रा में समयावधि पूर्ण में किये गये स्थानांतरण आदेश को निरस्त एवं संशोधन कराये जाने के लिए अधिकारियों द्वारा कर्मियों के प्रार्थनापत्र मुख्यालय को संदर्भित किये जा रहे हैं तथा उन्हें संशोधन अथवा निरस्त किए जाने के लिए मुख्यालय में पेश होने की अनुमति प्रदान की जा रही है। कहा कि यदि किसी कर्मी को गम्भीर बीमारी है तो उक्त कर्मी स्थानांतरित स्थान पर आगमन कराने के उपरांत सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से अपना प्रत्यावेदन मुख्यालय को संदर्भित कर सकता है। सक्षम प्राधिकारी उक्त कर्मी का प्रत्यावेदन मुख्यालय को सन्दर्भित करने से पूर्व स्वयं संज्ञान लेते हुए कर्मी द्वारा दर्शायी गयी गम्भीर बीमारी के पुष्टि के उपरांत मय मेडिकल प्रपत्र सहित प्रस्ताव इस मुख्यालय को सन्दर्भित करेंगे।

# एमडीएस में दाखिले को सीट लॉक करना जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नीट एमडीएस-2024 में प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए निर्देश जारी
- 1 अप्रैल 2024 के बाद निर्गत हुए आरक्षण प्रमाण पत्र ही होंगे मान्य

**अमृत विचार :** नीट एमडीएस-2024 की ऑनलाइन काउंसिलिंग में मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकता भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी है। अन्यथा सीट आवंटन प्रक्रिया से स्वतः बाहर कर दिया जाएगा। यह निर्देश नीट एमडीएस (मास्टर आफ डेंटल सर्जरी) की प्रथम चरण की चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग व दाखिले को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिए हैं।

नीट एमडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की मेरिट सूची जारी करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालय में ही संपन्न होगी। जबकि निजी डेंटल कॉलेजों की सीटों पर आवंटित अभ्यर्थियों के दाखिले संबंधित नोडल सेंटर पर संपन्न होगी। इसलिए सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को संबंधित नोडल सेंटर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि निजी डेंटल कॉलेज में दाखिले के लिए शासन की ओर से निर्धारित शिक्षण शुल्क का बैंक ड्रॉफ्ट, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा व प्रशिक्षण उप्र के नाम ही जमा होगा। यह नोडल सेंटर पर में जमा किया जाएगा। हालांकि निजी कॉलेज, निर्धारित शिक्षण शुल्क से कम शुल्क लेने के लिए स्वतंत्र हैं, इसके लिए उन्हें नोडल अधिकारी को अवगत कराना होगा।

आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को नोडल सेंटर पर गठित मेडिकल बोर्ड से ही मेडिकल परीक्षण कराना होगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 1 अप्रैल 2024 के बाद ही निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

## नगर निगम डिग्री कॉलेज में काउंसिलिंग आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज ने बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश की पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुभाष पांडेय ने बताया कि जनरल केटेगरी के लिए कटऑफ 65 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 48प्रतिशत और एससी के लिए 42 प्रतिशतहै। गुरुवार से काउंसिलिंग और प्रवेश शुरू हो जाएगा।

## अस्पतालों के उच्चीकरण के लिए बजट जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य में चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न जिलों में साज-सज्जा व संसाधनों की उपलब्धता कराने की दिशा में कार्य जारी है। सहारनपुर स्थित एसडीडी जिला चिकित्सालय को नए चिकित्सकीय उपकरण व भवन मरम्मत कार्य के मांग के अनुसार दो करोड़ 12 लाख रूपए और प्रयागराज के क्षयरोग चिकित्सालय को सवा दो करोड़ रूपए भेजे गए हैं।

इसके अलावा जौनपुर के जिला अस्पताल में ट्यूबवेल, पंप हाउस, वाटर लाइन आदि स्थापित करने के लिए 87 लाख रूपए निर्गत किए गए हैं। वाराणसी में मानसिक रोग अस्पताल महिला एवं पुरूष, दोनों को ही भवन निर्माण के लिए चार करोड़ 12 लाख रूपए शासन द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।

## वर्ग पहेली-134

**बाएं से दाएं**

1. बहुत भारी वस्तु को ऊपर उठाने वाला यंत्र या उपकरण, उत्तंभ, उत्थापक, (क्रेन)।
4. ख़ुशामद, ठकुर–सुहाती।
5. 1. दल, समूह, जत्था 2. गिरोह, टोली 3. वर्ग, श्रेणी 4. अनुचर, सेवक 5. किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह 6. शिव के दूत या सेवकों का दल 7. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति
6. 1. जिसपर कलंक लगा हो 2. अपयशी, कुख्यात 3. बदनाम 4. कलंकी।
8. 1. किसी भारी वस्तु के गिरने से होने वाली ध्वनि 2. धरती पर दबाव डालकर चलने से पैदा होने वाला शब्द 3. धमाका धड़ाम, धप।
10. एक पेड़ जिसके बीजों से चिरौंजी निकलती है।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. रक्षा, देख–रेख, रख वाली 2. पालन–पोषण।
3. कैंची या सरौते आदि से किसी चीज़ को काटना, काट–छांट करना।
5. 1. झटके से कुछ खा जाना, चटपट निगलना 2. झूठ बोलना।
7. 1. भाड़ा, वह धन जो किसी की कोई वस्तु काम में लाने के बदले उस वस्तु के मालिक को दिया जाए, (रेंट) 2. रेल
9. मद्य, मदिरा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | 4 | | | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | 7 | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -133 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख | ग | हा | ■ | 2 दे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 स | हि | क |
| ■ | 4 अं | गा | र | क | ■ |
| ■ | त | ■ | प | ■ | 5 जो |
| ■ | रा | ■ | 6 ट | कै | त |
| 7 झाँ | व | र | ■ | ■ | दा |
| ■ | धि | ■ | 8 व | ज़ी | र |

## सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 2 | | 5 |
| 9 | | 5 | | | 8 | | 4 | 7 |
| | 2 | | 3 | 6 | | 8 | | |
| 8 | | 6 | | | 4 | | | |
| | 1 | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | | 7 | | 8 | 1 | | 5 | |
| 4 | 5 | | 6 | | | 1 | | 9 |
| 6 | | 1 | | | 3 | | | |

### सुडोकू -46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जुलाई गुरुवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आषाढ़, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–द्वादशी 20 .44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| के. 6 | 5 | बु. शु. सू. 4 |
| 3 | गु. 2 मं. | 7 |
| 1 | 10 | 8 |
| चं. 9 | 11 श. | 12 रा. |

दिशाशूल–दक्षिण। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल–वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– ज्येष्ठा 19 जुलाई 03 .25 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने आस–पास रह रहे लोगों से सावधान रहें।

**वृष** – आज नौकरी में किसी अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में किए गए परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को निवेश करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन** – आज घूमने–फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी को बहुत ही सोच विचार कर धन उधार दें। किसी जोखिम पूर्ण कार्य को करने में कामयाब होंगे। राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कर्क** – आज बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने उच्चाधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा। व्यापार में अपनी योजना को विरोधियों को पता न चलने दें अन्यथा योजना में विभिन्न बाधा आ सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज आप धन का कुछ हिस्सा दानपुर के कार्यों में भी लगाएंगे। चुस्ती एवं स्फूर्ति के साथ अपने कार्य को पूरे मनोयोग से ध्यान देना होगा। विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान को नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या** – आज कोर्ट कचहरी के मामले में आपके खिलाफ निर्णय आ सकता है। परिवार में कठोर वाणी का प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में सरकारी विभाग द्वारा कुछ बाधा उत्पन्न हो सकती है। यदि आपको कोई धन संबंधी समस्या चल रही थी तो वह भी दूर होगी।

**तुला** – आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगा। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रह सकता है। आय में कमी हो सकती है। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु** – आज जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर** – आज का दिन अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। अपने बॉस से निकटता का लाभ मिलेगा। मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि संबंधी कार्य में आई बाधा सरकारी मदद से दूर होगी।

**कुंभ** – आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीतिक पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मशीनरी उद्योग से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। शासन–प्रशासन के कार्य में अधिक व्यवस्था रहेगी।

**मीन** – आज जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- चोरी मेरा काम – सुबह : 10 .16
- मेला – रात : 07 .00

&pictures
- मक्खी – सुबह : 10 .24
- ये साली आशिकी – रात : 08 .00

Sony PIX
- वाइट हाउस डाउन – सुबह : 10 .17
- 65 – रात : 09 .00

Zee Cinema
- मिली – सुबह : 09 .35
- स्टेट ऑफ सीज – शाम : 05 .49

Colors Cineplex
- दिल विल प्यार व्यार – सुबह :11 .30
- दोस्ताना – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुत्र – मां मैं भी तालाब में तैरना चाहता हूं।
मां – नहीं ! बेटा डूब जाओगे
पुत्र – लेकिन पिताजी तो घंटे–भर से तालाब में तैर रहे हैं।
मां – बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

चिंटू– आज मैंने एक स्पेशल डिश बनाई है, जिसे खाते ही गर्मी गायब हो जाएगी।
पिंटू– ऐसा क्या बना दिया तुमने यार ?
चिंटू– नवरत्न तेल में पकौड़े।

# आमने-सामने टकराये टैंकर और ट्रैक्टर, चालक गंभीर

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** डीजल टैंकर व ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर में टैंकर चालक घायल हो गया। राहगीर उसे सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया।

बता दें कि भौती प्रतापपुर थाना पनकी कानपुर नगर निवासी संदीप पुत्र राजेश पाल (29) कानपुर से टैंकर में डीजल लेकर संडीला जा रहा था। अभी वह संडीला-चकलवंशी मार्ग पर औरास थाने से 200 मीटर दूर बप्पा संस्कार भवन के पास ही पहुंचा था कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टैंकर टकरा गया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। वहीं परिचालक सूरज टैंकर छोड़कर भाग गया।



हादसे के बाद किनारे खड़ा ट्रक।

लोगों ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# टायर की दुकान से पार किया हजारों का सामान

**बांगरमऊ उन्नाव।** चोरों ने बीती मंगलवार रात पेट्रोल पंप के पास स्थित एक टायर की दुकान का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे करीब 35 हजार रुपए के टायर-ट्यूब लेकर भाग गए। दुकानदार ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

नगर के मोहल्ला सरांय के मीनू पुत्र मो. उमर की टायर-ट्यूब की दुकान उन्नाव-हरदोई मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के बगल में है। वह बीती मंगलवार शाम दुकान में ताला बंद कर घर आ गया था। रात में चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दिया और वहां रखे 35 हजार के टायर-ट्यूब लेकर भाग गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे मीनू को ताले टूटे मिलने पर इसकी जानकारी हो सकी। पुलिस चोरों का सुराग लगा रही है।

# जर्जर हाईटेंशन लाइन हुईं खतरनाक, आए दिन हो रहे हादसे

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सफीपुर से परियर फीडर पर आएदिन बाधित होती है आपूर्ति
- पेड़ों से ढीले हो चुके तार टकराने से होते हैं विद्युत फाल्ट

**अमृत विचार।** बता दें कि सफीपुर उपकेंद्र से परियर जाने वाली एचटी लाइन पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। वहीं इसके तार बागों व पेड़ों से छूटकर निकलते हैं। जिससे आएदिन फाल्ट होते रहते हैं। जिससे आपूर्ति बाधित रहती है। दर्जनों बार लोगों ने इसकी शिकायत की लेकिन, महकमे पर इसका कोई प्रभाव पड़ता नजर नहीं आता।

विद्युत विभाग को सबसे लापरवाह विभाग का दर्जा ऐसे ही नहीं मिला है। इसका कारण है कि बिना किसी बड़े हादसे के इस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नींद से नहीं जागते हैं। जैसे उन्हें किसी समस्या के समाधान के लिये हादसे का ही इंतजार रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ों से होकर गुजरने वाली लाइनों से लोगों को हमेशा जान माल का खतरा भी बना रहता है। हालात यह है कि जर्जर व ढीली विद्युत लाइन पेड़ों के बीच से होकर निकलने से हवा के मामूली झोकों से भी फाल्ट हो जाता है। जिससे दो-दो दिन तक आपूर्ति बंद रहती है।



क्षेत्र से निकली जर्जर विद्युत लाइन।

**बोले लोग**

- समाजसेवी **नागेंद्र सिंह सेंगर** कहते हैं कि विद्युत विभाग सबसे लापरवाह विभाग है। विभाग किसी भी व्यक्ति की बात इतनी आसानी से नहीं सुनता। पेड़ों के पास से निकली लाइनें शिफ्ट कर नई लाइन डालनी चाहिए।
- पूर्व प्रधान प्रतिनिधि **मनोज सिंह चौहान** कहते हैं कि बागों से निकली एचटी लाइन से हमेशा बागवानों को जानमाल का खतरा बना रहता है। इससे आएदिन फॉल्ट होते हैं। विभाग को इस पर ध्यान देना चाहिए।
- सखन सरांय निवासी **राजकुमार** ने कहा कि जर्जर लाइन के कारण आएदिन फॉल्ट होते हैं। भीषण गर्मी व अंधेरे के कारण विद्युत आपूर्ति न होने से बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**बोले जिम्मेदार**

- विद्युत उपखंड अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। स्टाफ की भी कमी है। जनहित में विद्युत आपूर्ति चालू रखने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

**इन गावों में होती है आपूर्ति :** बता दें कि सफीपुर से परियर जाने वाली विद्युत लाइन से सकहन मुसलमान, शाहाबाद, सनहा, हाजमापुर, केशपुर, ददलाहा, खेरी चंदेला, इब्राहिमाबाद, टिकाऊ पुरवा, सनाहा, धोबी खेड़ा, मिर्जापुर, नियामतपुर, मुरादपुर, जमाल नगर, देवगन मऊ, मनियारपुर, मढ़ापुर, अलीपुर, परियर, मरौंदा सहित सैकड़ों गावों व इसके अतिरिक्त विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के आधा दर्जन गावों में आपूर्ति विभाग द्वारा की जाती है।

# तन रहीं मानक विहीन बहुमंजिला इमारतें, प्राधिकरण अफसर नींद में

## यूएसडीए अफसरों की साठगांठ से निजी कर्मचारी करते हैं वसूली

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भले ही शहरी उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण (यूएसडीए) के अफसरों से शहर के विकास को लेकर अच्छी उम्मीद पाले हों लेकिन, प्राधिकरण अधिकारी लोगों की आशाओं पर पानी फेरने से नहीं चूक रहे हैं। उनकी सरपरस्ती से शहर की हृदयस्थली माने जाने वाले बड़ा चौराहा पर लगातार मानकों को ताक पर रखकर बहुमंजिला इमारतें तनती जा रही हैं और इस ओर से विभागीय अफसर अनजान बने हुए हैं। ऐसे में शहर में हो रहे अवैध निर्माण अधिकारियों की साठगांठ होने की पोल खुद ही खोल रहे हैं।

बता दें कि शहर के प्रमुख क्षेत्रों में अवैध निर्माणकर्ता प्राधिकरण में अधिकारियों की फौज को खुली चुनौती देते हुए कॉप्लेक्स खड़े कर रहे हैं। बिना नक्शा व एनओसी के हो रहे अवैध निर्माण विभागीय उदासीनता को साफ जाहिर कर रहे हैं। साथ ही सत्ताधारी नेताओं व विभागीय अफसरों की सांठगांठ से पूरे शहर में बड़ा खेल चल रहा है। अवैध निर्माण कर्ताओं की मनमानी का आलम यह है कि जगह-जगह खुलेआम इमारतें तन रही हैं। बड़ी बात यह है कि मुख्य शहर में ही बड़े-बड़े कॉप्लेक्स तैयार हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी विभागीय अफसरों को नहीं है। वे ऐसे अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई भी करते हैं लेकिन, जैसे ही इन निर्माण कर्ताओं के साथ उनकी सांठगांठ हो जाती है अधिकारी इन निर्माणों के ध्वस्तीकरण के आदेश की फाइलों को नीचे दबा देते हैं। यही कारण है कि ऐसे निर्माण कर्ताओं में कार्रवाई का खौफ भी नहीं रहता है।



शहर के बड़ा चौराहा पर बनीं बहुमंजिला इमारतें। अमृत विचार

**पॉश इलाकों के साथ पूरे शहर में हो रहे अवैध निर्माण**

- शहर के बड़ा चौराहा व छोटा चौराहा के अलावा पीडी नगर, शिवनगर, कांशीराम कालोनी, दरोगाबाग सहित प्रमुख स्थानों पर धड़ल्ले से कॉमर्शियल काप्लेक्स बिना किसी अनुमति के तैयार हो रहे हैं। बड़ी बात यह है कि यह निर्माण सत्ताधारियों व यूएसडीए अफसरों की शह पर हो रहे हैं।

"शहर में कहीं भी बेमानक व बिना नक्शा के कोई भी निर्माण होता है तो उसकी जांच की जाती है। ऐसे निर्माण न हो सकें इसके लिये भी लगातार नजर बनाए रखी जाती है। जो जानकारी आपने दी है इसकी भी जांच करवाई जाएगी। अगर भवन बिना नक्शा पास कराए बन रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

-अमरदीप कुमार
एक्सईएन-यूएसडीए

# करंट की चपेट में आई महिला गंभीर, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी सन्नो पाल पत्नी देवकी नंदन अपने घर में घरेलू काम कर रही थी। तभी वह अचानक कटे विद्युत तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# बिजलीकर्मी गश खाकर गिरा, भर्ती

**शुक्लागंज।** मोहर्रम जुलूस के दौरान विद्युत समस्याओं को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे एक बिजली कर्मी दोपहर के समय गर्मी के चलते गश खाकर सड़क पर गिया। जिस पर साथियों ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया। बृजेश उर्फ पिंटू संविदा बिजली कर्मी हैं। बुधवार दोपहर वह अन्य बिजली कर्मियों के साथ मोहर्रम जुलूस को लेकर पेट्रोलिंग कर रहे थे, तभी दिन करीब एक बजे तेज गर्मी में वह गश खाकर सड़क पर गिर गये। यह देख साथियों ने उन्हें उठाया। जिसके बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत, भाई ने दुष्कर्म के बाद हत्या का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/उन्नाव

- उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र की रहने वाली है किशोरी
- हालात बिगड़ने पर शिक्षक ले गया था लोकबंधु अस्पताल

**अमृत विचार।** पीजीआई क्षेत्र निवासी उन्नाव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के घर केयर टेकर का काम करने वाली 14 वर्षीया किशोरी की संदिग्ध हालात में तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। उसे आठ जुलाई को शिक्षक अपने घर पर नौकरी करने के लिए लेकर गया था। 15 जुलाई को तबीयत बिगड़ने के बाद शिक्षक उसे लोकबंधु अस्पताल ले गये थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पीड़ित के भाई ने दुष्कर्म के बाद बेटी की हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक, उन्नाव जनपद के औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीया किशोरी के पिता की 5 वर्ष पहले मौत हो गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मां भी मानसिक बीमार है। भाई की तहरीर के मुताबिक उपहार उद्यान इंडिगो कॉलोनी लखनऊ निवासी शिक्षक सौरभ सिंह उनके गांव में प्राथमिक विद्यालय में हेड मास्टर है। उसने बहन को छह हजार रुपए महीना वेतन देने की बात कह कर आठ जुलाई को अपने घर ले गया था 15 जुलाई को संदिग्ध हालात में उसकी हालत बिगड़ गई। सौरभ उसे लोकबुंध अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना उसने भाई को दी तो परिजनों के होश उड़ गए। भाई ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। वहीं शिक्षक का कहना है कि किशोरी पहले से ही बीमार रहती थी। उसका पहले से ही इलाज चल रहा था। अचानक दौरा पड़ने के बाद हालत बिगड़ गई। तो अस्पताल ले गया था। मामले में इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया किसी ने तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**परिवार के सदस्य की तरह रखने की बात बोलकर लाये थे**

किशोरी की मां ने बताया कि वह शिक्षक को जानती थीं। शिक्षक उनके घर पहुंचे और कहा कि बेटी को हमारे घर लखनऊ भेज दें। घर में पत्नी और माता-पिता रहते हैं। लड़की परिवार के सदस्य की तरह रहेगी। बेटी को अच्छा माहौल और पैसे मिलने से कुछ आर्थिक मदद मिलने की उम्मीद में उन्होंने उनके साथ भेज दिया था।

**हाथ-पैर में रस्सी से बांधने के निशान**

मां ने बताया कि बेटी जब से लखनऊ आई थी घर के किसी सदस्य की एक बार भी उससे बात नहीं कराई गई। कई बार शिक्षक को फोन किया तो बता देते कि बाहर है। मृतका के रिश्तेदार ने बताया शिक्षक ने खुद फोन कर मौत की जानकारी नहीं दिया। अपने एक दोस्त से फोन कराया कि लड़की मर गई है, लाश ले जाएं। हम लोग पहुंचे तो लड़की के मुंह और नाक से खून निकलने के निशान थे। हाथ-पैर में रस्सी से बांधने के निशान थे।

**फोन नहीं उठाने का आरोप**

पीड़ित मां का कहना है कि घटना को लेकर शिक्षक को फोन किया तो एक बार काल रिसीव कर काट दी। इसके बाद कई बार डायल करने के बाद भी रिसीव नहीं की। बताया कि हम लोग लखनऊ आए तो बेटी के शव का पंचनामा पहले ही कर दिया गया था। बि बताया कि शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। फिलहाल मृतका की मां ने लड़की को दौरे पड़ने की बात स्वीकार की है, लेकिन दौरे से मौत होने से इनकार कर रही है।

# कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों का माल जला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दुकान के ऊपर की मंजिल में रहता था परिवार
- फंसी महिला को दीवार तोड़कर किया रेस्क्यू

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा चौराहा में देररात शार्टसर्किट से कपड़े की दुकान में आग लग गई। लपटें ऊपरी मंजिल तक पहुंचने पर दुकान स्वामी को इसकी जानकारी हुई। हादसे में दुकान स्वामी की पत्नी एक कमरे में फंस गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने उसे अचेत हालत में बाहर निकाला और उसे जिला अस्पताल भेजा गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों का माल जलकर राख हो गया। वहीं घटना की जानकारी पर सदर विधायक ने जिला अस्पताल में घायल महिला का हाल जाना।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा चौराहा निवासी रामजी गुप्ता अपनी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल में परिवार के साथ रहते हैं। नीचे उनकी जयराम क्लाथ के नाम से दुकान है। इसमें वह चादर, तकिया व पर्दे बेचते हैं। बीती मंगलवार रात रोज की तरह दुकान बंद कर वे घर गए और खाना खाकर सो गए। देररात एक बजे अचानक शार्टसर्किट होने से उठी चिंगारी चादरों तक पहुंची और थोड़ी देर में लपटें पहले तल से तीसरे तल तक पहुंच गईं। लपटें व धुएं के गुबार से उनकी नींद खुली तो उन्होंने मदद की गुहार लगाई। चीख सुन मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए और सिटी पावर हाउस को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनूप सिंह, अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव, सीओ सिटी सोनम सिंह, एसएचओ प्रमोद मिश्रा मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढ़ती गई। उधर रामजी गुप्ता ने तीसरी मंजिल पर पत्नी रेनू गुप्ता के फंसे होने की बात बताई। इस पर दमकल कर्मियों के होश उड़ गए। सीढ़ी लगाकर तीसरे तल पर पहुंचे कर्मी कमरे में नहीं जा सके। उन्होंने दीवार तोड़ी और लपटों के बीच में फंसी महिला को बाहर निकाला। आग में फंसे होने से वह अचेत हो गई थी। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भेजा गया। हादसे में बेटा अंकुर व वैभव बच गए हैं। 3 घंटे की मशक्कत के बाद गाड़ियों से पानी डाल कर आग पर काबू पाया।



अस्पताल में महिला का हाल जानते सदर विधायक। अमृत विचार

# जलकर गिरा छप्पर सो रहे वृद्ध की मौत

**फतेहपुर चौरासी।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के दर्शन खेड़ा गांव में घर के बाहर पड़े छप्पर में अचानक आग लग गई। नीचे सो रहा वृद्ध इसकी चपेट में आकर झुलस गया। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थानाक्षेत्र के भड़सर नौशहरा गांव के मजरा दर्शन खेड़ा गांव निवासी शिवराज सविता (70) खेती करता था और गांव में पुराने घर पर रात में सोता था। पत्नी कांती ने बताया कि पति शिवराज मंगलवार रात छप्पर के नीचे सो रहे थे। बुधवार भोरपहर छप्पर में अचानक आग लगी और वह पति पर गिर गया। चीख सुन लोग दौड़े और उसे एंबुलेंस से सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत के तीन बेटे जितेंद्र, महेंद्र व अमित हैं। चर्चा रही कि किसान शराब का लती था। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# कार सवार नहीं दे सके 40 लाख से संबंधित दस्तावेज

**फॉलोअप**

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- मंगलवार देररात नवाबगंज टोल प्लाजा पर एक कार से पकड़े गए थे 40 लाख नगद

**अमृत विचार।** वाहन चेंकिग के दौरान मंगलवार रात टोल प्लाजा के पास एक कार में सवार तीन लोगों के पास मिले 40 लाख रुपये की कोई जानकारी न देने पर आयकर विभाग की लखनऊ से आयी टीम ने सुबह 5 बजे तक पूछताछ की। इसके बाद तीनों को दो दिन का नोटिस दिया कि वे रुपये के श्रोत बतायें और जांच तक पुलिस को रुपये सुरक्षित रखने के लिये कहा है।

बता दें कि अजगैन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंश शुरू की थी। तभी वहां से निकली एक कार की जांच की तो उसमें सवार तीन लोगों के पास 40 लाख रुपये मिले। कार में पारस पुत्र जगदीश, विक्रम पुत्र महेंद्र निवासी हरबंस मोहाल कानपुर व हीरालाल पुत्र रामनिहाल निवासी कैंट कानपुर थे। कार सवार पारस ने बताया कि यह पैसा वह लखनऊ से ले जा रहे हैं। उन्हें कानपुर में एक दुकान खरीदनी है। लेकिन, वह रुपये को लेकर कोई सबूत नहीं दे सका। इस पर पुलिस तीनों को कोतवाली लायी और आयकर विभाग को इसकी सूचना दी। लखनऊ से आए शशिकांत उपायुक्त आयकर विभाग लखनऊ के नेतृत्व में आयी टीम ने कार सवारों से पूछताक्ष की।

इस दौरान भी वे लोग कोई जवाब नहीं दे सके। इस पर आयकर अधिकारी ने उन्हें नोटिस दिया कि वे दो दिनों में पकड़े गये रुपये का जवाब दें कि रुपया कहां से लाये औऱ वह किसका है। साथ ही जांच होने तक रुपया पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया। इस दौरान एसडीएम हसनगंज, सीओ हसनगंज व कोतवाली निरीक्षक समेत पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# खतरनाक: लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जिले की सीमा में एक सैकड़ा से अधिक हैं अवैध कट

# हाईवे पर अवैध कट के चक्कर में लोग गवां रहे जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जगह-जगह बने अवैध कट हादसों का कारण बने हुए हैं। इससे हो रहे हादसों से लोगों की जान तक जा रही हैं। वहीं, इनसे निकलने वाले वाहनों की चपेट में आने से सैकड़ों की संख्या में लोग गंभीर घायल भी हो रहे हैं। जिले की सीमा में एक दर्जन से अधिक स्थानों को दुर्घटना बाहुल्य स्थान के रूप में चिन्हित किया गया है। इसके बाद भी इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान तक नहीं जाता है। जबकि अजगैज, सोहरामऊ, दही, सदर कोतवाली व गंगाघाट क्षेत्र में बने अवैध कटों में एक साल में दर्जनों हादसे हो चुके हैं।

बता दें कि लखनऊ-कानपुर हाईवे पर 50 किमी का हिस्सा जिले की सीमा में आता है। जिसमें ढाबा, होटल व पेट्रोल पंप वालों के अलावा आसपास के लोगों ने अनदेखी कर हाईवे का डिवाइडर तोड़कर शार्टकट बना लिये हैं। जिससे हादसे और भी बढ़ गए हैं। अवैध कट से वाहनों के निकलने के चक्कर में जाम के हालात बन जाते हैं। कभी-कभी तो हादसा भी हो जाता है। हादसा न होने के लिए इंतजाम तो किये गये हैं लेकिन, वे महज खानापूर्ति के लिए ही हैं। वहीं अन्य चौराहों जगह-जगह इन अवैध कट के चलते जाम भी लगता है। जिससे चौपहिया वाहन सवार भी रेंगने पर मजबूर होते हैं। इसकी वजह हाईवे के दोनों ओर रहने वाले लोगों द्वारा आवागमन के लिए जगह-जगह बनाए गए कट को माना जा रहा है। वहीं, नवाबगंज स्थित टोल प्लाजा पर वाहन चालकों से टैक्स तो वसूला जा रहा है लेकिन, उन्हें सुगम यातायात की सुविधा नहीं दी जा रही है।



हाईवे पर बने अवैध कट से निकलती कार। अमृत विचार

**हाईवे पर दुर्घटना बाहुल्य स्थान**

हाईवे पर जाजमऊ पुल के बाद पड़ने वाले दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में गहिरा, बंथर, कनोडिया पेट्रोल पंप, बदरका चौराहा, सदर कोतवाली क्षेत्र में शेखपुर नरी, गदन खेड़ा चौराहा, हुसैन नगर, दही थानाक्षेत्र में बसीरतगंज, सोनिक, चमरौली, सोहरामऊ में कस्बा और अजगैन में नवाबगंज आदि।

**बोले जिम्मेदार**

- हाईवे का काम देख रही जीएस कंपनी के इंजीनियर अभय यादव ने कहा कि बारिश के बाद हाईवे के सभी अवैध कट बंद कराये जाएंगे। जिसमें स्टील की रेलिंग लगाई जाएंगी। दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर संकेतक भी लगाये जायेंगे।

# महिला की तहरीर पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव निवासी विजय पाल पर आरोप लगाते हुए प्रार्थनापत्र दिया कि बीते शनिवार वह खेत में लकड़ी काट रही थी। तभी विजय पाल लोधी वहां पहुंचा और पीछे से उसे पकड़कर मुंह दबाते हुए बगल की बाग में ले गया और उससे गलत काम किया। साथ ही उसने धमकी दी कि यह बात अगर किसी को बताई तो उसके बच्चे व पति को मार देगा। जब वह पहुंची तो पूरी बात पति से बताई। इस पर वे विजय पाल के पास गये तो उसने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। थाना प्रभारी विष्णुकांत गोयल ने बताया कि प्रार्थनापत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### पुराने विवाद में आरोपियों ने महिला का तोड़ा हाथ

**सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ईशुरीखेड़ा मिर्जापुर में पुराने विवाद के चलते मंगलवार शाम 6 बजे गांव के नेवलचंद, लवकुश, अंकित व अमित सहित 10 लोगों ने गांव के बाबू, मनोज, जमुना, रामश्री, काजल व किरन को लाठी-डंडे से पीट दिया। जिससे जमुना का बायां हांथ टूट गया। इसमें बाबू व अन्य लोग भी घायल हो गए। रात में ही मनोज अपनी पत्नी जमुना को लेकर सफीपुर कोतवाली गया तो वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे तलाशी लेकर वहीं बैठा लिया। जमुना का हाथ टूटने से उसे रात 11 बजे पुलिस कर्मियों ने उसके साथ रही दो महिलाओं से उसे ले जाने की बात ही। इसके बाद घायल जमुना ने निजी अस्पताल में अपने हाथ का एक्सरे करवाया। सुबह फिर पारिजन कोतवाली पहुंचे। कोतवाली में प्रभारी के न मिलने पर सीओ कार्यालय पहुंचकर सभी ने सीओ सफीपुर को अपनी फरियाद सुनाई। जिस पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को कार्रवाई करने व मेडिकोलीगल कराने को कहा। इसके बाद पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि अभी मोहर्रम का जुलूस निकल रहा है। पुलिस शांति व्यवस्था में लगी है। मामला जानकारी में आया है। जुलूस समाप्त होते ही जरूरी कार्रवाई की जायेगी।

### बीएसए परिसर में धरना आज

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिले के सभी परिषदीय शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोकने के विरोध में 18 जुलाई को बीएसए कार्यालय में एक दिवसीय प्रदर्शन करेगा। संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, महामंत्री अवनीश पाल व कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल ने संयुक्त रूप से पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आठ जुलाई को बीएसए ने मनमाने ढंग से आंदोलनकारी शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोका था। प्रदेश के अन्य जिलों में आनलाइन हाजिरी आदेश के विरोध में जारी आंदोलन के दौरान शिक्षक साथियों पर दबाव बनाने के लिए वेतन रोकने का आदेश नहीं जारी हुआ। इसलिए संगठन रोके गए वेतन की बहाली की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना करेगा। संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने जिले के सभी परिषदीय शिक्षकों से प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होकर बीएसए को रुका वेतन बहाल करने के लिए मजबूर करने को एकजुटता साबित करने की अपील की है।

### लखनऊ निवासी युवक से मांगी 22 लाख की रंगदारी

**हसनगंज उन्नाव।** लखनऊ के सेक्टर-डी 1 एलडीए कॉलोनी निवासी सुशील जैन ने कोतवाली में तहरीर देकर 22 लाख रुपए की रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के दाउदपुर गांव निवासी विनोदिनी पत्नी राजू मिश्रा से लखनऊ के एलडीए कॉलोनी निवासी सुशील जैन पुत्र कैलाश चंद्र ने 9 माह पूर्व पांच बीघा जमीन खरीदी थी। जिसमें वह अपना कृषि व बागवानी सम्बंधित कार्य करा रहे थे। सुरेंद्र सिंह पुत्र रामगोपाल ने सुशील जैन से 22 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है तथा उनको अपनी जमीन पर कार्य करने से भी रोक रहे हैं। रकम न देने पर लगातार जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। इसके पूर्व भी कई बार 22 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। बीती 6 जून को भूमि पर खड़े पेड़ दाउदपुर गांव निवासी रामगोपाल, नन्हकी, युवराज, बाबूलाल, विनोद व लवकुश ने काट दिए थे। इसे लेकर कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रंगदारी मांगने, जान से मार देने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

### रमेश गौतम बने शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि

**उन्नाव।** शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने राजनैतिक व्यस्तताओं के चलते जिले में आयोजित होने वाली विकास व जनकल्याण संबंधी प्रशासनिक बैठकों में सहभागिता के लिए प्रतिनिधि मनोनीत किया है। डीएम को जारी पत्र में उन्होंने बताया कि शिक्षक एमएलसी निर्वाचन में कई जिले शामिल हैं। इसलिए उन्नाव में आयोजित होने वाली विभिन्न विभागीय बैठकों में शामिल होना नहीं हो पाता है। इससे ओपीजेडी इंटर कालेज शुक्लागंज के शिक्षक रमेश गौतम को विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए वे अधिकृत कर रहे हैं। बताते चलें कि वह माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री पद पर रह चुके हैं।



रमेश गौतम।


शहर में ताजिया जुलूस में शामिल मुस्लिम। अमृत विचार


सफीपुर में आग का मातम करते युवाओं को देखते लोग। अमृत विचार

# गमगीन माहौल में निकाला गया ताजिया जुलूस

**जुलूस-ए-मोहम्मदी में दिखाई दी गंगा-यमुनी संस्कृति**

**जरूरतमंदों के लिए आगे बढ़ कई लोगों ने किया रक्तदान**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के सदर बाजार स्थित ककरहा बाग़ से दसवीं मुहर्रम पर आशूर का जुलूस निकाला गया, जिसमें गंगा-यमुनवी संस्कृति को साबित करते हुए शिया-सुन्नी मुस्लमानों सहित अन्य वर्ग के लोगों की भी बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई दी। अजादारों ने ताजिया निकाला और मातम कर हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। या हुसैन की सदाओं के बीच ताजिया अलम व शबीह को बना कर निकाले गए जुलूस में परंपरागत झंडों के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी लहराता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे, युवा व बड़े अजादार मातम मनाते हुए खून से सराबोर होते रहे। अंत में तालिब सरांय पहुंच कर ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

बीती रात से अंजुमन हुसैनिया व अंजुमन अजाय हुसैन में शामिल लोगों ने मोहर्रम जूलूस की तैयारियां शुरू करा रखी थीं। आशूरा के जुलूस के मद्देनजर सुबह 10 बजे के बाद से ही शहर के दूरस्थ मोहल्लों में चांद दिखने के बाद पहली तारीख को रखे गए ताजिए ककरहाबाग के लिए रवाना होने लगे। साथ ही मुख्य मार्ग पर जगह-जगह लंगर आयोजित करने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाने लगा। करीब 11 बजे से विभिन्न स्थानों पर पानी व शर्बत बांटा जाने लगा। इसके साथ ही लंगर संचालित कर कहीं खमीर रोटी व सालन तो कहीं पुलाव व सालन-चावल आदि का वितरण शुरू कर दिया गया। झंडेश्वर मंदिर के पास से लेकर अताउल्ला मस्जिद आधा दर्जन स्थानों पर अंजुमनों सहित लोगों के व्यक्तिगत लंगरों से खाना वितरित किया जाता रहा। अताउल्ला मस्जिद के पास करोबारी इस्माल ने पिछले वर्षों की इस बार भी बड़ा लंगर आयोजित कराया, जहां पूरे समय जरूरतमंदों का मजमा लगा रहा। इसी तरह शहर के अंदर के रास्तों पर भी सबील व लंगर बांटा जाता रहा। जुलस में शामिल लोगों ने क़मा (धातु की बनी छोटी तलवार) सिर पर चलाई, जबकि बड़े अजादार पीठ पर छुरियां चला रहे थे। वहीं बच्चे भी सीना पीटकर मातम करते हुए या हुसैन-या हुसैन कहते हुए गंतव्य मार्ग की ओर बढ़ते रहे। ककराबाग से रवाना हुआ जुलूस छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, धवन रोड, दादामियां चौराहा, गद्दियाना, चौधराना होते हुए व छिपियाना चौराहा पहुंचा, जहां से कुछ लोगों ने तालिब सरांय स्थित कर्बला की ओर बढ़ गए, जहां पहुंचकर साथ लाए गए ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया। वहीं अन्य लोग आगे बढ़ते हुए ककरहाबाग स्थित कर्बला पहुंचे और यहां स्थित कर्बला में ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस में असगर इमाम, नजमुल हुसैन, शीराज हैदर रिजवी, एहसन रजा, आमिर आब्दी, यूसुफ सफवी, अली मोहसिन, जान रजा, हसन जाफर, अब्बास इलम, आफताब हैदर, इब्ने हैदर, एजाज हुसैन, फैज अस्करी, लारैब वसी, मुकुंद शुक्ला, इनामुर्र रहमान, मोहममद वकार, अकील अहमद, अम्मार वसी, फाजिल अब्बास, अबूजर आगा, रिजवान जाफर, कारिब हुसैन जाफरी, मेंहदी इमाम, रजा अब्बास काजमी व असद इमाम जैदी आदि शामिल रहे।


शहर में छुरी का मातम करते अजादार। अमृत विचार


शहर में मोहर्रम जुलूस में युद्ध कौशल का प्रदर्शन करते युवा। अमृत विचार

**सफीपुर संवाददाता के अनुसार,** क़स्बा के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा में दहकते अंगारों पर चल मातम से पूर्व मौलाना अजादार हुसैन ने कहा कि 10वीं मोहर्रम को 72 शहादतों को अंजाम देने के बाद भी यजीद की फौज का मन नही भरा। इसलिए इमाम के खेमे में आग लगवा दी। इससे अंदर मौजूद औरतें व बच्चे झुलस गए। इसीलिए अजादार आग का मातम करते हैं। रात्रि 1.30 बजे करीब आधा सैकड़ा लोगों ने दहकते अंगारों पर चल इमाम को याद किया। शांति व सुरक्षा बनाए रखने को एसडीएम सफीपुर नवीन चंद्र, सीओ माया राय व इंस्पेक्टर श्याम नारायण सिंह भारी पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण करते रहे। अंजुमन इमामिया के संयोजक अस्करी हादी व फायक अहमद आदि व्यवस्था में शामिल रहे। सुबह तक जारी रहा ताजियों की जियारत का दौर खत्म होने पर पहला ताजिया जुलूस सुबह करीब आठ बजे निकला, जो मोहल्ला राहतगंज बाजार, टिकुली, दुबियाना, सरांय खुर्रम, ब्रह्मनटोला व हाताबाजार होता हुआ क़स्बे के बाहर स्थित करबला पहुंचा और ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किए गए । स तरह दूसरा जुलूस शाम चार बजे मोहल्ला सराय जामी से उठा, जो विभिन्न मोहल्लों से गुजरता हुआ वापस करबला पहुंचा। इसी तरह क्षेत्र के पीख़ी, जमालनगर व उनवा आदि गांवों में भी जुलूस निकालकर ताजियों को दफन किया गया।

**बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार,** बीती रात ताजियों को सजाकर इमाम चौकों पर रखने के साथ ही मुस्लिम इलाकों में सजावट की गई। साथ ही संबंधित स्थानों पर सबील व लंगर की व्यवस्था भी की गई। इमाम चौकों पर रखे ताजियों की जियारत करने वालों का पूरी रात भारी मजमा लग रहा। हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम की 9 तारीख पर नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा (गोल कुआं) में हर साल कि तरह इस बार भी विशेष प्रकार की रोशनी व सजावट देखने को मिली। इस बार ताजिया को गोल्डन कलर दिया गया। हुसैनी मस्जिद व इमाम चौक की सजावट सभी को आकर्षित करती रही। मशहूर कव्वाल अब्दुल कादिर रहमती व नादिर अली आदि ने बेहतरीन नोहे तरन्नुम से सुनाएं, जिन्हें सुनकर लोगों की आंखें नम रहीं। इसके साथ ही नगर के मोहल्ला मुकरियाना, मेमारन टोला, सराय, गोंडा टोला, नसीमगंज, दरगाह मोहल्ला, गुलाम मुस्तफा, कस्बा टोला व पुरबिया टोला आदि मोहल्ले में भी ताजियों व इमाम चौकों पर खूब रोशनी रही।

### शिविर में कई लोगों ने किया रक्तदान

इस बार खास बात यह रही कि आशूरा के जुलूस में अंजुमनों की ओर से ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित कराया, जिसमें फारूख जैदी, अली इमाम जैदी भइयू, कासिम हुसैन जैदी, आमिर आब्दी, सादाब आलम जैदी, मुबारक रजा जैदी, मकबूल हैदर जैदी, अली आब्दी, जुबैर खान, सिकंदर बेग, इनामुर्र रहमान, सईदुज जमा सफवी व मोहम्मद यूनुस सहित बड़ी संख्या में लोगों ने रक्त दान किया। रक्तदान कराने वाली टीम में डा. इस्लाहुद्दीन, डा. राजेश सिंह, लैब टेक्निशियन निर्मेश पटेल, सुनील पाल, अजय कुशवाहा व पंकज कुमार आदि शामिल थे।

# आंसू भरे माहौल में ताजिया दफन, कर्बला में उमड़ी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- जगह-जगह हुआ जुलूस का इस्तकबाल
- दोपहर 12 बजे से निकलने शुरू हो गए ताजिया

**अमृत विचार।** बुधवार को मोहर्रम को देखते हुए गंगा घाट क्षेत्र के मुस्लिम इलाकों से लोगों ने जुलूस निकाला। जहां जगह-जगह जुलूस का इस्तकबाल किया गया। इस दौरान युवाओं ने करतब दिखाए। जिसके बाद शाम के समय गमगीन आंखों से ताजिया को कर्बला में दफन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जुलूस के दौरान भारी पुलिस व राजस्व कर्मी जुलूस के साथ मौजूद रहे।

आंखो में आंसू, सीने पर मातम, जुबां पर या हुसैन -या हुसैन की सदाओ के बीच दसवीं मोहरर्म में हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की शहादत पर ताजिये के जुलूस गंगाघाट क्षेत्र के कोने कोने में निकाले गयें। इस अवसर पर अजादर काले कपडें धारण किये थे, जगह- जगह शकीले आयोजन किया गया, मोहर्रम पैगम्बरे इस्लाम मोहम्मद मुस्तफा के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ सच्चाई, हक इन्साफ बचाने के लिए जुल्म के खिलाफ आवाज उठायी थी और कर्बला में कुर्बानी दी थी, जिसकी याद हर वर्ष मनायी जाती है। जिसे देखते हुये गंगाघाट क्षेत्र के मुस्लिम क्षेत्रों से दसंवी मोहर्रम को ताजियों का जुलुस मनोहर नगर, अहमद नगर, रहमत नगर, रशीद कालोनी, मदनी नगर, अली नगर, चम्पापुरवा, गोताखोर, आदि स्थानो में शिया-सुन्नी व हिन्दू अकीदतंमदो ने ताजियों के जुलुसों में शिरकत कर जालिम और जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई, तथा चंपापुरवा, गोताखोर स्थित कर्बला में समाप्त हुआ। वहीं तलवार भालों आदि में अपनी कला का कौशल बिखेर रहे करतबबाज एक दूसरे से हार मारने के लिए तैयार नही थे। जिसे देख जुलूस में मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गये।

जुलूस के दौरान एसडीएम हिमांशु गुप्ता, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी, स्नेहा यादव, राजस्व कर्मी अशोक सैनी, मुकेश दीक्षित, मनोज यादव, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, फायर बिग्रेड मौजूद रही। वहीं मौलाना शमीम अहमद नूरी, एसएम आफताब रज़ा, हाफिज गुलाम मोहम्मद, मौलाना जकाउल्ला, हाजी सैय्यद इरफान, तहसीन रजा कादरी, शहजादे, फुरकान खान, फुरकान शाह, वीरेंद्र शुक्ला आदि तमाम लोग जुलूस में शामिल हुए।


जुलूस के दौरान उमड़ी लोगों की भीड़। अमृत विचार

# बीएसए ने अनुपस्थित 22 शिक्षकों का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शनिवार देर शाम आदेश सामने आने पर शिक्षक नेताओं ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** एक ओर प्रांतीय शिक्षक नेताओं की विभागीय मुख्य सचिव से डिजिटल उपस्थित को लेकर जारी आंदोलन के संबंध में वार्ता चल रही थी। वहीं यहां बीएसए संगीता सिंह ने निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दो अलग-अलग जारी आदेशों में 22 शिक्षण स्टाफ का वेतन रोक दिया है। शिक्षक नेताओं में इसको लेकर नाराजगी है।

मंगलवार को जहां शिक्षक संगठनों ने ज्ञापन देकर लंबित मांगे पूरी न होने तक डिजिटल उपस्थित न करने को लेकर ज्ञापन दिया था। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश की राजधानी में संबंधित संगठन नेताओं ने मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों से बातचीत करते हुए संबंधित आदेश दो माह के लिए स्थगित करालिया था। इधर, इसी दिन बीएसए ने देर शाम बीईओ रिपोर्ट को आधार बनाकर नगर क्षेत्र के दो, हिलौली व सफीपुर के तीन-तीन, असोहा के दो, मियागंज, बिछिया, नवाबगंज के एक-एक शिक्षण स्टाफ का वेतन रोकने का आदेश जारी कर दिया। इसी तरह जारी एक अन्य आदेश में विभागीय अधिकारी ने निरीक्षण में अनुपस्थित मिले मियागंज व सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के तीन-तीन, बिछिया के दो और पुरवा के एक शिक्षक का वेतन रोकने का आदेश जारी किया। शिक्षक नेताओं ने कहाकि करीब 400 से अधिक शिक्षक-शिक्षकाओं, शिक्षामित्र व अनुदेशकों का एक दिन का वेतन रुका हुआ है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कनौजिया व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के भरत चित्रांशी ने कहा कि बीएसए सहित उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

# बहनोई, भाई को पीटने में 7 के खिलाफ रिपोर्ट

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में मंगलवार रात बहन की शिकायत पर पहुंचे उसके भाइयों ने बहनोई और उसके भाई को लोहे की राड और लाठी डंडों से मारा पीटा था। जिससे दोनों घायल हो गये थे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद के साथ तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

पिपरी गांव निवासी शिव प्रकाश मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसके बीमार बेटे विनय से उसकी पत्नी अक्सर झगड़ा होता रहता था, उसी को लेकर मंगलवार को भी झगड़ा हो गया। जिस पर बहू ने मायके से रूपउ माखी निवासी पप्पू उर्फ प्रदेश बाबू, धीरज, पंकज के अलावा ब्रह्म रतन व तीन अज्ञात लोगों को बुला लिया और विनय को मारने पीटने लगे। बचाव करने पहुंचे छोटे बेटे विवेक को भी पीट दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार नामजद के साथ तीन अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# सीने पर ताबड़तोड़ चाकू के वार से गई थी महिला की जान

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- फेफड़ा और ह्रदय फटा, चेहरे पर भी मिली चोटें

**अमृत विचार।** अवैध संबंधों के शक के चलते प्रतिशोध में जल रहे पति ने चाकू से पत्नी के सीने व चेहरे में सात वार कर मौत के घाट उतारा था। बुधवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। इससे पूर्व भी कई बार दोनों में इसे लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें बाद में सुलह समझैता हो गया था। महिला अपने मायके से भी संबंध नहीं रखती थी। हालांकि उसकी मौत पर बड़ा भाई पहुंचा और अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुआ।

बता दें कि शहर के गदनखेड़ा मोहल्ले में नगर पालिका की गौशाला के पास किराए पर अमित श्रीवास्तव उर्फ पिंटू लाला बड़े वाहनों का कमानी मिस्त्री था। उसकी सन-2015 में रजनी (35) से शादी हुई थी। इसके बाद शहर के कलक्टरगंज फाटक में पुराने मकान में अपना हिस्सा बेच दिया और किराए के मकान में रहने लगा था। उसका एक बेटा है। चर्चा है कि रजनी किसी से फोन पर बात करती थी। इसका पति विरोध करता था। इसकी शिकायत उसने उसके मायके में भी की थी लेकिन, माता-पिता के न होने से वह किसी की बात नहीं सुनती थी। इससे मायके में भाइयों ने भी उससे दूरी बना ली थी। कई महीने पूर्व अमित को बुखार आने पर दवाई लेने निकली रजनी कई घंटे बाद लौटी थी। इससे नाराज पति ने उसकी डंडों से पिटाई की थी। उसके सिर में चोट आई थी और 7 दिन तक उसका जिला अस्पताल में इलाज भी चला था। लेकिन, बाद में सुलह हो गई थी। चर्चा यह भी रही कि पति के जाने के बाद अक्सर एक युवक उसके घर आता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को भी रजनी किसी से फोन पर बात कर रही थी।

# ई-बस की टक्कर से पालिका कर्मी घायल

**शुक्लागंज।** नगर पालिका गंगाघाट में कार्यरत संविदा पालिका कर्मी पालिका से हाजिरी लगाकर वार्ड में काम करने जा रहा था, तभी सड़क पार करने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित ई बस ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गया। ईओ, सभासद और पालिका कर्मियों ने बस को रूकवा लिया और पुलिस को सूचना दी।

ऋषि नगर निवासी राकेश पालिका में संविदा कर्मी के पद पर कार्यरत है। बुधवार दोपहर दूसरी पॉली में पालिका में हाजिरी लगाने के बाद वार्ड में काम करने जा रहा था, तभी उन्नाव से कानपुर की ओर विपरीत दिशा से जा रही ई बस ने राकेश को टक्कर मार दी। बस के आगे शीशे में टकराने से वह सड़क पर जा गिरा और घायल हो गया। दुर्घटना देख पालिका कर्मी के अलावा सभासद और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा पहुंचे। जहां उन्होंने बस चालक को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। घायल पालिका कर्मी को इलाज के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप


वायरल वीडियो में फोरलेन पर लगा दिखा फिलिस्तीन का झंडा।

### जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडा लहराने का वीडियो वायरल

**शुक्लागंज उन्नाव।** मोहर्रम जुलूस के दौरान बुधवार को फोरलेन पर किसी ने फिलिस्तीन का झंडा लगा दिया। जिसकी किसी ने वीडियो बनाकर एक्स पर पोस्ट कर दिया। वीडियो पोस्ट होने पर पुलिस ने संज्ञान में लिया और झंडे को उतरवा दिया। राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद के सामने बुधवार को मोहर्रम जुलूस के दौरान किसी ने फिलीस्तीन की तरह दिखने वाला झंडा लगा दिया गया। जिसका वीडियो को सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। वीडियो वॉयरल होते ही जिले के आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और गंगाघाट पुलिस को झंडा हटवाने के निर्देश दिये। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि रंग बिरंगा झंडा था। जिसे हटवा दिया गया था। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

### कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग के मदार नगर गांव के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें घायल हुए बाइक सवार युवक को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरोजनी नगर निवासी अभिषेक उर्फ भूरा (18) पुत्र यासीन कानपुर के बिल्हौर में मदार साहब की मजार पर माथा टेकने गया था। बुधवार को लौटते समय बिल्हौर मार्ग स्थित गांव मदार नगर के पास सामने से आए कंटेनर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें घायल एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कंटेनर कोतवाली में खड़ा कराया है।

### सैर को निकली महिला से लूट का प्रयास , वीडियो वायरल

**बिछिया उन्नाव।** दही थानाक्षेत्र के आवास विकास कालोनी में सुबह टहलने निकली महिला से भोर के लुटेरों ने उसके गले में पड़ी सोने की चेन लूटने का तोड़ने का प्रयास किया। महिला के हाथ पकड़कर शोर मचाने पर वहां माजूद लोग दौड़े तो बाइक सवार बदमाश भाग निकले। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में लुटेरों की बाइक का नंबर मिला है। शहर के आवास विकास कालोनी निवासी सविता दीक्षित बुधवार सुबह 6 बजे सैर के लिए निकली थी। वह जैसे ही कालोनी स्थित एक कपड़े के शोरूम के पास पहुंची तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले में पड़ी चेन तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन, उन्होंने बदमाश का हाथ पकड़ लिया और शोर मचा दिया। शोर सुन लोग दौड़े तो बदमाश बाइक से भाग निकले। सोशल मीडिया पर महिला से लूट की घटना वायरल हो गई। दही एसओ अनुराग सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और जांच कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। बताते हैं कि पुलिस को बाइक का नंबर मिल गया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर लूट की वायरल खबर का खंडन किया है।

### बाढ़ क्षेत्र के लोगों से की एहतियात बरतने की अपील

**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गंगा नदी की बाढ़ को देखते हुए लोगों से एहतियात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन बाढ़ पर लगातार नजर बनाए है। साथ ही आवश्यकतानुसार बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में राहत एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को नदी का जलस्तर 112 मीटर रिकार्ड हुआ है, जबकि पिछले साल यह 113 .210 मीटर तक पहुंचा था। बाढ़ क्षेत्र में 47 चिकित्सा टीमों को लगाकर ओआरएस घोल व क्लोरीन टेबलेट सहित अन्य दवाओं को वितरण किया जा रहा है। सदर तहसील क्षेत्र में 10 नावें लगाई जा चुकी हैं। वहीं बांगरमऊ तहसील क्षेत्र में छह सहित जिले में कुल 22 नावें तैनात की जा चुकी हैं।

### पूर्व विधायक को पितृ शोक

**बांगरमऊ।** बिल्हौर कानपुर नगर के पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर के पिता विश्राम दिवाकर के पार्थिव शरीर का बुधवार को क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र कमलेश चंद्र दिवाकर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश चंद्र दिवाकर, अर्जुन लाल दिवाकर, दुलारे लाल दिवाकर सहित सभी पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे। अंतिम यात्रा में सांसद साक्षी महाराज,क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर, पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, बांगरमऊ चेयरमैन रामजी गुप्ता, पूर्व चेयरमैन इजहार खां गुड्डू , पूर्व चेयरमैन गंजमुरादाबाद राम नरेश कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख फतेहपुर मनोज निषाद, पूर्व प्रमुख नागेंद्र सिंह गौर, विवेक पटेल, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष शरद अग्रवाल व चौधरी प्रमेश सिंह सहित हजारों लोग शामिल हुए।

**सम्मान** होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट और इम्युनोलॉजिस्ट का दुबई में मिला अवॉर्ड

# दुबई में गूंजा शुक्लागंज के डॉक्टर का नाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- सम्मान मिलने पर उनके परिवार और नगर के लोगों ने शुभकामनाएं दी

**अमृत विचार।** उन्नाव व शुक्लागंज के होम्योपैथिक डॉक्टरों द्वारा होम्योपैथिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दुबई के बुर्ज अल अरब दुबई में बर्नट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित वर्ल्ड हेल्थ समिट सीजन टू में बेस्ट होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट और इममुनोलॉजिस्ट अवार्ड से प्रेसिडेंट आफ लंदन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के गैरी स्मिथ और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जांटी रूड्स ने सम्मानित किया।

नगर के सुभाष नगर निवासी मधु होम्यो केअर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. निखिल सिंह चौहान को दुबई के बुर्ज अल अरब में बर्नट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित वर्ल्ड हेल्थ समिट सीजन टू होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट अवार्ड से प्रेसिडेंट आफ लंदन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के गैरी स्मिथ और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जांटी रूड्स ने सम्मानित किया। इसी तरह उन्नाव के पाटन में रहने वाले होम्योपैथिक डॉक्टर मनमोहन गुप्ता को बेस्ट होम्योपैथिक इममुनोलॉजिस्ट आवार्ड दिया गया। सम्मान मिलने पर उनके परिवार और नगर के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अभिनेता अनुपम खेर, कवि कुमार विश्वास, वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल, दिल्ली सांसद मनोज तिवारी की मौजूदगी में उन्हें सम्मानित किया गया।

वहीं बता दें कि निखिल को इससे पहले उन्हें उत्तराखंड में राइजिंग स्टार अवार्ड 2023 मिल चुका है। उससे पहले नागपुर में ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च सबमिट 2023 में ऑल इंडिया यूथ अवार्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा मलेशिया में केंट होम्योपैथिक लेबोरेटरी की तरफ से डॉ. हरदेव प्रसाद मेमोरियल अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।


डॉ. निखिल को सम्मानित करते प्रेसिडेंट गैरी स्मिथ व पूर्व क्रिकेटर जांटी रूड्स।

# एडीआरएम ने रेलवे पुल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- मंगलवार को पटरी टेढ़ी होने के बाद दिल्ली से लखनऊ तक मचा था हड़कंप

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल के डाउन लाइन पर रेल पथ विभाग की लापरवाही से मंगलवार को बड़ा हादसा होते बच गया था। जिस पर बुधवार को डीआरएम के निर्देश पर एडीआरएम ने रेलवे ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद मातहतों को दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को रेलवे पुल के डाउन लाइन पर पटरी टेढ़ी हो गई थी, उसी समय मालगाड़ी गुजरने वाली थी लेकिन पेट्रोलमैन की नजर पड़ने पर मालगाड़ी को रूकवाने के तुरंत बाद पटरी को बदलने का काम किया गया था। जिस पर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। वहीं गंगाघाट क्षेत्र में रेल पथ विभाग की लापरवाही के कारण रेलवे ट्रैक में तमाम खामियां देखने को कभी भी मिल सकती हैं। बुधवार को डीएम के निर्देश पर दोपहर के समय एडीआरएम लखनऊ मंडल सचिन वर्मा मातहतों के साथ रेलवे पुल पहुंचे। जहां उन्होंने पैदल ही डाउन लाइन ट्रैक का निरीक्षण किया। जिस जगह पर मंगलवार को रेल पटरी टेढ़ी हुई थी, वहां भी जांच पड़ताल की। जिसके बाद आधे पुल तक पैदल ही ट्रैक की जांच की। उन्होंने अधिकारियों के साथ पुल को लेकर विचार विमर्श किया। इस दौरान मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए।

# पत्नी से मिलने ससुराल गए युवक की हत्या कर शव खेत में फेंका

## गांव से 200 मीटर दूर मिला शव, साल भर से मायके में रह रही है पत्नी

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट ससुराल आए युवक का शव बुधवार सुबह गांव से दो सौ मीटर दूर खेत पर मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने पत्नी समेत अन्य ससुरालियों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच कर रही है।

असोथर थाना के केवटरा मजरे सातों जोगा निवासी 25 वर्षीय अमित निषाद की शादी पांच साल पहले किशनपुर के महावतपुर असहट निवासी सुमन के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा। इससे पत्नी मायके में रहने लगी थी। उसने पति और उसके परिजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा रखा था। चार साल की बेटी चांदनी मां सुमन के साथ रहती थी। मंगलवार शाम अमित अपनी ससुराल पड़ोसी के घर बरहों कार्यक्रम में शामिल पहुंचा था। बरहों में न पहुंचकर वह पत्नी के पास चला गया, जहां विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि अमित शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था। देर रात करीब 10 बजे वह लापता हो गया। अमित के परिजनों तक भी सूचना पहुंच गई थी। पिता और चाचा महावतपुर असहट गांव आकर अमित की खोजबीन कर रहे थे।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

उधर पत्नी सुमन ने रात थाने पहुंचकर मारपीट की शिकायत की। पुलिस ने गांव पहुंचकर खोजबीन की पर पता न चलने पर लौट आई थी। बुधवार सुबह अमित का शव खेत में पड़ा मिला। पिता विजय बहादुर पीट पीटकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। थाना प्रभारी हेमंत मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संपत्ति के विवाद में अधेड़ को मार डाला

**मुस्करा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के गहरौली गांव निवासी भैरम प्रजापति ने बताया कि करौंदा बाबा नाले के पास रोज की भांति वह और उसका भाई दशाराम खेतों की रखवाली कर अपने जानवर चरा रहे थे। तभी दोपहर करीब 2 :30 बजे उसके भतीजे महेश, रमेश और उसका पिता सरजू तीनों ने मिलकर आते ही दशाराम (55) को ईंट और लकड़ी के जरी से कुचल कुचल कर हत्या कर दी और मौके से भाग गए। बताया कि मृतक चार भाई थे, दूसरे नंबर के भाई हरनाम के कोई औलाद नहीं है और उसी की जमीन और मकान संपत्ति को लेकर ही मुख्य विवाद था। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर शशि कुमार पांडे स्टाफ पुलिस क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, पिता-पुत्री हुए घायल

संवाददाता बिन्दकी

- सीएचसी बिन्दकी से पिता पुत्री सदर अस्पताल रेफर

**अमृत विचार।** बहन का इलाज कराकर वापस लौट रहा बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं युवती व उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


लवकुश।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी अमर पुत्र राम सुजान अपने बेटे लवकुश के साथ बाइक से बेटी शिमला का इलाज कराने बुधवार को जोनिहां कस्बा पहुंचे थे। इलाज कराकर घर वापस लौटते समय जाफरगंज थाना क्षेत्र के गढ़ी ईंट भट्ठा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार से कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने पिता-पुत्री को सीएचसी बिन्दकी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया।

### वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के कुकुआ खास गांव निवासी 45 वर्षीय राममिलन सबिता पुत्र चुनबाद मंगलवार की रात पैलानी रोड़ पर घूम रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहां से गुजर रहे गांव के लोगो ने उसे पहचान लिया। मामले की जानकारी परिजनो को दी गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई हीरालाल ने बताया कि राममिलने चार भाईयो में दूसरे नबंर का था।

# यमुना नदी के तेज बहाव में गुम हो गईं ननद और भाभी

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- शादी की रस्म में रिश्तेदारों के साथ गईं थीं मऊ घाट

**अमृत विचार।** यमुना नदी में निर्माणाधीन मऊ-महिला पुल के नीचे नहा रहीं ननद-भाभी की डूबने से मौत हो गई। दोनों घर में हुई शादी के बाद बुधवार सुबह मायन सिराने (विसर्जन) की रस्म के लिए अन्य रिश्तेदारों के साथ मऊ घाट आई थीं। समाचार भेजे जाने तक राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम दोनों युवतियों का पता लगाने में जुटी थी।

कर्वी कोतवाली के गांव रगौली के रहने वाले कवलेश परिवार के साथ मऊ के अंबेडकरनगर निवासी बहनोई शिवमंगल के यहां लड़के की शादी में आए थे। मंगलवार को बारात लौटी थी। बुधवार की सुबह मायन सिराने की रस्म के लिए परिवार की महिलाएं और कुछ पुरुष यमुना घाट गए थे।

परिजनों के अनुसार, कवलेश की बहू पुष्पा (22) पत्नी रामभरोष ननद किरण (16) और चचेरे देवर रामचरण (24) पुत्र दिनेश के साथ नदी में हंसी-ठिठोली कर रही थी। लगातार बारिश से यमुना का पानी उफान था। इससे अनजान तीनों लोग गहराई में चले गए और डूबने लगे।


किरण


पुष्पा।

यह देखकर अन्य रिश्तेदार चिल्लाए पर तब तक पुष्पा और किरण तेज बहाव में गुम हो गईं। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय, कस्बा इंचार्ज इंद्रजीत गौतम फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक और अन्य अधिकारी भी पहुंच गए। एसडीआरएफ की टीम, गोताखोरों के साथ दोनों का पता लगाने में जुटी थी। समाचार भेजे जाने तक इनका पता नहीं चल सका था।

# तीसरी शादी की जानकारी पर पहली पत्नी से मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** दहेज के लिए पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी से शादी कर ली। उसकी मौत हो गई तो फिर तीसरी से शादी कर ली। इसकी जानकारी पर पहुंची पहली पत्नी के साथ युवक ने मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के परसपुर गांव निवासी कीर्ति द्विवेदी पत्नी अवनीश कुमार ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी अवनीश के साथ सन् 2010 में हुई थी। एक साल बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका पति व ससुरालियों के साथ विवाद होने लगा। ससुरालियों ने उसे निकाल दिया। उसके पति ने दूसरी शादी कर ली। कुछ दिन बाद दूसरी पत्नी की मौत हो गई। फिर पति ने 13 जुलाई को तीसरी शादी कर ली। इसकी जानकारी पर पहली पत्नी 16 जुलाई को ससुराल पहुंची तो पति अवनीश कुमार, सास सुमन, ससुर विमलेश ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मानीमऊ में रेलवे स्टेशन के निकट हाईवे पर दो बाइकों में आमने सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जब कि दो घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। मंगलवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे मानीमऊ रेलवे स्टेशन के सामने जीटी रोड पर दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी पर मानीमऊ चौकी प्रभारी शेखर सैनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने चारों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान मिले मोबाइल नंबर से परिजनों को फोन कर पुलिस ने जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि कानपुर नगर जनपद के बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिहानी निवासी सुमित कुमार (30)पुत्र प्रेम नरायन व गांव रौतामऊ कोतवाली शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर निवासी सूरज(21) पुत्र संतोष की मौत हो गई जबकि ककवन थाना क्षेत्र के गांव नेवादा निवासी कृष्णकांत उर्फ शिवा पुत्र रामबाबू व कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव तेरामल्लू गांव निवासी सोनू पुत्र मुन्नू घायल हो गये। पुलिस ने मृतकों के शव मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने बुधवार को दोनों युवकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। घायल युवकों का कानपुर में इलाज चल रहा है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बालक को रौंदा, मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गांव के बच्चों के साथ खेल रहे बालक को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंद दिया। बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। चालक ट्रैक्टर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। बुधवार को कोतवाली के दीपकपुर नायक नगर निवासी बलवीर का 6 वर्षीय बेटा सौरभ बच्चों के साथ गांव के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बालक को रौंद दिया। उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। वहीं मौके पर पहुंचे एसडीएम उमाकांत तिवारी ने घटना के बावत जानकारी ली है।

### डंपर में पीछे से टकराई कार, चालक समेत सात घायल

**सौरिख, कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चालक को झपकी आने से दिल्ली से वाराणसी जा रही तेज रफ्तार कार आगे चल रहे डंपर से जा टकराई। हादसे में चालक समेत कार सवार सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। फर्रुखाबाद जनपद के मोहम्मदाबाद के जाजपुर बंजारा निवासी कार चालक सौरभ पाल पुत्र जागेश्वर पाल गांव के ही उत्तम सिंह पुत्र कृपाल सिंह, संदीप पुत्र पन्नीलाल, किरन पुत्री किशन, गौरी पुत्री शेर सिंह, रिंकी सरकार पुत्री अखिल कुमार, अल्फा पुत्र डेनियल को लेकर दिल्ली से वाराणसी आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते से जा रहा था। सुबह 6 बजे के करीब थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 148 पर कार आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा टकराई। हादसे में चालक समेत कार सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया तथा क्षतिग्रस्त कार और डंपर को टोल प्लाजा पर खड़ा कराया।

# महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**अछल्दा, औरैया।** थाना के पुराना अछल्दा निवासी सुमन देवी (21) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति संगीत कुमार ने ससुर रामौतार को घटना की जानकारी दी। मायके पक्ष के लोग पुराना अछल्दा स्थित अपनी बेटी के घर पहुंचे। मृतक के पिता रामौतार ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे बेटी से फोन पर बात की थी। दोपहर करीब 2 बजे हमने जब बेटी से बात करने के लिये फोन किया तो देवर ने फोन उठाया और बताया कि मैं बाजार में हूं। घर जाकर बात करवा दूंगा उसके बाद शाम 4 बजे दामाद ने फोन कर बताया कि तुम्हारी बेटी ने फांसी लगा ली।

# डॉ. अनुराग राज्यपाल से सम्मानित

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** समाजसेवी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जनपद का मान बढ़ाया है। राजभवन में आयोजित इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं डॉ हिमाबिन्दु नायक महासचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में सम्मानित किया।



डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

राज्यपाल ने डॉ अनुराग को बच्चों को चिकनपॉक्स, डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए किए जा रहे होम्योपैथिक औषधि वितरण व कोविड काल में आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाणित होम्योपैथिक औषधि आर्सेनिक एल्बम 30 के 3 लाख से अधिक लोगों को प्रदान किये जाने के कार्य की सराहना की। साथ ही राज्यपाल द्वारा विमोचित पुस्तक रेडक्रॉस के बढ़ते कदम में 22 से भी अधिक डॉ अनुराग के सेवाकार्यों के चित्र प्रकाशित किए गए है। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी सचिव अजीत सिंह उपस्थित रहे।

# मोहर्रम के जुलूस के दौरान छज्जा गिरने से बालक की जान गई

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** ताजिया देखने के लिए मकान के छज्जे पर खड़े लोगों के भार से छज्जा गिर गया जिससे एक बालक की मौत हो गई और एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है।

सकरावा थाना क्षेत्र के सकरावा मोहल्ले में ताजिए का जुलूस निकलने के दौरान लोग अपने-अपने मकान की छतों पर खड़े होकर देख रहे थे, तभी वकील पुत्र रहमान मंसूरी के मकान का छज्जा कई लोगों का वजन सहन नहीं कर सका और भरभरा कर गिर गया। इसमें सात वर्षीय रोशन पुत्र गुलफान की मौत हो गई तथा रहनुमा पुत्री अजीज, इस्लाम पुत्र अलाउद्दीन, अशरफ पुत्र रशीद, अंसार पुत्र इकबाल, फुरकान पुत्र सलामत, शहाबुद्दीन पुत्र रशीद, रोशन पुत्र गुलफान,अबरार पुत्र अनवर हुसैन, रुखसाना पत्नी जाकिर हुसैन, गुलशन पत्नी सलमान, तस्लीम पुत्र राजू, समर पुत्र समीम, जेबबानो पुत्री शमशुल, तौसीफ पुत्र आलमवीर लोग घायल हो गए। आनन-फ़ानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भर्ती कराया गया।

## सार-संक्षेप

### नशे मे बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी शिवबली सिंह उर्फ बाबू सिंह (65) पुत्र रामसजीवन सिंह मंगलवार की शाम नशे की हालत में घर आया। वह कमरे के अंदर घुस गया। उसने दीवार पर लगी खूंटी में साफी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। दरवाजा तोड़ कर कमरे के अंदर दाखिल हुए परिजनों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र सत्यम का कहना है कि पिता नशे के आदी थे। शाम को नशे की हालत में घर आए और कमरे के अंदर फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया।

### पेड़ के नीचे लेटे युवक की बिजली गिरने से मौत

**नरैनी।** बुधवार की दोपहर लगभग ढाई बजे करतल चौकी क्षेत्र के पंचमपुर गांव के मजरा अमहापुरवा निवासी संतराम (25) पुत्र शिवनारायण राजपूत घर के पास लगे सागौन के पेड़ की छांव में बैठकर आराम कर रहा था। इसी बीच बारिश के साथ तेज धमाके के साथ बिजली आ गिरी। चपेट में आकर संतराम की मौत हो गई। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस चैकी प्रभारी को दी। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी ने ग्राम प्रधान पंचमपुर शिवकुमार राजपूत, ग्राम प्रधान मुकेरा चन्द्र कुमार राजपूत एवं परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म पर रिपोर्ट दर्ज

**कंपिल फर्रुखाबाद।** विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में दी गई तहरीर में कहा कुछ साल पहले उसकी साली का विवाह जनपद एटा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुआ था। मानसिक संतुलन ठीक न होने के कारण पति ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह उसके घर पर रह रही है। मंगलवार रात गांव के ही एक युवक ने साली के साथ घर के पास पड़ी झोपडी में दुष्कर्म किया। उसकी चीखपुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों का कहना है आरोपित युवक को मौके से दबोच लिया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज कपिल कुमार कुशवाह ने आरोपित को निगरानी में ले लिया। तहरीर पर आरोपित नन्हेलाल उर्फ सूंगा के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया। एसओ जितेंद्र चौधरी ने बताया आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### प्रेमी युगल ने जहर खाकर किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** प्रेम-संबंध में जब परिवार रोड़ा बना तो प्रेमिका के गांव जाकर प्रेमी ने एक साथ जहर खा लिया। इस बात की जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 साल की किशोरी और जाफरगंज थाना क्षेत्र के युवक का काफी साल से प्रेम-संबंध चल रहा था। परिवार के लोगों को जब जानकारी हुई तो इस रिश्ते से प्रेमी और प्रेमिका दोनों परिवारों के लोग खुश नहीं थे और उनके मिलने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद प्रेमी युगल ने जान देने का निर्णय ले लिया और बुधवार सुबह युवक प्रेमिका के गांव पहुंचा और एक खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गनीमत रही के खेत में काम करने गए लोगों ने बेसुध हालत में पड़े प्रेमी युगल को देख लिया और प्रेमिका के परिजनों को इसकी जानकारी दी। इस पर दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### गश खाकर तालाब में गिरी महिला, मौत

**फतेहपुर।** बुधवार की दोपहर कूड़ा फेंकने गई एक महिला को अचानक चक्कर आ गया जिससे वह तालाब में गिर गई और हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे बाहर निकालकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राधानगर थाना क्षेत्र के बसावनपुर गांव निवासी दिनेश की पत्नी निशा सिंह बुधवार की दोपहर घर का कूड़ा फेंकने तालाब के पास गई थी। तभी उसे चक्कर आ गया और वह पानी में गिर गई। इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो गांव वालों की मदद से उसे बाहर निकाला और ई-रिक्शा के जरिए गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### सड़क हादसे में मौत, कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा, कन्नौज।** कार की टक्कर से घायल वृद्धा के मौत के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना इंदरगढ़ के उदैयापुर निवासी लक्ष्मी वर्मा पुत्री सुभाषचंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह कस्बे के बौद्धनगर में रहती है। उसकी मां सोनकली 21 जून को बाजार कहकर घर से निकली थी। मुन्ना होटल के पास में कार चालक सुरजीत कुमार ने उसके टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसकी मां घायल हो गई। उन्हें स्थानीय लोगों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया जहां 23 जून को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की जानकारी पर परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### श्रमिक ने फांसी लगाकर जान दी

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र गांव भीम नगर में रहने वाले श्रीराम के बेटे देशराज ने बताया कि उसका 42 वर्षीय बड़ा भाई फूल सिंह मंगलवार रात खाना खाकर बिजली न होने के कारण पत्नी व बच्चों के साथ घर की छत पर सोने चला गया था। आधी रात के समय बिजली आ गयी तो भाई छत से उतरकर नीचे कमरे में आ गया, उसने कमरे के अंदर छत में लगे कुंडे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह मृतक की पत्नी रामवती पशुओं को चारा डालने के लिए घर के अंदर आई तो पति को फांसी के फंदे पर लटका देख चीख पुकार मचाने लगी जिस पर बच्चे व आसपास के लोग मौके पर आ गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी। बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा फोर्स तथा फारेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी करके उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। टीम ने मृतक के कमरे से साक्ष्य एकत्रित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### लेखपाल ने की आत्महत्या की कोशिश

**अछल्दा, औरैया।** बिधूना निवासी चंद्रपाल पुत्र घनश्याम राजपूत एरवा कटरा क्षेत्र में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। वह इटावा जाने वाली मेमो का इंतजार कर रहे थे। तभी अछल्दा रेलवे स्टेशन पर कानपुर की ओर से आ रही अपलाइन पर बडोदरा स्पेशल एक्सप्रेस संख्या 03109 ट्रेन आते देख लेखपाल हाथ जोड़कर उसके आगे खड़े हो गए। लोको पायलट ने हॉर्न बजाया तब तक लेखपाल ट्रेन के इंजन में फंस गए। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। आरपीएफ और लोको पायलट ने इंजन से व्यक्ति को निकाल कर एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर गौरव ने हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया।

### पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

**औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव जुआ निवासी संत कुमार कुशवाह ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि वह सब्जी का फड़ लगाकर परिवार पालता है। उसके पुत्र जीतू सिंह का उसकी पत्नी से विवाद चल रहा है। न्यायालय की तिथि 8 जून को हाजिरी में देरी से एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी हुआ था। जिसका तामीला कराने थाना फफूंद का हल्का दरोगा संजीव यादव और राजेंद्र सोनकर दो अज्ञात सिपाहियों के साथ 16 जून की शाम गांव आए। आरोप लगाया कि बाजार में सब्जी की दुकान पर आकर गालियां देते हुए मारने लगे।

# प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में इटावा को 20 पदक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सीनियर श्रेणी में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक जीते

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इटावा के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाया। इन खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीनियर श्रेणी में 5 स्वर्ण, 3 रजत तथा 3 कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। फ्रेशर वर्ग ने भी अपने सीनियर्स का अनुकरण करते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत तथा 4 कांस्य पदक हासिल किए। कुल 20 पदकों पर इटावा ने अपना कब्जा जमाया।

इटावा ताइक्वांडो संघ के सचिव हिमांशु यादव ने बताया कि सीनियर वर्ग में चयन स्पर्धा के तहत इटावा से खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्ग की 11 स्पर्धाओं में मेडल जीते हैं। 5 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश चयन सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इनमें प्रियदर्शन शाक्य(सब जूनियर वर्ग, अंडर 27 किलोग्राम भार वर्ग), आराध्या सिंह (जूनियर वर्ग अंडर 68 किलोग्राम भार वर्ग), शौर्य सिंह(जूनियर वर्ग, इंडिविजुअल पूमसे), शौर्य सिंह और आराध्या सिंह(जूनियर वर्ग, पेयर पूम्से) तथा आयुष सिंह और तृषा सिंह(कैडेट वर्ग पेयर पूम्से) शामिल हैं। वहीं स्पर्धा की तीन श्रेणियों में रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में सोनाक्षी(सब जूनियर, इंडिविजुअल पूमसे), आयुष सिंह, रुद्र प्रताप और अदम्य अनुराग(कैडेट वर्ग टीम पूम्से) तथा आराध्या सिंह(जूनियर वर्ग, इंडिविजुअल पूमसे) रहे। इसके अलावा प्रियदर्शन और सोनाक्षी(सब जूनियर वर्ग, पेयर पूम्से), सौरभ चंद्र(अंडर सीनियर वर्ग, 80 किलोग्राम भार वर्ग) तथा सिद्धी त्रिपाठी(सब जूनियर वर्ग अंडर 22 किलोग्राम भार वर्ग) ने कांस्य पदक पदक अपने नाम किया।

रुद्र प्रताप ने कैडेट वर्ग अंडर 148 सेंटीमीटर में सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया। फ्रेशर श्रेणी में ओम शर्मा तथा प्रशांत कुमार स्वर्ण पदक; अभिराज, अंशुल, हर्षित भदौरिया रजत पदक एवं कौस्तुभ दीक्षित, कौस्तुभ चौहान, सानिध्य कटियार और सम्राट ने कांस्य पदक पर अपने नाम की मोहर लगाई। इटावा ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रत्युष तिवारी ने कहा कि इस बार की पदक तालिका में पिछली बार से बढ़ोत्तरी हुई है।

**व्यवस्था पर सवाल** मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक हो रही लापरवाही, तीमारदारों के स्ट्रेचर को धक्का लगाने का वीडियो वायरल

# वार्ड ब्वाय न मिलने पर तीमारदार ने धकियाया स्ट्रेचर

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** मरीजों की सुविधा के लिए चिकित्सा महाविद्यालय में जगह-जगह तैनात वार्ड ब्वाय की लापरवाही से मरीजों व तीमारदारों को परेशान होना पड़ रहा है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो चर्चा का विषय बन गया। इसमें दिख रहा है कि मरीज का स्ट्रेचर खींचने को कोई वार्ड ब्वाय नहीं मिला तो महिला तीमारदार समेत एक अन्य ने धक्का लगाकर उसे वार्ड तक पहुंचाया।


चिकित्सा महाविद्यालय में स्ट्रेचर को धक्का लगाते तीमारदार। अमृत विचार

बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर चिकित्सालय में इमरजेंसी, ओपीडी समेत सभी वार्ड में आउटसोर्सिंग के तहत वार्ड ब्वाय, सफाईकर्मियों की तैनाती की गई। मेडिकल कॉलेज में जगह-जगह तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारी आने वाले मरीजों के लिए लापरवाह साबित हो रहे हैं। वहां पर जाने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात वार्ड ब्वाय किस तरह से लापरवाह बने हुए हैं इसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बुधवार को इमरजेंसी में ऑटो से महिला मरीज को लेकर आए परिजनों को गेट पर न तो स्ट्रेचर मिला और न ही कोई वार्ड ब्वाय। तीमारदार काफी देर तक कर्मियों की तलाश करते रहे। जब किसी ने नहीं बताया तो वार्ड में रखा स्ट्रेचर तीमारदार लाए और ऑटो से मरीज को उतारकर लिटाया। महिला तीमारदार समेत ऑटो चालक ने स्ट्रेचर में धक्का लगाकर मरीज को वार्ड के अंदर तक पहुंचाया।

किसी ने मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा पर सॉल्वरों का ग्रहण, 8 हिरासत में

## दूसरी पाली की परीक्षा में बंद कमरे में करीब 20 लोगों की चल रही थी परीक्षा

संवाददाता, सीतापुर



कॉलेज के बाहर हंगामा करते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश में आरओ और एआरओ की परीक्षा के बाद अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी साल्वर गैंग की घुसपैठ की कोशिशें लगातार जारी है। वहीं तालगांव कोतवाली इलाके में स्थित केपी सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज में एसजीपीजीआई लखनऊ की नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में भी सॉल्वर गैंग की घुसपैठ के बाद परीक्षा रद कर दी गयी है। परीक्षा में सम्मिलित छात्रों ने परीक्षा के दौरान नकल की सूचना पर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने 8 सॉल्वरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस मामले पर कुछ भी बोलने से कतरा रहे है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के पारा सरायं में स्थित केपी सिंह मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में एसपीजीआई लखनऊ की नर्सिंग ऑफिसर के 250 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा कॉलेज में हो रही थी। बताया जाता है कि यह परीक्षा टीसीएस नाम की एजेंसी करा रही थी। दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान नकल की सूचना से हड़कम्प मच गया।

सूचना पर पहुंचे एएसपी सहित पुलिस फोर्स ने जांच पड़ताल की। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस दौरान कुल आठ परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया है। जिनके पास से साल्व पेपर और नोट्स के साथ अन्य चीजें भी बरामद हुई है। सूत्र बताते हैं कि सॉल्वर गैंग के 8 लोगो को लेकर पुलिस जिला मुख्यालय पर पूछताछ कर रही है। पकड़े गये परीक्षार्थियों के तार पेपर लीक गैंग व साल्वर गैंग से जुड़े है। इस खुलासे के बाद परीक्षार्थी, स्कूल प्रशासन व जिला प्रशासन सभी सकते में आ गये है। घटना के बाद परीक्षा को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद केन्द्र पर परीक्षा दे रहे अन्य परीक्षार्थियों ने केंद्र के बाहर हंगामा भी काटा। हंगामा कर रहे छात्रों ने बताया कि कॉलेज प्रशासन करीब एक दर्जन से अधिक परीक्षार्थियों को अलग कमरे में बिठा कर परीक्षा दिला रहा था।

### कॉलेज प्रबंधन पर छात्रों ने लगाए आरोप

- हंगामा कर रहे राजस्थान के एक छात्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि परीक्षा के दौरान करीब 20 परीक्षार्थी अन्य छात्रों की जगह पर परीक्षा दे रहे थे। छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन इस नकल में शामिल था। क्योंकि जब छात्रों ने सॉल्वरों को देखकर हंगामा किया तो कॉलेज प्रबंधन सभी छात्रों को पकड़कर कर गेट के अंदर कर रहे थे। छात्रों ने सीसीटीवी जांच की मांग की।

- एसजीपीजीआई लखनऊ में निकली वैकेंसी पर आयोजित की गई थी परीक्षा

"नकल की सूचना से मैं स्वयं हैरान हूं। छात्रों के हंगामे की सूचना पर मैंने ही पुलिस को बुलाया था।"
–सुरेंद्र सिंह, चेयरमैन केपी सिंह इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी

"कॉलेज में परीक्षा के दौरान नकल करते हुए 8 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। और अधिक जानकारी मुझे नहीं है।"
–दीपक राय, प्रभारी निरीक्षक, तालगांव

## एनएसजी की टीम ने डाला डेरा

**अयोध्याः** राम मंदिर परिसर की सुरक्षा और व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने की कवायद के तहत नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) की टीम ने जिले में डेरा डाल दिया है। चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत एनएसजी टीम अधिकारियों के साथ बैठक करेगी और मंदिर परिसर समेत अन्य स्थलों का जायजा लेगी। आपात हाल से निपटने के लिए एनएसजी की ओर से साजो सामान के साथ मौके पर पहुंचने और हालात पर नियंत्रण का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) भी किया जा सकता है।

राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर शासन की ओर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ प्रदेश की विशेष सुरक्षा बल वाहिनी (एसएसएफ) को लगाया गया है, जबकि समन्वय व श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन में सहयोग के लिए पुलिस और पीएसी तैनात की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के इंटीग्रेटेड प्लान के तहत जिले में एटीएस और एसटीएफ की इकाई स्थापित किए जाने के बाद केंद्र सरकार की ओर से एनएसजी को भी व्यवस्था में सम्मिलित किए जाने की योजना है। केंद्र ने एनएसजी की एक टीम परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य चीजों की जानकारी और भावी योजना आदि में मदद अथवा सुझाव के लिए भेजी है।

# वीडीओ की आईडी से जारी हुए गैर प्रांत के निवासियों के जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)।

- 25 से 30 हजार संदिग्धों के बने जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र
- सीडीओ ने बीडीओ को दिये जांच के निर्देश

**अमृत विचार।** सलोन विकास खण्ड के पाल्हीपुर गांव से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी की लापरवाही से देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया है। ग्राम विकास अधिकारी की सरकारी लॉग इन आईडी को धोखाधड़ी व फर्जी तरीके से हथिया कर एक जन सेवा केंद्र संचालक ने 50 हजार से अधिक लोगो के जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए। बताया जाता है कि इन प्रमाण पत्रो में ज्यादातर अन्य प्रदेशो के निवासियों के प्रमाण पत्र बने है। बुधवार को मामले की जानकारी होने पर विकास विभाग में हडकंप मच गया। पूरे मामले की जांच पडताल के निर्देश अधिकारियों ने दिये है।

वहीं उच्चाधिकारियों के कहने पर ग्राम विकास अधिकारी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित युवक के खिलाफ तहरीर दी है। हालांकि पुलिस ने अभी तक मुकदमा पंजीकृत नही किया है। ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक के समीप स्थित रियाज खान के मकान में किराए का कमरा लेकर रहते थे। जिसमें रखी आलमारी में सरकारी अभिलेख व महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को रखते थे। ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया की मकान मालिक के लड़के मोहम्मद जिशान खान की कस्बे में ही जन सेवा केंद्र व फोटो कॉपी की दुकान है। जहां से वह अपनी सरकारी आईडी से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदनों का सत्यापन और सरकारी कार्यों को निस्तारित किया करते थे।

ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह का आरोप है की जनसेवा केंद्र संचालक जिशान खान ने उनकी सरकारी आईडी व पासवर्ड की धोखे से प्रतिलिपि बना ली थी। आरोपित युवक ग्राम विकास अधिकारी की सरकारी आईडी का गलत तरीके से प्रयोग कर लगभग 25 से 30 हजार संदिग्ध लोगो का फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए। जारी हुए प्रमाण पत्रों में गैर जनपदीय नागरिक और अलग अलग प्रान्त के बताए जा रहे है। जिनको फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने से देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता का खतरा बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक जिनका जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है वो लोग प्रदेश के अलग अलग हिस्सों और गैर प्रान्त में रह रहे है। जिससे देश की सुरक्षा खतरे में है।

### इन गांवों का है चार्ज

- इन ग्राम पंचायतों नुरुद्दीनपुर, लहूरेपुर, गोपालपुर, सिरसिरा, गढ़ी इस्लाम नगर, काजू जलालपुर, सांडा सैदन, औनानीस, माधवपुर निनैया, पृथ्वीपुर सहित पाल्हीपुर गांव की ज़िम्मेदारी ग्राम विकास अधिकारी के पास है।

"मामला जानकारी में है। बीडीओ को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। रिर्पोट आने के बाद जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।"
–अर्पित उपाध्याय, सीडीओ रायबरेली

"विभागीय स्तर पर संबधित अधिकारी जांच कर रहे है, जांच के बाद जो भी तथ्य निकलकर आयेंगे उसके आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।"
–अभिषेक अग्रवाल, एसपी रायबरेली

## बारिश के बाद कोहरे से ढका नैनीताल...



**नैनीताल।** बीते एक सप्ताह से नैनीताल में तेज व लगातार बारिश पर तो विराम लग गया है लेकिन कभी कभी रिमझिम बारिश हो रही है। मानसून ने अपने पहले दौर में तबाही मचाई। बुधवार को भी सुबह से नगर में गुनगुनी धूप खिली रही और शाम पांच बजे अचनाक मौसम ने करवट बदली और रिमझिम बारिश शुरू हुई। वहीं बीते कुछ दिनों से बारिश पर लगे विराम के बाद नगर में एक बार फिर से सैलानियों की आमद बढ़ने लगी है। शनिवार को भी नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने रिमझिम बारिश में भीगते हुए नगर की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार नगर में अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि मानसून के आते ही अगस्त तक के लिए पर्यटन सीजन पर भी विराम लग जाता है। ऐसे में केवल वीकेंड पर आने वाले पर्यटकों पर स्थानीय व्यापारियों की निगाह टिकी रहती है।

# मौलाना का फिर एलान, तय तारीख पर ही कराएंगे हिंदू युवाओं का सामूहिक निकाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कार्यक्रम स्थगन का सहमति पत्र देने वाले राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस समेत तीन पदाधिकारी निलंबित

**अमृत विचार।** हिंदू संगठनों की ओर से भारी विरोध के बीच आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बुधवार को एलान किया कि हिंदू युवाओं के निकाह का कार्यक्रम तय तारीख पर ही होगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर उन्होंने कहा कि अब तक प्रशासन की अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस को कार्यक्रम स्थगित करने का सहमति पत्र राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस समेत तीन पार्टी पदाधिकारियों ने उनकी अनुमति के बगैर दिया था जिन्हें उन्होंने निलंबित कर दिया है।

मौलाना तौकीर ने इससे पहले 23 हिंदू युवाओं का सामूहिक निकाह कराने का एलान किया था। कहा था कि पहले चरण में 21 जुलाई को पांच हिंदू युवाओं का निकाह खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में कराया जाएगा जिसकी अनुमति के लिए प्रशासन के समक्ष आवेदन कर दिया गया है। मौलाना का यह बयान मीडिया में आने के बाद माहौल गरमाया तो मंगलवार को पुलिस ने आईएमसी के कुछ पदाधिकारियों से बातचीत कर ऐसा कोई आयोजन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पर उन्होंने पुलिस को लिखित तौर पर कार्यक्रम स्थगित करने की सहमति दे दी। बुधवार को मौलाना इस प्रकरण में यूटर्न लिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हंगामा होने के बाद मंगलवार रात पुलिस ने उनकी पार्टी के पदाधिकारियों पर दबाव बनाकर झूठा वादा करा लिया। तीन पदाधिकारी कार्यक्रम स्थगित करने का सहमति पत्र दे आए, लेकिन उनका इरादा अब तक उसी तारीख पर सामूहिक निकाह कराने का है जो उन्होंने घोषित की थी। निलंबित पदाधिकारियों में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस खां, मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी और प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी शामिल हैं।

### अनुमति नहीं दी तो प्रशासन को बताना होगा कारण

मौलाना तौकीर ने कहा कि अगर प्रशासन की ओर से सामूहिक निकाह की अनुमति नहीं दी जाती तो उन्हें उससे यह पूछने का हक है कि अनुमति क्यों नहीं दी गई। बाकी लोग जो बिना अनुमति लिए किसी का भी धर्म परिवर्तन कराते हैं, क्या उनके लिए कोई कानून नहीं है। वह दुनिया को बताना चाहते हैं कि हिंदुस्तान में दो कानून चल रहे हैं। एक कानून मुसलमानों का उत्पीड़न करता है और दूसरा गैर मुस्लिमों को खुली छूट देता है।

# मौलाना तौकीर का काम समाज को बांटने वाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- धर्मगुरु होने के नाते नहीं करनी चाहिए माहौल खराब करने की कोशिश : महामंडलेश्वर

**अमृत विचार।** मौलाना तौकीर रजा ने धर्म परिवर्तन कराकर पांच हिन्दू कन्याओं का निकाह कराने का बयान देकर समाज को बांटने की कोशिश की है। उन्हें समझना चाहिए कि वह भी एक धर्मगुरु हैं और धर्मगुरु को ऐसा काम नहीं करना चाहिए कि माहौल खराब हो। मौलाना को रहना भारत में ही है। अगर वह पाकिस्तान भी चले जाएंगे तो वहां भी लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे। महामंडलेश्वर आचार्य कैलाशानंद गिरी ने बुधवार को गांधीनगर के एक मंदिर में बुधवार रात पत्रकारों से यह बात कही।

मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह समारोह के बाद बरेली आए आचार्य ने मौलाना तौकीर को नसीहत देते हुए कहा कि वह सनातन के प्रचारक नहीं बन सकते, लेकिन तो विरोधी भी न बनें। मौलाना ऐसा क्यों करते हैं कि उन्हें देश में रहने का भी संकट पैदा हो। कभी ऐसा बयान साधु-संतों, धर्मगुरु और समाजसेवियों को नहीं देना चाहिए कि माहौल खराब हो। उन्हें एक अधिकारी ने बताया है कि मौलाना ने लिखित में दिया।

### मठों पर भी लग गई हैं लोगों की निगाहें

महामंडलेश्वर ने काशी का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले काशी में साधुओं के बड़े-बड़े भंडारे होते थे, अब वहां साधु नहीं दिखाई पड़ते। कहावत होती थी कि रांड़-सांड़ और सीढ़ी-संन्यासी काशी में ही होते हैं, लेकिन आज वहां उनमें से एक भी नहीं है। काशी के मठों में विधवाएं रह रही हैं लेकिन लोगों की नजर मठों पर भी टिक गई है। यह ठीक नहीं है। बोले, अयोध्या और बद्रीनाथ में प्रत्याशी ठीक न होने के कारण भाजपा वहां हारी।

# बिजली पैदा करेगा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक्सप्रेस-वे पर बीओओ मॉडल पर विकसित होगा बुंदेलखंड सोलर पार्क

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बिजली भी पैदा करेगा और पर्यावरण भी बचाएगा। एक्सप्रेस-वे पर बीओओ मॉडल पर बुंदेलखंड सोलर पार्क विकसित होगा। यहां 450 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन होगा। एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर 25 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि बुंदेलखंड में 2028 तक 36 हजार एकड़ में नोएडा की तर्ज पर नया औद्योगिक शहर बसाने की तैयारी चल रही है। प्रस्तावित योजनाओं को धरातल पर लाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि करीब 1700 हेक्टेयर में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज़ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की देखरेख में इसे बीओओ यानी बिल्ड, ओन एंड ऑपरेट मॉडल पर विकसित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि बीते साल अगस्त में यूपीडा की ओर से कार्य को पूरा करने के लिए प्रस्ताव मांगे गये थे, जिसमें नौ संस्थाओं की ओर से प्रस्तुतीकरण दिया गया था। इनमें से मेसर्स ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट ने इसी साल फरवरी में अपनी विस्तृत रिपोर्ट यूपीडा के अधिकारियों के सामने पेश की थी। इसे हाल ही में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# अयोध्या को मिली राज्य सीनियर खो-खो प्रतियोगिता की जिम्मेदारी

**अयोध्या :** राज्य सीनियर खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी बुधवार को अयोध्या को सौंपी गई है। डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा में उप्र खो-खो संघ के चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दो चरण में आयोजित होगी। दिसंबर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का प्रथम चरण होगा। इसमें सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता अयोध्या में, जूनियर बस्ती में तथा सब जूनियर बरेली में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। प्रदेश संघ की बैठक में खो-खो खेल के विकास व खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने की रणनीति तैयार करने के साथ ही खिलाड़ियों को अवसर उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर खिलाड़ियों के जोड़ने का निर्णय लिया गया।

## यूपीएससी में फर्जीवाड़े की जांच की जाए

**बरेली।** फर्जी दस्तावेजों के जरिए आईएएस बनने वाली पूजा खेड़कर का मामला देश में छाने के बाद यूपीएससी के अभ्यर्थियों में रोष और चिंता का माहौल है। उनके मन में चयन प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कुछ अभ्यर्थियों का आरोप है कि उनकी मेहनत और योग्यता को नजरअंदाज किया जा रहा है। इन सबका कहना है कि इस फर्जीवाड़े की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## सार-संक्षेप



प्रयागराज के लिए रवाना होते साधु-संत। अमृत विचार

### कुंभ मेले की बैठक में शामिल होने के लिए संत रवाना

**अयोध्या।** अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या के साधु-संतों का जत्था मंगलवार को आगामी कुंभ मेले की बैठक के लिए प्रयागराज रवाना हुआ, जिसमें निवाड़ी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्य देवदास और नंद रामदास के साथ पूर्व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के उत्तराधिकारी महंत संजय दास, पुजारी हेमंत दास हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन प्रेमदास के उत्तराधिकारी डॉ. महेश दास, अभिषेक दास, राजेश दास, पहलवान रामकृष्ण दास, पहलवान केशव दास समेत हनुमानगढ़ी के लगभग एक दर्जन से अधिक साधु संत शामिल रहे। महंत संजय दास ने बताया कि 13 अखाड़े की पहली बैठक में शामिल होने के लिए सभी अखाड़ों के साधु संत प्रयागराज पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले को सकुशल संपन्न होने में अखाड़ा परिषद की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है।

### शेयर में मुनाफे के बहाने युवक से 8.5 लाख ठगे

**बरेली।** शेयर में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव से 8 .50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के संजयनगर निवासी गौरव राठौर ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव हैं। अप्रैल में उन्होंने फेसबुक पर शेयर खरीदने पर मोटा मुनाफा होने का विज्ञापन देखा था। कुछ दिन बाद उनके व्हाट्सएप नंबर को जीएफएसएल सिक्योरिटी ऑफिशियल स्टॉक सी-92 के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया। ग्रुप पर कई चैट भेजी गईं, जिनमें लोगों के लाभ और लाभ लेने वाले लोगों के फोटो भेजे गए। विश्वास दिलाया गया कि जीएफएसएल ग्रुप से यदि वह आईपीओ एलॉटमेंट शेयर खरीदते हैं तो काफी लाभ होगा। 18 मई को जीएफएसएल ग्रुप की ओर से एक नए नंबर से एक लिंक भेजा गया। इस लिंक से एक एप डाउनलोड कर लिया। इसके बाद आरोपियों के बताए गए अलग-अलग खातों में आठ लाख 57 हजार 500 रुपये जमा कर दिए। उन्होंने अपने, अपनी पत्नी कोमल, भाई रवि और दोस्त नफीस के खाता से रुपये जमा किए। 23 जून को उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तब उन्होंने साइबर थाने में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### राज्य पुरस्कार को आवेदन करने वाले शिक्षकों की बढ़ी संख्या

**बरेली।** राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों की संख्या बढ़कर अब छह हो गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने एक बार फिर आवेदन की तिथि बढ़ाकर 18 जुलाई की है। आवेदन की पहले अंतिम तिथि 10 जुलाई थी, तब तक जिले में सिर्फ एक शिक्षक ने पुरस्कार के लिए आवेदन किया था। जिले में करीब 11 हजार शिक्षक हैं। कम संख्या में आवेदन होने की वजह से अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई की गई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी ब्लॉकों में कम से कम एक शिक्षक को आवेदन कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश भी जारी किया था। बीएसए के आदेश के बाद से 15 ब्लॉकों से 16 शिक्षकों ने पुरस्कार के लिए आवेदन किया लेकिन इसमें 10 मानकों पर खरे नहीं उतरे।

**अधिवक्ता रहे मौजूद** | बाबा के आश्रम पहुंचते ही सैकड़ों अनुयायियों की लगी भीड़, लगभग एक वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद जन्मभूमि आए बाबा

# हादसे के 15 दिन बाद बहादुरपुर आश्रम पहुंचे भोले बाबा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



बाबा के आश्रम के बाहर हाथ जोड़ कर दर्शन करते अनुयायी। अमृत विचार



बाबा के आश्रम के बाहर लगी अनुयायियों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नारायण विश्व साकार हरि भोले बाबा बुधवार को लगभग एक वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद एवं सिकंद्राराऊ में हुए हादसे के बाद अपनी जन्म भूमि पटियाली के बहादुरपुर स्थित आश्रम पर पहुंचे। उनके साथ उनके अधिवक्ता मौजूद रहे। आश्रम पर अनुयायियों की भीड़ रही। अधिवक्ता के मुताबिक बाबा चिकित्सक की परामर्श पर स्वास्थ्य लाभ के लिए रहेंगे।

वैसे तो नारायण विश्व साकार हरि भोले बाबा की जन्म भूमि और कर्मस्थली कासगंज जनपद की पटियाली तहसील रही है। बहादुरपुर में उनका आश्रम है। सितारा बुलंदी पर पहुंचने के साथ ही बाबा भोले जन्म भूमि से विमुक्त हो गए। लगभग 13 वर्ष पूर्व बाबा पटियाली के बहादुरपुर आश्रम पर प्रवास करते थे। उसके बाद उन्होंने जगह जगह अपने आश्रम बना लिए। 14 वर्षो में 2023 में मात्र एक दिन के लिए बाबा आश्रम आए थे। उसके बाद अब हाथरस के सिकंद्राराऊ में सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से हुए हादसे के 15 दिन बाद अपनी जन्म भूमि स्थित बहादुरपुर के आश्रम पर पहुंचे। बाबा के साथ उनके अधिवक्ता मौजूद रहे। बाबा के पहुंचने की सूचना अनुयायियों तक नहीं थी। उसके बावजूद भी सैकड़ों की संख्या में अनुयायी आश्रम पर जुट गए। उन्होंने बाबा में अपनी आस्था और विश्वास जताया और उनका आशीर्वाद लिया। बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह ने बताया कि नारायण साकार हरि को चिकित्सकों ने आराम करने की सलाह दी है। वह चिकित्सकों की राय पर स्वास्थ्य लाभ लेने के उद्देश्य से आए हुए हैं।

### जो आया है उसे एक दिन जाना ही है : भोले बाबा

**कासगंज।** हाथरस सत्संग में हुई भगदड़ में 121 जान जाने के बाद अब साकार विश्व हरि भोले बाबा का एक और वीडियो सामने आया है। वह कासगंज के पटियाली के गांव बहादुर नगर में आश्रम पर पहुंचे। यहां उन्होंने एक वीडियो जारी किया। इसमें वह कह रहे हैं कि नारायण साकार हरि की संपूर्ण ब्रह्मांड में सदा सदा के लिए जय जयकार हो। दो जुलाई की घटना के बाद से बहुत ही अवसाद से ग्रसित है, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है, जो आया है उसे एक दिन जाना ही है।

### आश्रम पर न पहुंचें अनुयायी, पीड़ितों की करें मदद

- अधिवक्ता एपी सिंह ने बाबा की ओर से अनुयायियों से अपील की है कि वे आश्रम पर बाबा से मिलने न आएं। सिकंद्राराऊ में हुए हादसे में घायलों और मृतक आश्रितों की तनमन धन से मदद करें। बाबा ने जिला समितियों से अपील की है। जिलों के ऐसे लोग जो हादसे में प्रभावित हुए हैं। उनकी हरसंभव मदद करें।

## एक नजर

### ईडी ने वाल्मीकि सहकारी घोटाला में नागेंद्र की पत्नी से पूछताछ की

**बेंगलुरु।** ईडी ने यहां सरकारी स्वामित्व वाले निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले के संबंध में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र की पत्नी मंजुला से बुधवार को पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए मंजुला को तलब किया था। कांग्रेस के विधायक नागेंद्र पहले ही ईडी की हिरासत में हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा कथित अवैध धन हस्तांतरण घोटाला 26 मई को लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी. के आत्महत्या करने व एक नोट छोड़ने के बाद सामने आया था। सुसाइड नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण का खुलासा हुआ था।

### कश्मीर में मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडे, नारे लगाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आठवें मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन के झंडे और नारे लगाने के आरोप में बुधवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का जुलूस में सरासर उल्लंघन किया गया था। यह जुलूस श्रीनगर के मध्य से गुजरा और इसमें मातम मनाने वाले हजारों शिया शामिल हुए थे। जुलूस के दौरान हिजबुल्लाह के झंडे और आपत्तिजनक नारे लगाये गये थे। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा कि कुछ मुद्दे थे जो आठवें मुहर्रम जुलूस के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार उनका पालन नहीं किया गया था।

# केंद्र सरकार के रेड राज से निवेश लगातार हो रहे कम : कांग्रेस

## जयराम बोले- नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घाटी आर्थिक विकास की रफ्तार

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की अस्थिर नीतियों, मित्रवादी पूंजीवाद के बोलबाले और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग के 'रेड राज' के कारण पिछले 10 वर्षों से निवेश कम हो रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारत को नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, बल्कि उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत है।

रमेश ने कहा कि 2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर है। अस्थिर नीतियां, मित्रवादी पूंजीवाद का बोलबाला और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग का रेड राज, इन तीन वजहों से 2014 से निवेश लगातार कम हो रहा है। कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। रमेश ने दावा किया कि भारत में निजी घरेलू निवेश 2014 से सुस्त है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जीडीपी 25-30 प्रतिशत के दायरे में था।

### ध्यान भटकाने की राजनीति बंद करें मोदीः प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मुंबई में नौकरी के लिए एकत्र युवाओं की भीड़ वाले वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान भटकाने की राजनीति बंद कर युवाओं के बारे में सोचना चाहिए। 16 जुलाई को मुंबई हवाईअड्डे पर एअर इंडिया में अलग-अलग पदों के लिए आवेदन देने बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी कुछ दिन पहले मुंबई में कह रहे थे कि हमने करोड़ रोजगार देकर रिकॉर्ड तोड़ डाले। आज उसी मुंबई में कुछ वैकेंसीज के लिए आए बेरोजगारों की अपार भीड़ का वीडियो वायरल है।

# असम : मुठभेड़ में हमार के 3 उग्रवादी मारे गए, कई पुलिसकर्मी भी घायल

सिलचर (असम), एजेंसी

असम के कछार जिले में बुधवार को हुए मुठभेड़ में हमार के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर कहा कि सुबह एक अभियान में कछार जिले की पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके राइफल, एक अन्य राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। गुवाहाटी स्थित असम पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ जवानों के घायल होने की पुष्टि की है।

पुलिस ने मंगलवार रात पूर्वी ढोला गंगानगर से 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे किस संगठन के थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऑटोरिक्शा बरामद किया जिसका इस्तेमाल उग्रवादियों ने किया था। उसमें से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस की एक टीम अन्य उग्रवादियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भबन हिल्स इलाके में लेकर गई। उसी समय मुठभेड़ हुई। एक घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए, जबकि तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए।

### कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। साथ ही एक घायल जवान मोर्चा संभाल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के पखांजूर में पिछले तीन घंटे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में एक उप निरीक्षक समेत दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। वहीं दूसरा घायल जवान अब भी मुठभेड़ में मोर्चा संभाल रहा है। मुठभेड़ के स्थान में बैकअप के लिए टीम रवाना हो गई है। इस पूरी घटना की पुष्टि जवानों के वापसी के बाद ही हो पाएगी।

## कर्ज चुका पाने में असमर्थ कर्जदार ने की मुकेश सहनी के पिता की हत्या

दरभंगा, एजेंसी

- पुलिस ने हत्या के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

बिहार की दरभंगा ज़िला पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के हत्या मामले का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरात गांव में हुई हत्या की घटना का खुलासा किया गया है और एक अभियुक्त इसी तहां क्षेत्र के अफजला टोला, सुपौल बाजार का रहने वाला काजिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेड्डी ने बताया कि काजिम ने जीतन सहनी से ब्याज पर कर्ज लिया था, जिसे न चुका पाने के कारण कर्ज के एवज में गिरवी रखी ज़मीन नहीं छुड़ा पा रह था। इसी क्रम में घटना की रात डेढ़ बजे काजिम और उसके साथियों ने सहनी के घर में प्रवेश किया। अभियुक्तों ने जीतन को डराकर जमीन और कर्ज के कागज़ात मांगने लगा लेकिन सहनी ने गाली देना शुरू कर दिया। इस पर काजिम ने सहनी पर चाकू से वार कर हत्या कर दी और भाग निकला।

## ईडी ने जल जीवन मामले में कथित बिचौलिए को किया गिरफ्तार

**जयपुर।** ईडी ने राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना को लागू करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कथित बिचौलिए संजय बड़ाया से मंगलवार को एजेंसी कार्यालय में पूछताछ की गई थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का उद्देश्य नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है और राजस्थान में इसे राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। एजेंसी इससे पहले तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिनमें गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल, श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन और एक अन्य व्यक्ति पीयूष जैन शामिल हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के पांच छात्र रैगिंग में निलंबित

शिमला, एजेंसी

- 15 दिनों के लिए किए गए निष्कासित 10वीं के छात्रों की पिटाई का आरोप

शिमला जिले के ठियोग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 12वीं कक्षा के करीब 5 छात्रों को रैंगिंग के आरोप में 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया हैं। स्कूल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 13 जुलाई की रात को 5 छात्रों ने एक छात्रवास में दसवीं कक्षा के कुछ छात्रों की इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठजनों के कपड़े धोने से मना कर दिया था।

उन्होंने बताया कि कनिष्ठ छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। बाद में एक पीड़ित छात्र ने अपने अभिभावकों को फोन पर घटना के बारे में बताया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि वरिष्ठ छात्र उसने पैसे भी मांगते थे। जेएनवी ठियोग की प्राचार्य संजीता शौनिक ने कहा कि उन्होंने छात्रवास जाकर छात्रों की लड़ाई रोकी। उन्होंने कहा कि दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, उसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## दिल्ली सरकार पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकारे : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दक्षिणी रिज के आरक्षित वन क्षेत्र में सड़क बनाने के लिए 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण को फटकार लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने पर्यावरण के प्रति संवेदनहीनता दिखाई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह एक स्वीकार्य स्थिति है जैसा कि पेड़ अधिकारी के बयान से पता चलता है कि 422 पेड़ों को काटने के लिए अधिकारी ने कोई अनुमति नहीं दी थी। न्यायालय सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए रिज वन क्षेत्र में 1,100 पेड़ों को काटने के मामले में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते अवमानना कार्यवाही की सुनवाई कर रहा था। पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि दिल्ली सरकार को 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकार करना चाहिए, दिल्ली सरकार को ऐसी अनुमति देने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।

## सोने की चोरी के आरोपों पर मंदिर समिति प्रबंधन और शंकराचार्य के समर्थक आमने-सामने

रूद्रप्रयाग, एजेंसी



- केदारनाथ मंदिर से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब

केदारनाथ मंदिर से सोने की कथित चोरी के आरोपों पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति प्रबंधन और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने चोरी के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आरोप लगाने वालों से मामले की जांच की मांग कराने का अनुरोध किया।

अजय ने आरोपों को षड्यंत्र बताते हुए स्पष्ट किया कि दानदाता ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णजड़ित करने की इच्छा प्रकट की थी। मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव का परीक्षण कर उन्हें इसकी अनुमति दी गई। समिति अधिनियम-1939 में तय प्रावधानों के अनुरूप ही दानदाता से दान लिया गया और विधिवत प्रदेश शासन से अनुमति ली गई।

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के केदारनाथ मंदिर में हुई सोने की चोरी की जांच की मांग के समर्थन में केदारनाथ के तीर्थ पुरोहित आ गए हैं। पुरोहितों ने जारी वीडियो संदेश में कहा कि तीर्थ पुरोहित केदारनाथ धाम में चांदी और सोने की परत लगाने का विरोध करते रहे हैं। केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने आरोप लगाया कि गर्भगृह से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब हैं। आखिर 230 किलो सोना कहां गया। उन्होंने पूर्व में लगी चांदी के बारे में भी समिति से जवाब मांगा है।

## पंजाब में 7 किलो हेरोइन और 5 पिस्तौल के साथ दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर सात किलो हेरोइन और पांच पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर कहा, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने 2 संदिग्धों को गिरफ्तार किया, 7 किलो हेरोइन, 5 पिस्तौल, पांच कारतूस और पांच मैगजीन बरामद की, जिससे तस्करी का नेटवर्क बाधित हुआ।

## फर्जी प्रमाणपत्र पर बर्खास्तगी और हो कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के पूर्व प्रमुख बोले- प्रशिक्षण खर्च और वेतन की होनी चाहिए वसूली

ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर से जुड़े विवाद के बीच लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि जो लोग सिविल सेवाओं में शामिल होने के लिए फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाण पत्र का उपयोग करते पाए जाते हैं, उन्हें न सिर्फ बर्खास्त किया जाना चाहिए, बल्कि उनसे प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली भी की जानी चाहिए।

खेडकर द्वारा अधिकार और विशेषाधिकारों के दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद, सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की भरमार हो गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम, चित्र और अन्य विवरण साझा करते हुए दावा किया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए उपलब्ध लाभों का उपयोग करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया। चोपड़ा ने कहा, यह व्यवस्था में एक गंभीर रोग है। ऐसा करते हुए जो कोई भी पाया जाता है, वह न सिर्फ एक योग्य उम्मीदवार को वंचित करता है, बल्कि जानबूझकर आपराधिक साजिश में शामिल होता है।

### खेडकर के घर के पास अवैध निर्माण हटाया : अधिकारी

**पुणे।** प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के बंगले के पास अवैध निर्माण को हटाया गया है, नगर निकाय ने उन्हें इस के लिए नोटिस दिया था। अधिकारी ने बताया कि हो सकता है खेडकर परिवार ने कथित अतिक्रमण हटा लिया हो, क्योंकि पुणे नगर निगम की दी समय सीमा अभी समाप्त नहीं हुई है। निगम अधिकारियों ने 13 जुलाई को शहर के बानेर रोड इलाके में स्थित बंगले के बाहर नोटिस चिपकाया था।

## कारोबार/कृषि

### कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूंदड़ा 2450-2460 आर. आर.21 2550-2600 गेहूंफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400

**दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़दकाला 8000-9000 मूंग 8000-8200

**दाल (प्रति क्वि.)** अरहरफूल 16400-16500 अरहरस्पेशल 13900-14000 चनादाल 7900-8050 मटरदाल 4500-4600 मसूरमलका 7150-7225 मसूरदाल 7375-7425 उड़ददाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूंगदाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000

**चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02.7000-8000

**आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी 1480-1520

**चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380-1420

**तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9300-10800 बटाली 8600-10100 सेहुआं 4000-4500

**तेल (प्रति क्वि.)** सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000

**रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1570-1569

**खली (प्रति क्वि.)** सरसों 2600-2650 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450

**वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1565-1564 मयूर 1565-1564

**गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौर लडडू 4850-4900 देशीभेली 4650-4700

### सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56800-57000 |

# देश में तेल खली निर्यात 20% बढ़कर 3.35 लाख टन पहुंचा

## डीओसी निर्यात में कमी का कारण सरसों, अरंडी और प्रतिबंध लगना

नई दिल्ली, एजेंसी



- चावल भूसी डीओसी की कीमतों में गिरावट की भी संभावना

सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए।

एसोसिएशन ने कहा कि अप्रैल-जून, 2024 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 12,10,045 टन की तुलना में घटकर 11,02,632 टन रह गया, जिसका मुख्य कारण सरसों डीओसी, अरंडी डीओसी के निर्यात में कमी और निर्यात प्रतिबंध के कारण पिछले साल सितंबर से चावल भूसी डीओसी (डी-ऑइल राइस ब्रान) का निर्यात नहीं होना है। एसईए ने कहा कि चावल भूसी डीओसी की कीमतें अब निचले स्तर पर हैं और इसके नीचे जाने की भी संभावना है। उन्होंने सरकार से 31 जुलाई, 2024 से आगे प्रतिबंध को नहीं बढ़ाने का आग्रह किया।

### बीते साल स्थिर रहा चाय निर्यात

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात कैलेंडर साल 2023 में 23 करोड़ 16.91 लाख किलो पर स्थिर रहा है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 2022 के दौरान चाय का निर्यात 23 करोड़ 10.8 लाख किलो था। प्रमुख बागान मालिक संगठन भारतीय चाय संघ (आईटीए) के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भुगतान समस्याओं के कारण ईरान के बाजार में नुकसान ने चाय के समग्र उठाव को प्रभावित किया है। ईरान द्वारा भारतीय चाय का आयात 2019 के 5.4 करोड़ किलो की तुलना में 2023 में 51.6 लाख किलो गिरा था। रूस को भेजी जाने वाली खेप भी यूक्रेन के साथ संघर्ष से प्रभावित हुई। 2023 में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात 14.1 करोड़ किलो था, जबकि दक्षिण भारत का निर्यात नौ करोड़ 6.9 लाख किलो था।

## यात्री वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव की जरूरत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मानद मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव छाबा ने कहा है कि भारत में यात्री वाहनों पर मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर संरचना पुरानी हो चुकी है। इसे मोटर वाहन उद्योग में हो रहे घटनाक्रमों के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार को मोटर वाहन क्षेत्र पर नीतियां बनाते समय वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, आयात बिल में कमी, सतत आपूर्ति शृंखला और स्वामित्व की कुल लागत के समग्र परिप्रेक्ष्य पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय बजट से पहले हाइब्रिड वाहनों को कर प्रोत्साहन देने पर विचार करने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा मजबूत प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पर ऐसे लाभ के लिए विचार होना चाहिए, जिनमें परंपरागत इंजन से स्वतंत्र बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में चलने की क्षमता हो।

## एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7 प्रतिशत पर रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी




- बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की जताई उम्मीद

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 7% पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 7% किया है। आईएमएफ ने अप्रैल 6.8% रहने का अनुमान लगाया था।

आरबीआई ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को 7 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में 7% की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2% की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2% की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा। विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

## वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां पर लेने वाला कोई नहीं : एफबीएसबी

अहमदाबाद, एजेंसी

- बैंक, बीमा, ब्रोकरेज की कंपनियों को प्रशिक्षितों की जरूरत
- देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या : सीईओ

एफपीएसबी (फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी 5 साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।

उन्होंने कहा कि बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों (सीएफपी) की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं। एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. (एफपीएसबी लिमिटेड) की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है।

## छोटी कंपनियों ने दिया बड़ा रिटर्न, मिडकैप 30% चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- मिड और स्मॉल के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में आई उछाल

देश की आर्थिक बुनियाद तथा घरेलू स्तर पर सुधार के बीच इस साल छोटी कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को अधिक रिटर्न दिया है। बीएसई मिडकैप 16 जुलाई तक 10,984.72 अंक या 29.81% चढ़ा है, जबकि स्मॉलकैप में 11,628.13 अंक या 27.24% का उछाल आया है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि मिड और स्मॉलकैप के शेयरों के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में उछाल है। म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) और प्रत्यक्ष निवेश से इन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू धन का प्रवाह हो रहा है। जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि बड़े शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से वे मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से पीछे रह गए। बीएसई मिडकैप सूचकांक इस साल 16 जुलाई को 48,175.21 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि स्मॉलकैप आठ जुलाई को 54,617.75 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि इस वर्ष मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक के बेहतर प्रदर्शन से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं में क्षेत्र-विशेष में उछाल और उनका निचला मूल्यांकन तथा अर्थव्यवस्था की उच्च वृद्धि क्षमता को दिया जा सकता है।

### एलआईसी ने की कमाई, एसबीआई को भी फायदा

**मुंबई।** बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर एक साल में 79% तक उछल चुका है। पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपये पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ। इसकी तुलना में एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते एक साल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शेयर भी 1,314 रुपये से बढ़कर 1,621.20 रुपये पर पहुंच गया। इसने 23% की बढ़त हासिल की है। बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीम, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है।

## सुमित नागल व ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

**बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी**

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को नॉर्डिया ओपन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है। नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का जर्मनी में हैम्बर्ग ओपन में जैकब श्नाटर और मार्क वॉलनर की जर्मन जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर का मैच गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया है। बोपन्ना और बालाजी पेरिस ओलंपिक के लिए भी जोड़ी बनाएंगे। हैम्बर्ग ओपन में भाग ले रही एक अन्य जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत ने दूसरे दौर का क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।



<< एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।

### विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

## शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक



**ह्यूस्टन।** भारत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइजर को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है।

## अंतिम के कोचों के नाम नहीं, उषा ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पंघाल के कोचों के नाम शामिल न करने पर डब्ल्यूएफआई की तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि समिति ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों को भेजी गई लंबी सूची में पहलवान अंतिम पंघाल के कोचों के नाम नहीं दिए। आईओए की प्रतिक्रिया खेलों के लिए अंतिम के पसंदीदा कोचों को वीजा मंजूरी मिलने में देरी के मद्देनजर आई है।

हिसार में प्रशिक्षण लेने वाली 19 साल की पंघाल पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान थीं। उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में जगह बनाई थी। अंतिम चाहती हैं कि उनके कोच भगत सिंह और विकास तथा फिजियोथेरेपिस्ट हीरा उनके साथ यात्रा करें। उषा ने कहा अंतिम ने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सितंबर 2023 की शुरुआत में ही भारत को ओलंपिक कोटा दिला दिया था। कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति ने अपनी समझदारी से ओलंपिक खेल आयोजन समिति को भेजे गए नामों की लंबी सूची में अंतिम के कोच या फिजियोथेरेपिस्ट का नाम शामिल नहीं करने का फैसला किया। पहलवानों को तीन अगस्त को पेरिस पहुंचना है और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को दो अगस्त को बायोमेट्रिक्स के लिए समय मिला है।

आईओए ने दिसंबर 2023 में अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा को तदर्थ पैनल का प्रमुख नियुक्त किया था जबकि एमएम सोमाया तथा मंजूषा कंवर इसके अन्य सदस्य हैं। आईओए अध्यक्ष ने पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। उषा ने कहा यह अजीब बात है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची को मंजूरी दी थी उन्होंने भगत सिंह या हीरा या विकास को शामिल करने की सिफारिश करना उचित नहीं समझा। कुछ दिन पहले अंतिम के पिता आईओए में आए, उसके बाद ही मैंने मंत्रालय से उन्हें मंजूरी दिलवाई।

इस बीच आईओए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि पंघाल को वीएफएस के पास जाने के बजाय आईओए से हस्तक्षेप के लिए संपर्क करना चाहिए था। अधिकारी ने कहा अगर वह हमारे पास आती तो हम फ्रांसीसी दूतावास से अनुरोध करते और यह आसानी से हो जाता क्योंकि दूतावास बहुत सहायक है। हम हस्तक्षेप करते और समाधान की तलाश करते लेकिन मुझे लगता है उन्हें किसी ने गुमराह किया है। आईओए प्रमुख ने समर्थन के लिए फ्रांसीसी दूतावास की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक : पदकों के सफर को हैं तैयार हम

### 117 भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों की सूची जारी, निशानेबाजी दल के प्रमुख होंगे गगन नारंग, आभा बाहर

PARIS 2024

**ओलंपिक 8 दिन शेष**

**72** अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को दी गई है मंजूरी

**17** सदस्य शामिल हैं एथलेटिक्स के सहयोगी स्टाफ में

**72** सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मिली है मंजूरी

**67** सहयोगी स्टाफ के सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं शामिल

**29** खिलाड़ी सर्वाधिक एथलेटिक्स के हैं जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष

**11** महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी निशानेबाजी दल में हैं शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है।

विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि चोट लगने, डोपिंग उल्लंघन या किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उनका नाम हटाया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।

पत्र में कहा गया है कि खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है। आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं।

मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं। तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी।

एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।



## दक्षिण एशिया के लिए दीपा प्रतिनिधि नियुक्त



- लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एशियाई पैरालंपिक समिति ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। एपीसी के अध्यक्ष माजिद रशीद ने कहा हमारे कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक कदम है, विशेषकर जब डॉक्टर दीपा मलिक के अनुभव, कौशल और जानकारी रखने वाली कोई महिला इसमें शामिल हो। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा। दीपा ने कहा दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है। भारत लंबे समय से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नेतृत्वकर्ता रहा है और अब इस बड़े परिवार में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने का सही समय है।

## मेयर ने सफाई दिखाने के लिए सीन नदी में लगाई डुबकी

**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने महीनों पहले किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए नौ दिन बाद शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक के दौरान तैराकी स्पर्धाओं की मेजबानी के मद्देनजर सीन नदी की स्वच्छता दिखाने के लिए बुधवार को इसमें डुबकी लगाई। वेटसूट पहनकर हिडाल्गो ने अपने कार्यालय सिटी हॉल और नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास नदी में छलांग लगाई। पेरिस 2024 के प्रमुख टोनी एस्टांगुएट और पेरिस क्षेत्र के शीर्ष सरकारी अधिकारी मार्क गिलियूम भी उनके साथ शामिल थे। हिडाल्गो ने नदी से बाहर निकलते हुए कहा पानी बहुत अच्छा है। थोड़ा ठंडा है, लेकिन इतना खराब नहीं है। यह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले नदी की स्वच्छता दिखाने का प्रयास है जिसमें सीन नदी पर नावों पर खिलाड़ियों की परेड भी शामिल है। जून के शुरू में जल गुणवत्ता जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया का असुरक्षित स्तर मिला था जिसके बाद हाल ही में सुधार हुआ। नदी की स्वच्छता के लिए डेढ़ अरब डॉलर का खर्चा किया गया है। जिससे हर दिन नदी के पानी की जांच की जा रही है और हाल में जांच के परिणामों में सुधार दिखा है।

## ओलंपिक में स्वच्छंद होकर खेलें : कपिल

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों के महाकुंभ में स्वच्छंद होकर खेलने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व 117 सदस्यीय दल करेगा और देश को तोक्यो में जीते सात पदकों की संख्या को बेहतर करने की उम्मीद है।



- भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दी सलाह
- ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग का दूसरा सत्र दो से सात सितंबर तक होगा

ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग (टीजीसीएल) के दूसरे सत्र की घोषणा के मौके पर कपिल ने कहा मैं किसी खिलाड़ी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल और अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी को मेरी सलाह होगी कि वे जाएं और खुद को जाहिर करें, स्वच्छंद होकर खेलें। हम क्यों उम्मीद नहीं करेंगे कि हम दोहरे अंक में पदक जीतेंगे। कपिल ने हालांकि भारतीय क्रिकेट और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर पर टिप्पणी करने से परहेज किया। अगर गौतम गंभीर वह पद संभाल रहे हैं तो मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## ओलंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

**एथेंस।** पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।

# बॉलीवुड हलचल

## वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म वॉर 2 में खुफिया एजेंसी के एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म वॉर में ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फैंस इस फिल्म के सेकेंड पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वॉर-2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में मार्च के महीने से शुरू की थी। दोनों ने मई के महीने में वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। वॉर 2 के सेकेंड शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में होगी, जहां एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी। इस शूटिंग में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा भी होंगी। कहा जा रहा है कि कियारा आडवाणी वॉर 2 खुफिया एजेंसी से जुड़े किसी एजेंट की भूमिका निभा सकती हैं।यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

## विक्रम भट्ट की फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज




मुंबई। बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट की आने वाली हॉरर फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी हॉट स्टार और महेश भट्ट प्रस्तुत ब्लडी इश्क में अविका गौड़ और वर्धन पुरी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म 26 जुलाई को डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ब्लडी इश्क के ट्रेलर की शुरुआत एक सुनसान आईलैंड और उस पर बने एक हवेली से होती है। इसके बाद अविका की आवाज सुनाई देती है, जहां वह वर्धन से पूछती हैं कि इस आईलैंड पर और कौन रहता है? वर्धन जवाब देते हैं, कोई नहीं। ट्रेलर के आखिर में इसकी पुष्टि भी हो जाती है। एक लड़की आत्मा अविका से कहती है कि यह भुतहा हवेली है। लेकिन अब सवाल ये है कि ये लड़की कौन है? उसकी आत्मा क्यों भटक रही है? और वह अविका के पीछे क्यों पड़ी है?

### बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे, बीटीएस वीडियो रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे होने पर इस फिल्म का एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो रिलीज किया गया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान 17 जुलाई 2015 को प्रदर्शित हुयी थी। बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर और हर्षाली मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बजरंगी भाईजान के नौ साल के सफर को याद करते हुए मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो रिलीज किया है। यह वीडियो दोस्ती और इस खास फिल्म को बनाने में लगी मेहनत को दर्शाता है। इस वीडियो में हल्के-फुल्के तरीके और मजाक मस्ती के बीच बनी फिल्म की झलकियां देखने को मिल रही हैं।

## श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूजीलैंड का दौरा

**क्राइस्टचर्च।** आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीजन के दौरान छह वनडे और आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी-20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूजीलैंड सिर्फ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

2025-26 सीजन में न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ टी-20 और वनडे सीरीज खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीजन के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेजबानी पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवतः आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

## आईसीसी ने छह देशों को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार के लिए चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

International Cricket Council

- 2023 के वैश्विक विजेताओं में शामिल हैं मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना पार्थसारथी भी शामिल हैं। आईसीसी डेवलपमेंट (विकास) पुरस्कार 2002 में शुरू किये गये थे जो एसोसिएट सदस्य देशों में खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किये गये काम के लिए दिए जाते हैं। मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजनाओं के लिए आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए।

ओमान क्रिकेट को क्रिकेट4हर कार्यक्रम के लिए 100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है। नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में राष्ट्रपति को करेगी नामित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह में डेमोक्रेट्स ऑनलाइन मतदान कराने की कोशिश करेंगे। पार्टी में कुछ लोग बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन पर मैदान से हटने के लिए दबाव डाल रहे हैं। हालांकि दौड़ से हटने के इन लोगों के आह्वान को ठुकरा दिया है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति शुक्रवार को अपनी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी और अगले सप्ताह इन्हें अंतिम रूप देगी।

### अमेरिकी सीनेटर मेनेंडेज भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संघीय अदालत ने डेमोक्रेटिक सीनेटर बॉब मेनेंडेज को मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी करार दिया है। मेनेंडेज पर नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज-बेंज सहित हजारों डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप था। न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि विदेश संबंध समिति के प्रमुख रह सीनेटर ने विदेशी सरकारों की मदद करने के बदले में रिश्वत स्वीकार की।

### इराक में अमेरिकी सेना के हवाईअड्डे पर ड्रोन से हमला

**बगदाद।** इराक के पश्चिमी अनबर प्रांत में अमेरिकी सेना के ऐन अल-असद हवाईअड्डे पर मंगलवार को दो ड्रोन ने हमला किया। इराकी सेना के अधिकारी ने बताया कि ड्रोन ने हवाईअड्डे की परिधि पर हमला किया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इराकी बलों ने अपना अलर्ट स्तर बढ़ा दिया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सिंगापुर में तीन भारतीय नागरिक हिरासत में

**सिंगापुर।** मादक पदार्थ की खेप ले जाने के आरोप में इंडोनेशिया के अधिकारियों ने सिंगापुर के झंडे वाले जहाज पर सवार तीन भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर करीमुन जिले के पोंगकर जलक्षेत्र में लीजेंड एक्वेरियस नामक मालवाहक जहाज को रोका था।

### रूस-यूक्रेन ने युद्धबंदियों की अदला-बदली की

**कीव।** यूक्रेन और रूस ने 95-95 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। तीन सप्ताह पहले भी युद्धबंदियों की अदला-बदली की गई थी। यह बंदी सैनिकों को वापस भेजने के लिए होने वाले समझौतों का हिस्सा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस अदला-बदली की सूचना दी।


### ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज की सूची में तीन भारतीय भी

**लंदन।** राजस्थान के एक और कर्नाटक के दो छात्रों ने चेग. ओआरजी ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2024 के लिए शीर्ष 50 उम्मीदवारों में जगह बनाई है। पुरस्कार स्वरूप एक लाख अमेरिकी डॉलर दिए जाते हैं। इस सूची में बेंगलुरू के बीजीएस नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रज्वल नवीन हलाले, नेशनल पब्लिक स्कूल आरएनआर की दिवा उत्कर्ष और जयपुर के जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल के कविन शर्मा शामिल हैं।

# नेपाल में विश्वास मत पर फैसला रविवार को

काठमांडू, एजेंसी

- नियुक्ति के 30 दिन के भीतर विश्वास मत हासिल करना होगा



नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में संविधान के अनुसार आवश्यक विश्वास मत हासिल करेंगे। ओली (72) ने सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

एक समाचार पोर्टल ने सीपीएन-यूएमएल के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया कि ओली ने रविवार को विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। संविधान के अनुसार ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

ओली के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही घंटों के भीतर तीन अधिवक्ता - दीपक अधिकारी, खगेंद्र प्रसाद चापागेन और शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने नेपाल के उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर करते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती दी।

## थाइलैंड के होटल में मृत मिले लोगों के रक्त में साइनाइड के अंश

**बैंकॉक।** बैंकॉक के एक होटल में संदिग्ध हालात में मृत मिले छह लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने रक्त में साइनाइड के अंश मिलने की बुधवार को पुष्टि की। साइनाइड के सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. कोर्नकियाट वोंगपाइसरनसिन ने कहा कि सिटी स्कैन में शवों पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं जिससे यह अनुमान पुष्ट होता है कि उन्हें जहर दिया गया। बैंकॉक के व्यस्त इलाके में स्थित ग्रैंड हयात इरावन होटल में मंगलवार को छह शव पाए गए थे।

# मॉरीशस के साथ भारत की अटूट प्रतिबद्धता

पोर्ट लुई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा के दौरान शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की
- हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर दोनों देशों के नेताओं ने चर्चा की

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉरीशस के विपक्षी नेता अरविन बूलेल सहित वहां के शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनसे द्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में अपने वर्तमान कार्यकाल में यह उनका पहला दौरा था। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा था यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बूलेल के साथ मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर चर्चा की। जयशंकर ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पॉल बेरेन्जर और नवीन रामगुलाम से भी मुलाकात की।



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस के विपक्ष के नेता अरविन बूलेल से मुलाकात की। • एजेंसी


### आधुनिक चिकित्सा संस्थान का हुआ उद्घाटन

**पोर्ट लुई (मॉरीशस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की वित्तीय सहायता से यहां निर्मित एक आधुनिक चिकित्सा संस्थान का बुधवार को उद्घाटन करते हुए इसे दोनों देशों की मित्रता की नवीनतम अभिव्यक्ति करार दिया। जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। मॉरीशस उन शुरुआती देशों में शामिल है, जहां की यात्रा उन्होंने अपने मौजूदा कार्यकाल में की है। ग्रैंड बोई में चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन करते हुए जयशंकर ने कहा कि इससे 16,000 लोगों को लाभ होगा।

# ट्रंप के खिलाफ सच बोलना जारी रखूंगा

## राष्ट्रपति बाइडेन ने राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का किया आह्वान

लास वेगास, एजेंसी




अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का आह्वान किया। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि ऐसा करने का यह मतलब नहीं है कि हम सच बोलना बंद कर दें।

लास वेगास में एनएएसीपी सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि देश में राजनीतिक हिंसा से निपटने का मतलब हर तरह के खूनखराबे पर लगाम लगाना, पुलिस की क्रूरता का बेहतर मुकाबला करना और ट्रंप पर बीते सप्ताहांत हुए हमले में इस्तेमाल एआर-स्टाइल राइफल जैसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाना होना चाहिए। देश में एक महत्वपूर्ण चर्चा का समय आ गया है। हमारा राजनीतिक परिदृश्य बहुत गरमा गया है। और चार साल के नारों के बीच उन्होंने कहा सिर्फ इसलिए कि हमें अपनी राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करनी चाहिए, क्योंकि यह हिंसा से संबंधित है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सच बोलना बंद कर देना चाहिए। सम्मेलन में राष्ट्रपति अश्वेत मतदाताओं के लिए अपने प्रशासन के समर्थन को प्रदर्शित करते नजर आए, जो डेमोक्रेटिक पार्टी का बड़ा वोट बैंक होने के साथ ही उनके दृढ़ समर्थक भी माने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के पद पर ट्रंप के कार्यकाल को अश्वेत अमेरिकियों के लिए नर्क करार दिया। बाइडेन ने कोरोना वायरस महामारी के कुप्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान बढ़ी बेरोजगारी और अश्वेत इतिहास को मिटाने के कथित प्रयासों को लेकर भी ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा।

### ट्रंप के साथ भारतवंशी रामास्वामी-निक्की हेली

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के बाद उन्हें अपने विरोधी रहे नेताओं का भी साथ मिलने लगा है। निक्की हेली, विवेक रामास्वामी जैसे भारतवंशी नेताओं के अलावा फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसेंटिस ने बुधवार को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में संबोधित किया।

### बीमारी पर पद की दौड़ से हो सकते हैं बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेट्स के बीच पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पद छोड़ने की बढ़ती मांग के परिप्रेक्ष्य में जो बाइडेन ने हाल ही में एकमात्र ऐसी बात का खुलासा किया है जो उन्हें 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर देगी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार डेमोक्रेट्स ने 81 वर्षीय बाइडेन से जून में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस में उनकी आलोचना को लेकर किए गए प्रदर्शन के मद्देनजर राष्ट्रपति पद की दौड़ छोड़ने का आग्रह किया है। बाइडेन ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है और उन अफवाहों को खारिज कर दिया है कि वह अगले राष्ट्रपति के पद के लिए अयोग्य हो सकते हैं।

### बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में खो रहे समर्थन

**वाशिंगटन।** निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में समर्थन खो रहे हैं। इन राज्यों के लोग नवंबर के चुनावों से पहले धीरे-धीरे अपने पूर्ववर्ती और प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की ओर रुख कर रहे हैं। सीएनएन ने बुधवार को पोल डेटा का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। ब्लूलैब्स पोलस्टर द्वारा आयोजित, अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा वित्त पोषित और सीएनएन द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन में बाइडेन से आगे निकल रहे हैं, जिसे मौजूदा राष्ट्रपति 2020 के चुनाव में अपने पक्ष में करने में कामयाब रहे थे।

## ट्रंप की हत्या की साजिश में संलिप्तता से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को खारिज किया लेकिन साथ ही एक प्रतिष्ठित जनरल की 2020 में की गई हत्या के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का संकल्प जताया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नसीर कनानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक गणराज्य शहीद जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के अपराध में ट्रंप की सीधी भूमिका के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सुलेमानी, ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर कुद्स फोर्स के कमांडर थे और जनवरी 2020 में बगदाद में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए थे। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि शनिवार को पेनसिल्वेनिया में हुई रैली से कुछ दिनों पहले ईरान से ट्रंप की जान को खतरे के कारण उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी लेकिन इसका रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या की कोशिश से कोई संबंध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सैयद इरावनी ने मंगलवार को आरोपों को निराधार बताया था।

# संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भिड़े रूस-अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी




- रूस की वैश्विक सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक को अमेरिका ने बताया पाखंड
- रूस ने पश्चिमी देशों को बताया अमेरिकी बंधक

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर पश्चिमी देशों को हथियार का डर दिखाकर अपने पाले में रखने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालने का मंगलवार को आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने इसे रूस का पाखंड करार देते हुए कहा कि अपने पड़ोसी यूक्रेन पर हमला करने वाला देश वैश्विक सहयोग की बात कर रहा है। यह आरोप-प्रत्यारोप इस महीने रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। इसका विषय था अधिक न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और टिकाऊ विश्व व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय सहयोग।

रूस के विदेश मंत्री लावरोव बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मास्को से संयुक्त राष्ट्र आए। बैठक से ठीक पहले, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्जी किस्लित्स्या ने अमेरिका समेत करीब 50 देशों की ओर से एक बयान पढ़ा। संयुक्त बयान में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के रूस द्वारा घोर उल्लंघन और उसके द्वारा बहुपक्षीय व्यवस्था के संरक्षक के रूप में खुद को प्रस्तुत करने के कुटिल प्रयास से विचलित नहीं होना चाहिए।


देशों ने यूक्रेन के विरुद्ध रूस की कार्रवाई, संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए रूस को उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य सहायता देने तथा संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के प्रभावी रहने के दौरान ईरान की ओर से नियमों के उल्लंघनों की निंदा की। बयान में कहा गया रूस की निरंतर अवैध कार्रवाइयां और घोर पाखंड बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को कमजोर करते हैं और क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाते हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

## हसीना ने छात्रों की मौत पर खेद जताया, आज देशव्यापी बंद

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के प्रावधान में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के जवाब में गुरुवार को देशव्यापी बंद का आह्वान किया है। देशभर में छात्रों के इन प्रदर्शनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में चार छात्रों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है। आंदोलन के एक प्रमुख समन्वयक आसिफ महमूद ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर पोस्ट में कहा कि गुरुवार को अस्पताल और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे और केवल एम्बुलेंस सेवाओं को ही संचालित करने की अनुमति होगी। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में लोगों के मारे जाने पर गहरा खेद जताया।

# स्थानांतरित होंगे स्पेसएक्स और एक्स के मुख्यालय

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी



उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि वह स्पेसएक्स तथा सोशल मीडिया मंच एक्स का मुख्यालय कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर रहे हैं। एक्स पर मस्क ने लिखा कि वह स्पेसएक्स को कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को से ऑस्टिन स्थानांतरित किया जाएगा।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने सोमवार को एक नए कानून पर हस्ताक्षर किए जिसके बाद मस्क ने यह फैसला किया है। यह नया कानून जिला स्कूलों के कर्मचारियों को बच्चों की लैंगिक पहचान बदलने के बारे में उनके माता-पिता को जानकारी देने की आवश्यकता पर रोक लगाता है। मस्क ने लिखा मैंने करीब एक वर्ष पहले गवर्नर न्यूसम को स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार के कानून कंपनियों तथा परिवारों को अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कैलिफोर्निया छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे।

### व्हाट्सएप हेतु स्पीड डायल जैसी सुविधा की घोषणा

**वाशिंगटन।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में व्हाट्सएप के लिए एक नई सुविधा का अनावरण किया जो स्पीड डायल की तरह काम करता है और उपयोगकर्ताओं को अपने संचार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## कोविड टीकों से जुड़े समझौतों की नहीं दी पर्याप्त जानकारी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ की सामान्य अदालत ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय आयोग ने जनता को दवा कंपनियों से कोविड-19 रोधी टीकों की खरीदारी के संबंध में हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। यह फैसला यूरोपीय संसद में होने वाले एक महत्वपूर्ण मतदान से एक दिन पहले आया है, जिसमें यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन एक बार फिर इस पद पर निर्वाचित होने की उम्मीद कर रही हैं। ईयू के सांसदों के एक समूह ने कोरोना काल में दवा कंपनियों और यूरोपीय आयोग के बीच कोविड-19 रोधी टीकों की खरीद को लेकर हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी देने से आयोग के इनकार के बाद अदालत का रुख किया था। महामारी ने ईयू और बड़ी दवा कंपनियों के बीच टीकों की खरीदारी को लेकर होने वाली बातचीत में पारदर्शिता के मुद्दे पर प्रकाश डाला है।

# महाराजा के अभिभाषण से संसद शुरू

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव के कुछ दिन बाद, बुधवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने संसद को संबोधित किया और आगामी वर्ष के लिए लेबर पार्टी की नयी सरकार की विधायी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। नई सरकार के संसदीय एजेंडे को निर्धारिते करने वाले अभिभाषण में करीब 40 विधेयकों और अन्य नीतिगत प्राथमिकताओं का जिक्र था जिन्हें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर लागू करना चाहते हैं।

अभिभाषण के मुख्य आकर्षण आर्थिक विकास, गृह निर्माण और रेलवे के राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दे रहे। इसके साथ ही इसमें देश में धन का सृजन और कामकाजी लोगों के जीवन स्तर में सुधार पर जोर दिया गया है। सरकार द्वारा तैयार भाषण को पढ़ते हुए 75 वर्षीय महाराजा ने कहा मेरी सरकार का विधायी कार्यक्रम मिशन-आधारित होगा और सुरक्षा, निष्पक्षता और सभी के लिए अवसर के सिद्धांतों पर आधारित होगा। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा आर्थिक विकास सुरक्षित करना बुनियादी मिशन होगा।



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संसद के राजकीय उद्घाटन पर अभिभाषण से पहले राजा चार्ल्स ||| और रानी कैमिला अपने सिंहासन पर बैठते हुए।

### कई दिनों तक होगी चर्चा

नए संसदीय सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। दोनों सदनों- कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स - में अभिभाषण पर कई दिनों तक चर्चा होगी और उसके बाद मतदान कराया जाएगा। सरकार का जोर देश के हर हिस्से को बेहतर बनाने में मदद करने पर है।

### प्रीति बन सकती हैं नेता

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल (52) संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष के नेता के रूप में कंजर्वेटिव पार्टी में दावा पेश कर सकती हैं। सुनक इस्तीफे के बाद संसद के राजकीय उद्घाटन समारोह में अंतरिम विपक्षी नेता के रूप में शामिल होंगे।

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों पर कार्रवाई की सिफारिश

पुणे, एजेंसी

**पोर्श कार हादसा**

- नाबालिग को जमानत देने के मामले में प्रक्रियागत खामी को लेकर कार्रवाई की तैयारी

चर्चित पोर्श कार हादसे के आरोपी नाबालिग को जमानत देने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित समिति ने प्रक्रियागत खामी को लेकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई को कथित तौर पर शराब पीकर तेज रफ्तार से लग्जरी पोर्श कार चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। जेजेबी सदस्य एलएन दानवडे द्वारा 300 शब्दों में सड़क सुरक्षा पर आलेख लिखने सहित मामूली शर्तों पर आरोपी को जमानत दिए जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर हंगामा शुरू हो गया था।

इसके बाद महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने आरोपी नाबालिग को जमानत देने वाले जेजेबी के दो सदस्यों के आचरण की जांच करने के लिए समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियों, कदाचार और नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। डब्ल्यूसीडी द्वारा गठित समिति ने जांच के तहत जेजेबी के दोनों सदस्यों के बयान को भी दर्ज किया।

**खगोल विज्ञान** | दिलचस्प सुपर-अर्थ दुनिया में जीवन बसाने की है उम्मीद

# ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक ऐसी दुनिया का पता चला है, जो बर्फ से घिरे अकूत पानी के सागर से लबालब है। हूबहू पृथ्वी जैसे सागरों की मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है।

एक अदद जीवनयोग्य धरती की तलाश में खगोलविद संघर्षरत हैं और उनका संघर्ष किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की आस का ढांढस बंधाती है। पिछले करीब तीन दशक के अंतराल में पांच हजार से अधिक बाहरी ग्रहों पता लगाने में खगोलविद सफल रहे हैं। जिनमें से कई पर जीवन बसाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, लेकिन इस दिशा में लंबा समय लगना है। जिसमें दशकों ही नही बल्कि सदी भी लग सकती है।



पृथ्वी के साथ सुपर अर्थ ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

मगर जरूरी है कि अभी से प्रयास किए जाएं और यही हमारा वैज्ञानिक वर्ग कर भी रहा है। अब जो दुनिया मिली है, उसका नाम एलएचएस 1140 बी दिया है। यह ग्रह हमसे लगभग 48 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी की तरह अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ग्रह एक सुपर अर्थ महासागरीय दुनिया है। संभवतः बर्फ से घिरि हुई है या फिर बर्फ से ढकी भी हो सकती है। तरल जल इस धरती पर जीवन की संभावना को प्रबल बल देता है। अभी तक के अध्ययन से पता चलता है कि यह एक्सोप्लैनेट रहने योग्य क्षेत्र में है। यह सम्भवना भी जताई जा रही है कि यह बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा या शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान हो सकता है। बहरहाल आगे के अवलोकन करने के बाद इसकी वास्तविकता का सही पता चलेगा। माना जा रहा है कि यह हमारे सौर मंडल के बाहर पाया जाने वाला पहला संभावित रहने योग्य समुद्री संसार वाला ग्रह होगा।

### एलएचएस 1140 बी खोज

मॉन्ट्रियल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और अन्य अंतरिक्ष आधारित दूरबीनों के सहयोग से एलएचएस 1140 बी खोज हुई है। इसका वातावरण पृथ्वी की तरह नाइट्रोजनयुक्त है। साथ ही हाइड्रोजन भी है। 10 जुलाई को द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया गया है।

# गरीब देशों को वित्तीय मदद की सख्त जरूरत

बाकू (अजरबैजान), एजेंसी




- संरा जलवायु वार्ता प्रमुख ने कहा समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही धरती

अजरबैजान में नवंबर में होने वाली जलवायु वार्ता के लिए मनोनीत अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने बुधवार को विश्व नेताओं से कहा कि गरीब और आपदाग्रस्त देशों के लिए एक नया वित्तीय सहायता पैकेज बहुत जरूरी है।

अजरबैजान के पारिस्थितिकी मंत्री मुख्ता बाबायेव ने कहा अगर समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही हमारी धरती। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष जलवायु अधिकारी सिमोन स्टील ने ग्रेनेडा में तूफान से ध्वस्त अपने गृहनगर कैरियाकौ में बढ़ते अनियंत्रित जलवायु नरसंहार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की एक भावुक अपील की। विश्व नेताओं को लिखे पत्र में बाबायेव ने कहा कि अमीर से गरीब देशों के लिए जलवायु वित्तीय सहायता का नया अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने लिखा कि किसी प्रकार के नए वित्तीय समझौते के लिए जमीनी काम करने के वास्ते जर्मनी में जून में हुई बैठकों में आवश्यक प्रगति नहीं हुई।